■ उत्तर प्रदेश शासन द्वारा विज्ञापन मान्यता प्राप्त राष्ट्रीय हिन्दी साप्ताहिक समाचार पत्र

सच का साथी...

# बी पी एस न्यूज

www.bpsnews.in

(वर्ष-8 अंक - 10)
पृष्ठ 8 मूल्य 2/रुपया

सोमवार 10 अप्रैल ,2023



▶ कोरोनो को लेकर पूरी तरह तैयार प्रदेश सरकारः पाठक

▶ ताजमहल गिरा दो! दूंगा डेढ़ साल का अपना वेतनः बीजेपी विधायक

▶ मेरी फिल्में नहीं पसंद हैं तो मत देखिएः आलिया

## न्यूज संक्षिप्त

### माफिया अतीक अहमद और उसके बेटे पर कसेगा शिकंजा

लखनऊ। लखनऊ के कारोबारी मोहित जायसवाल का देवरिया जेल ले जाकर अपहरण और रंगदारी मामले में माफ़िया अतीक और उसके बेटे उमर पर आरोप तय हो गए हैं। उमर पर संगीन धाराओं में आरोप तय किए गए हैं। इस पर अभी अतीक और उसके बेटे की कोई प्रतिक्रिया नहीं आई है। अतीक की पेशी वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिए हुई। कोर्ट में पेशी के दौरान अतीक के बेटे ने कहा कि उनके घर की महिलाओं को फंसाया जा रहा है।

### आईपीएल मैचों पर सट्टा लगाने के आरोप में नौ गिरफ़्तार

पुणे। पुणे पुलिस ने सट्टेबाजी के एक गिरोह का भंडाफोड़ करते हुए इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) के मैचों पर सट्टा लगाने के आरोप में नौ लोगों को गिरफ़्तार किया। एक अधिकारी ने रविवार को यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि गुप्त सूचना के आधार पर अपराध शाखा ने शनिवार को कोंढवा इलाके में छापेमारी की, जहां नौ लोगों को आईपीएल मैचों पर सट्टा लगाते हुए पाया गया।अधिकारी ने कहा कि पुलिस ने आरोपियों के पास से 18 मोबाइल फोन, तीन लैपटॉप, एक कंप्यूटर और 92,000 रुपये नकद जब्त किए हैं। उन्होंने कहा कि अपराध शाखा को मुंबई इंडियंस और चेन्नई सुपर किंग्स के बीच आईपीएल क्रिकेट मैच के दौरान चल रहे जुए के अड्डे के बारे में सूचना मिली थी। अधिकारी ने कहा कि बंबई जुआ रोकथाम अधिनियम के प्रासंगिक प्रावधानों के तहत कोंढवा पुलिस स्टेशन में मामला दर्ज किया गया है।

### भारत में 2022 में बाघों की आबादी 3,167 थी : प्रधानमंत्री मोदी

मैसुरु। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने रविवार को मैसुरु में बाघों की आबादी को लेकर नवीनतम आंकड़ा जारी किया और बताया कि 2022 में भारत में बाघों की संख्या 3,167 थी। आंकड़ों के अनुसार, देश में 2006 में बाघों की आबादी 1411, 2010 में 1706, 2014 में 2226, 2018 में 2967 और 2022 में 3167 थी। 'प्रोजेक्ट टाइगर% के 50 साल पूरे होने के अवसर पर आयोजित एक कार्यक्रम के उद्घाटन सत्र में प्रधानमंत्री ने 'इंटरनेशन बिग कैट अलायंस% (आईबीसीए) की शुरुआत भी की। आईबीसीए का उद्देश्य बाघ और शेर समेत दुनिया की 'बिग कैट परिवार की सात प्रमुख प्रजातियों की रक्षा एवं संरक्षण करना है। मोदी ने 'अमृत काल का टाइगर विजन नाम की एक पुस्तिका का विमोचन भी किया, जो अगले 25 वर्षों में देश में बाघों के संरक्षण के लिए दृष्टिकोण पेश करती है।

## संयुक्त विपक्ष को आडानी ग्रुप की कंपनियों की जांच आवश्यक लग रही है :संजय राउत



मुंबई। शिवसेना (उद्धव बाला साहेब ठाकरे) के नेता संजय राउत ने रविवार को कहा कि 'संयुक्त विपक्ष' को लगता है कि अडाणी समूह की कंपनियों की जांच आवश्यक है और उनकी पार्टी इस मांग का समर्थन करती है। पत्रकारों से बातचीत में राउत ने कहा कि वह जांच की प्रकृति को लेकर कांग्रेस और राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (राकांपा) के मतभेदों के बीच में नहीं फंसना चाहते हैं। उन्होंने कहा, ''संयुक्त विपक्ष को लगता है कि अडाणी की कंपनियों की जांच जरूरी है और शिवसेना (यूबीटी) इसका (विपक्ष का) हिस्सा है।'' राज्यसभा सदस्य ने कहा कि उच्चतम न्यायालय की निगरानी में जांच और संयुक्त संसदीय समिति द्वारा जांच साथ-साथ भी हो सकती है। राउत ने कहा कि उद्योगपतियों का समर्थन किया जाना चाहिए, लेकिन उन्हें ''भ्रष्ट'' नहीं होना चाहिए।गौरतलब है कि राकांपा प्रमुख शरद पवार ने एनडीटीवी के साथ साक्षात्कार में शुक्रवार को कहा था कि अमेरिकी फर्म हिंडनबर्ग रिसर्च द्वारा शेयर के दाम के साथ छेड़छाड़ करने का आरोप अडाणी समूह पर लगने के बाद उच्चतम न्यायालय द्वारा नियुक्त जांच समिति द्वारा पड़ताल ज्यादा उपयोगी सिद्ध होगी। पवार ने कहा था कि जेपीसी में सत्ताधारी पार्टी (भाजपा) का बहुमत होगा। गौरतलब है कि महाराष्ट्र में राकांपा, कांग्रेस और शिवसेना (यूबीटी) के साथ गठबंधन में है। राउत ने कहा, ''पवार ने अडाणी के खिलाफ जांच का विरोध नहीं किया है। मुद्दा सिर्फ यह है कि जांच जेपीसी की होनी चाहिए या उच्चतम न्यायालय की निगरानी वाली।''महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे पर निशाना साधते हुए राउत ने दावा किया कि मुख्यमंत्री और उद्धव ठाकरे के खिलाफ बगावत करने वाले शिवसेना के अन्य नेता पृथ्वीराज चव्हाण (कांग्रेस नेता) के मुख्यमंत्री रहते हुए भी ऐसा करने की योजना बना रहे थे। उन्होंने दावा किया, ''इन लोगों ने दिल्ली में (कांग्रेस नेता) अहमद पटेल से मुलाकात की थी।'' चव्हाण नवंबर 2010 से सितंबर 2014 तक महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री थे। राउत ने कहा कि शरद पवार को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी नीत सरकार द्वारा विपक्ष के नेताओं को निशाना बनाए जाने पर रुख स्पष्ट करना चाहिए। राउत ने दावा किया, ''(गौतम) अडाणी को इसलिए निशाना बनाया गया है क्योंकि वह मोदी के बहुत करीब हैं और प्रधानमंत्री के करीबी होने के कारण उनके धन में वृद्धि हुई है।''मुख्यमंत्री शिंदे की उत्तर प्रदेश में अयोध्या यात्रा के संबंध में सवाल करने पर राउत ने दावा किया कि महाराष्ट्र सरकार ने राज्य के किसानों को अधर में लटका छोड़ दिया है और उसके नेता ''धार्मिक पर्यटन' पर हैं। शिवसेना (यूबीटी) नेता ने कहा कि पिछले 72 घंटों में राज्य के विभिन्न हिस्सों में बेमौसम की बारिश और ओलावृष्टि से फसलें बर्बाद हुई हैं। उन्होंने दावा किया कि सरकार ने कहा था कि वह बजट सत्र के बाद किसानों को राहत देगी। राउत ने कहा, ''यह सरकार अयोध्या को लेकर राजनीति में उलझी हुई है। बुराई का विरोध करने वाले भगवान राम, उनका साथ कभी नहीं देंगे। मैं बस आशा करता हूं कि भगवान उन्हें सदबुद्धि देंगे।

## पान मसाले पर जीएसटी उपकर अब खुदरा बिक्री मूल्य के आधार पर लगेगा

नयी दिल्ली। सरकार ने पान मसाला एवं तंबाकू उत्पाद विनिर्माताओं पर एक अप्रैल से प्रभावी खुदरा बिक्री मूल्य पर आधारित जीएसटी उपकर को निर्धारित कर दिया है। पान मसाला एवं तंबाकू उत्पादों पर पहले 28 प्रतिशत की दर से लगने वाले माल एवं सेवा कर (जीएसटी) के अलावा उसपर मूल्य के अनुपात में उपकर लगता था। लेकिन अब इस व्यवस्था में बदलाव कर दिया गया है। वित्त मंत्रालय की तरफ से जारी अधिसूचना के मुताबिक, जीएसटी उपकर के तौर पर पान मसाला पाउच के खुदरा बिक्री मूल्य (आरएसपी) का 0.32 गुना वसूला जाएगा। नई दरें एक अप्रैल, 2023 की तारीख से लागू हो गई हैं। तंबाकू गुटखा वाले पान मसाला पर जीएसटी उपकर आरएसपी का 0.61 गुना लगेगा जबकि सिगरेट एवं पाइप वाली तंबाकू सामग्री के लिए यह दर 0.69 गुना है।तंबाकू चबाना, फिल्टर वाली खैनी और जर्दा पर आरएसपी का 0.56 गुना उपकर लगेगा जबकि हुक्का एवं ब्रांडेड कच्चे तंबाकू के लिए यह दर 0.36 गुना है। खुदरा बिक्री मूल्य के आधार पर जीएसटी उपकर लगाने से तंबाकू विनिर्माताओं को अब पान मसाला एवं तंबाकू उत्पादों के कारखाने से बाहर निकलते समय अंतिम खुदरा मूल्य पर उपकर चुकाना होगा। इससे कर चोरी को रोकने में मदद मिलेगी क्योंकि उपकर को कारखाना के स्तर पर ही वसूल लिया जाएगा। एएमआरजी एंड एसोसिएट्स के वरिष्ठ साझेदार रजत मोहन ने कहा कि आरएसपी-आधारित उपकर व्यवस्था अपनाने से सरकार को राजस्व का अधिक टिकाऊ जरिया मिल सकता है। उन्होंने कहा कि विनिर्माता के स्तर पर कर इकट्ठा होने से पान मसाला उद्योग में कर चोरी को कम किया जा सकता है।

## सचिन पायलट अशोक गहलोत के विरोध में उतरे, कहा भ्रष्टाचार के खिलाफ करेंगे एक दिवसीय अनशन



राजस्थान के पूर्व उपमुख्यमंत्री सचिन पायलट 11 अप्रैल को ज्योतिबा फुले की जयंती के मौके पर एक दिवसीय अनशन करेंगे। इस दौरान जयपुर के शहीद स्मारक पर सचिन पायलट अनशन पर बैठेंगे। इस अनशन करने के ऐलान से सचिन पायलट ने साफ कर दिया है कि उन्होंने राजस्थान में अपनी ही सरकार के मुख्यमंत्री अशोक गहलोत के खिलाफ मोर्चा खोल दिया है।कांग्रेस विधायक सचिन पायलट का कहना है कि राज्य में भ्रष्टाचार व्याप्त है जिसके खिलाफ कार्रवाई नहीं हो रही है। ऐसे में मुख्यमंत्री अशोक गहलोत को घेरने के लिए सचिन पायलट ने ये कदम उठाने का फैसला किया है। उन्होंने कहा कि विपक्ष में रहने के दौरान जो भी घोटाले हुए हैं उन्हें अशोक गहलोत ने दबा दिया है। पायलट ने आरोप लगाया कि अशोक गहलोत ने पूर्व मुख्यमंत्री वसुंधरा राजे के साथ सांठगांठ की है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस पार्टी ने विधानसभा चुनावों में जनता से वादा किया था कि भ्रष्टाचार के मामलों की जांच की जाएगी। मगर सत्ता में आने के बाद अपने वादों को अशोक गहलोत ने पूरा नहीं किया और भ्रष्टाचार के सभी मामलों को दबा दिया। हमारी सरकार ने भ्रष्टाचार मिटाने का वादा किया था मगर उस स्तर पर कोई काम नहीं हुआ है। ऐसे में आगामी 11 अप्रैल को शहीद स्मारक पर एक दिवसीय अनशन करने का फैसला किया है। उन्होंने कहा कि इस अनशन के जरिए उन बातों पर सरकार का ध्यान आकर्षित किया जाएगा जिन पर अब तक काम नहीं हुआ है। बता दें कि सचिन पायलट ने अशोक गहलोत को दो चिट्ठियां भी लिखी है। इन चिट्ठियों में उन्होंने कहा कि आपने जो आरोप लगाए थे उनकी जांच करवाई जानी चाहिए। हालांकि ऐसा कुछ नहीं हो सका है। उन्होंने कहा कि विपक्ष में रहते हुए हमने काफी संघर्ष किया है। इसके बाद ही हम सत्ता में आए है। हमारी विश्वसनीयता तब साबित होगी जब हम अपने द्वारा लगाए गए आरोपों को सिद्ध कर देंगे।

## चुनाव हारने के बाद बंगाल की जनता को रौंद रही केंद्र सरकारः अभिषेक बनर्जी



अलीपुरद्वार। केंद्र सरकार बंगाल में चुनाव हारने के बाद बंगाल की जनता को रौंदने की कोशिश कर रही है। केंद्र सरकार ने मनरेगा का पैसा रोक रखा है। अगले महीने के मध्य में तृणमूल कार्यकर्ता बूथों पर जाकर उन लोगों की सूची बनाएंगे जिन्हें 100 दिन के काम के लिए पैसा नहीं मिला है।और प्रधानमंत्री को संबोधित एक पत्र तैयार करें जिसमें सभी के हस्ताक्षर हों। अगले महीने में एक करोड़ चिट्ठियां बनाओ और हम उन एक करोड़ चिट्ठियों को लेकर दिल्ली जाएंगे।अभिषेक बनर्जी ने शनिवार को अलीपुरद्वार के बाबुरहाट में एक जनसभा में शामिल होने के दौरान यह बात कही।अभिषेक ने चाय मजदूरों के लिए खुशखबरी दी उन्होंने कहा कि अगले एक हफ्ते में चाय मजदूरों के वेतन में बढ़ोतरी की जाएगी। और कितनी बढ़ोतरी होगी यह तय करने के लिए त्रिपक्षीय बैठक हो रही है। साथ ही पीएफ की समस्या के समाधान के लिए चाय कर्मियों को जलपाईगुड़ी के पीएफ कार्यालय में मांग पत्र सौंपने की बात कही।यदि समस्या का समाधान नहीं हुआ तो दो माह बाद पचास हजार लोग पीएफ कार्यालय का घेराव करेंगे और वे स्वयं डटे रहेंगे। अभिषेक बनर्जी ने कहा कि तृणमूल कांग्रेस का उम्मीदवार आगामी पंचायत चुनाव में जनता का उम्मीदवार होगा। उन्होंने कहा कि किसी नेता के कहने पर कोई प्रत्याशी नहीं बनेगा, जनता जिसे चाहेगी वह प्रत्याशी होगा।

## परिवहन मंत्री दयाशंकर के बाद अब राजा भैया दे सकते हैं पत्नी भानवी को तलाक, साकेत कोर्ट में दी अर्जी



लखनऊ। परिवहन मंत्री दयाशंकर सिंह और उनकी पत्नी पूर्व राज्यमंत्री स्वाति सिंह के तलाक के बाद अब जनसत्ता दल लोकतांत्रिक के अध्यक्ष एवं कुंडा के विधायक रघुराज प्रताप सिंह उर्फ राजा भैया और उनकी पत्नी भानवी कुमारी के बीच तलाक की चर्चाएं शुरू हो गई हैं।

बताया जा रहा है कि राजा भैया ने पत्नी से तलाक लेने को लेकर दिल्ली के साकेत पारिवारिक न्यायालय में अर्जी भी दे दी है। वहीं यह भी बताया जा रहा है कि यह अर्जी करीब दो साल पहले ही दी गई थी। सूत्रों का कहना है कि दोनों के बीच पिछले कई दिनों से अनबन चल रही है।बता दें कि हाल में ही भानवी कुमारी द्वारा राजा भैया के करीबी अक्षय प्रताप सिंह के खिलाफ धोखाधड़ी की एफआईआर कराने पर पति और पत्नी के बीच अनबन होने का मामला पहली बार सामने आया था। अब राजा भैया द्वारा कोर्ट में तलाक लेने की अर्जी देने की चर्चा जोरों पर है। यह भी कहा जा रहा है कि राजा भैया द्वारा कोर्ट में दाखिल तलाक की अर्जी में पत्नी भानवी पर कई गंभीर आरोप लगाए हैं। राजा द्वारा अर्जी में पत्नी के खिलाफ परिजनों को अपमानित करने और बच्चों की परवरिश में उदासीनता बरतने जैसे कई आरोप लगाए जाने की बात कही जा रही है। हालांकि इस संबंध में कोई मुंह खोलने को तैयार नहीं है। बता दें कि राजा भैया का विवाह करीब 27 साल पहले हुआ था। उनके चार बच्चे हैं।जिनमें दो बड़ी बेटियां और दो जुड़वां लड़के हैं।

## सत्ता में आए तो तुम्हारी जीभ काट देंगे, राहुल गांधी को सजा सुनाने वाले जज को कांग्रेस नेता की धमकी

नयी दिल्ली। कांग्रेस नेता ने न्यायधीश को धमकाते हुए कहा कि सुनिए जस्टिस एच वर्मा, जब कांग्रेस सत्ता में आएगी तो हम आपकी जीभ काट देंगे। मणिकंदन के खिलाफ तीन धाराओं के तहत मामला दर्ज किया गया है और डिंडीगुल पुलिस द्वारा जांच शुरू की गई है।

तमिलनाडु में कांग्रेस के एक नेता ने पार्टी के सत्ता में आने पर 2019 के आपराधिक मानहानि मामले में राहुल गांधी को दो साल की जेल की सजा सुनाने वाले जज की जीभ काट देने की धमकी दी। उनके खिलाफ उनकी टिप्पणी को लेकर मामला दर्ज किया गया है। कांग्रेस की एससी/एसटी विंग तमिलनाडु के डिंडीगुल में कांग्रेस नेता राहुल गांधी की अयोग्यता का विरोध कर रही थी। इस दौरान पार्टी के जिला प्रमुख मणिकंदन ने कहा कि 23 मार्च को सूरत अदालत के न्यायाधीश ने हमारे नेता राहुल गांधी को दो साल की जेल की सजा सुनाई।




## कोविड मामलों में वृद्धि के बीच मांडविया की राज्यों को सतर्क और तैयार रहने की सलाह

### 10-11 अप्रैल को होगी मॉक ड्रिल



नयी दिल्ली। कोरोना वायरस संक्रमण के बढ़ते मामलों के बीच, केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री मनसुख मांडविया ने राज्यों से सतर्क और कोविड-19 प्रबंधन के लिए तैयार रहने को कहा है।मांडविया ने कोविड-19 से जुड़ी स्थिति की समीक्षा के लिए बैठक की और राज्यों को संक्रमण के अधिक मामलों वाले स्थानों की पहचान करने, जांच बढ़ाने, बुनियादी ढांचा तैयारियां सुनिश्चित करने को कहा।राज्य के स्वास्थ्य मंत्रियों और प्रमुख एवं अतिरिक्त मुख्य सचिवों के साथ ऑनलाइन तरीके से आयोजित हुई बैठक में मांडविया ने टीकाकरण में तेजी लाने को भी कहा।जीनोम अनुक्रमण और पॉजिटिव नमूनों के पूरे जीनोम अनुक्रमण को बढ़ाने के साथ-साथ, उन्होंने कोविड-उपयुक्त व्यवहार का पालन करने के बारे में जागरूकता पैदा करने पर भी जोर दिया।मांडविया ने कहा कि केंद्र और राज्यों को सहयोग की भावना से काम करना जारी रखने की जरूरत है, जैसा कि पिछली बार कोविड-19 की रोकथाम और प्रबंधन के दौरान किया गया था।उन्होंने राज्य के स्वास्थ्य मंत्रियों से 10 और 11 अप्रैल को सभी अस्पतालों के बुनियादी ढांचे के संबंध में 'मॉक ड्रिल' करने और आठ तथा नौ अप्रैल को जिला प्रशासन एवं स्वास्थ्य अधिकारियों के साथ स्वास्थ्य तैयारियों की समीक्षा करने का भी आग्रह किया।

## संपादकीय

### भारतीय हितों में चोट

कभी भारत का अभिन्न मित्र माने जाने वाले भूटान को कूटनीतिक जाल में फंसाने की चीन की कुत्सित कोशिशें सिरे चढ़ती नजर आ रही हैं। चीन लगातार भारत के चारों तरफ स्थित उन देशों को अपने पाले में लाने की साजिशें करता रहा है जिनके साथ भारत के सदियों से मधुर, कारोबारी व कूटनीतिक संबंध रहे हैं। नेपाल के बाद अब भूटान भी उन देशों की सूची में शामिल होता नजर आ रहा है, जो चीनी दबाव में भारतीय हितों को ताक में रखने को तैयार हैं। हाल ही में भूटान के प्रधानमंत्री लोटे शेरिंग ने बेल्जियम के एक अखबार ला लेब्रे को दिये एक साक्षात्कार में भूटान सरकार द्वारा दिये गये पहले बयान के उलट कहा है कि भूटान के निकट चीन ने जो गांव बनाये हैं, वे भूटान की सीमा में नहीं हैं। जबकि वर्ष 2020 में कहा गया था कि चीन भूटान की सीमा के भीतर कुछ गांव बना रहा है। निस्संदेह, भूटान के प्रधानमंत्री के इस बयान से भारत के माथे पर चिंता की लकीरें उभर आई हैं। विडंबना ही है कि भूटानी प्रधानमंत्री ने सीधे-सपाट शब्दों में कहा कि हमें अपनी सीमाओं का भान है। यह एक अंतर्राष्ट्रीय सीमा है और हमारी सीमाओं पर किसी तरह की दखलंदाजी नहीं हुई है। दूसरी ओर, इस क्षेत्र की भौगोलिक स्थिति की जानकारी रखने वाले विशेषज्ञ कह रहे हैं कि यह बयान तार्किक नहीं है और चीन के दबाव में यह बात कही जा रही है। विशेषज्ञ मानते हैं कि चीन द्वारा बनाये गये गांव स्पष्ट रूप से भूटान की पश्चिमी, उत्तरी व उत्तर-पूर्वी सीमा पर स्थित हैं। अपनी इस दलील के पीछे विशेषज्ञ भूटानी, अंतर्राष्ट्रीय व चीन के नक्शे को आधार बताते हैं। दरअसल, चिंता की बात यह भी है कि लोटे शेरिंग यहां तक कहते हैं कि डोकलाम विवाद सिर्फ भूटान का ही नहीं बल्कि इस मुद्दे से चीन व भारत भी जुड़े हैं।

कूटनीतिक विशेषज्ञ लोटे शेरिंग के इस बयान को जनवरी माह में चीन में भूटानी व चीनी अधिकारियों के बीच सीमा के मुद्दे पर हुई बातचीत की परिणति के रूप में देख रहे हैं। दरअसल, दोनों देशों के अधिकारी चीन स्थित कुनमिंह शहर में सीमा से जुड़े मुद्दों पर बातचीत हेतु मिले थे। बताते हैं कि इस बैठक में सीमा संबंधी विवाद को सुलझाने की रूपरेखा पर विमर्श हुआ। इसके बाद दोनों देशों द्वारा जारी साझा बयान में बैठक में हुई सहमतियों को मूर्त रूप देने के बाबत प्रतिबद्धता जतायी गई। साथ ही विशेषज्ञ ग्रुपों के जरिये मुद्दों के निस्तारण पर सहमति हुई। बहरहाल, भारत की दृष्टि से यह स्थिति चिंताजनक ही कही जायेगी कि चीनी दबाव में भूटान स्वीकार करने लगा है कि वास्तव में उसकी सीमा पर बनाये गांव चीन की सीमा में स्थित हैं। जाहिरा तौर पर यह स्थिति सामरिक दृष्टि से भारत के लिये जटिल व चुनौतीपूर्ण बन रही है। उल्लेखनीय है कि वर्ष 2017 में भूटान ने डोकलाम में चीन द्वारा अवैध निर्माण का आरोप लगाया था। जिसके बाद लंबे समय तक भारत व चीनी सैनिक वहां डटे रहे थे। वैसे एक हकीकत यह भी है कि भूटान विगत में भारत के साथ हुई उस संधि की पालना के लिये बाध्य है जिसमें भारत की सुरक्षा चिंताओं के दृष्टिगत वह तीसरे देश से सीमा संबंधी समझौते नहीं कर सकता। यह तथ्य किसी से छिपा नहीं है ।

# योगी के सख्त तेवरों से ही रहता है यूपी में अमन-चैन का माहौल

**बीते एक साल में एसटीएफ ने 847 अपराधियों को गिरफ़्तार किया। एसटीएफ ने चार अपराधियों को एनकाउंटर में मारा और 85 इनामी अपराधी गिरफ़्तार किए। इसी अवधि में साइबर क्राइम करने वाले 16 अपराधी गिरफ़्तार किए गए जबकि ड्रग्स की तस्करी करने वाले 210 अपराधी गिरफ़्तार किए गए। 458.79 करोड़ रुपए के ड्रग्स बरामद किए गए। बीते एक साल में 35 असलहा तस्कर दबोचे गये तो 131 असलहे बरामद किए गए। हाईटेक सर्विलेंस से 69 वारदातों को रोका गया।**



उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ अपराधियों पर शिकंजा कसने के लिए परम्परागत रूप से उठाये जाने वाले कदमों से अलग तौर तरीके से चल रहे हैं,जिसकी वजह से अपराधी खौफजदा हैं उनके मददगारों और पनाहगारों की संख्या कम होती जा रही है। असल में यूपी में जब कोई व्यक्ति अपराध करता है तो योगी की पुलिस उन अपराधियों को तो तुरंत धर दबोच लेती है जो पेशेवर अपराधी नहीं होते हैं और विपरीत परिस्थितियों में उनसे अपराध हो जाता है, लेकिन आदतन या पेशेवर अपराधी तत्वों को यूपी पुलिस तुरंत गिरफ्तार करने पर ज्यादा जोर नहीं देती है। यह वह अपराधी होते हैं जो पहले भी हवालात की सजा काट चुके होते हैं और उन्हें जेल जाने से डर भी नहीं लगता है। ऐसे में इन पेशेवर अपराधियों को सबक सिखाने के लिए योगी सरकार इन्हें जेल भेजने से पहले इनके दहशत के साम्राज्य को तोड़ती है। इनकी अवैध संपत्ति की कुर्की के लिए डोजियर तैयार किया जाता है। इसके बाद अपराधी की कमर तोड़ने के लिए बुलडोजर की इंट्री होती है। बुलडोजर पेशेवर अपराधी तत्वों की जुर्म की दुनिया में रहकर कमाई गई अकूत संपत्ति को नेस्तानाबूत करता है। गुंडे-माफियाओं और उनके गुर्गों द्वारा जबरन हथियाई गई जमीन को खाली कराया जाता है। यदि इनके पास किसी तरह के असलहे होते हैं तो उसका लाइसेंस रद्द किया जाता है। इसके पश्चात उन लोगों पर शिकंजा कसा जाता है जो सीधे तौर पर तो किसी अपराध से नहीं जुड़े होते हैं, लेकिन पर्दे के पीछे से अपराधियों की मदद करते रहते हैं। विकास दुबे, मुख्तार अंसारी और अतीक अहमद के साम्राज्य को इसी प्रकार से तोड़ा गया है।ऐसे में कई अपराधी डर के मारे आत्मसमर्पण कर देते हैं या फिर पुलिस के साथ लुकाछिपी के खेल में एनकाउंटर के शिकार हो जाते हैं। बाहुबली विकास दुबे इसकी ताजा मिसाल है, जो पुलिस मुठभेड़ में मारा गया था। इससे पूर्व उसकी करोड़ों की अवैध संपत्ति भी पुलिस ने उसके कब्जे से खाली करा ली थी। इसी प्रकार मुख्तार अंसारी, अतीक अहमद जैसे बाहुबलियों के भी आर्थिक साम्राज्य को तोड़ा गया है। सीएम योगी आदित्यनाथ के दूसरे कार्यकाल का एक साल पूरा हो गया है। अब तक के छह साल के कार्यकाल में यूपी पुलिस ने माफियाओं, अपराधियों और बदमाशों के खिलाफ लगातार कार्रवाई की है। बाहुबली माफिया मुख्तार अंसारी, अतीक अहमद, शराब माफिया बदन सिंह बद्दो, कुख्यात सुनील राठी, सुशील मूंछ, सुंदर भाटी, ध्रुव सिंह उर्फ कुंटू सिंह और बाहुबली विजय मिश्रा समेत 64 गैंगस्टरों की 3000 करोड़ रुपए की संपत्तियां पुलिस ने या तो जब्त की हैं या फिर सरकार ने उन पर बुलडोजर चलवा दिया है। इसमें माफिया डॉन अतीक अहमद के अलावा मुख्तार अंसारी की 523 करोड़ रुपए की संपत्तियों पर कार्रवाई हुई है। इसी तरह ढाई लाख के इनामी बदन सिंह बद्दो की भी करोड़ों रुपए की संपत्तियां जब्त की जा चुकी हैं जबकि उसके और उसके सहयोगियों के तमाम अवैध अड्डों पर बुलडोजर चलाया जा चुका है। बाहुबली विजय मिश्रा की भी 50 करोड़ रुपए से ज्यादा की संपत्तियां अब तक जब्त की जा चुकी हैं।उत्तर प्रदेश की योगी सरकार अपराधियों को सजा दिलाने के मामले में भी काफी तत्परता दिखा रही है। योगी राज के दूसरे कार्यकाल के पहले ही वर्ष में यूपी के टॉप लेवल के 13 माफियाओं को कोर्ट ने सजा सुनाई है, जो पहले कभी नहीं हुआ। बाहुबली अतीक अहमद को हाल में ही उमेश पाल अपहरण कांड में उम्र कैद की सजा सुनाई है। अतीक गुजरात के साबरमती जेल में सजा काट रहा है। अतीक के खिलाफ सौ से अधिक मुकदमे दर्ज हैं, लेकिन उसके खिलाफ कोई गवाही देने की हिम्मत नहीं जुटा पाता था। वहीं बाहुबली मुख्तार अंसारी जिसके खिलाफ कभी कोई गवाही नहीं देता था, उसको सजा दिलाने के लिए अभियोजन विभाग ने सशक्त पैरवी की। गवाहों को कोर्ट तक पहुंचाया। नतीजतन, मुख्तार अंसारी को उसके वर्षों से लंबित मुकदमों में सजा होनी शुरू हुई। मुख्तार अंसारी के खिलाफ प्रदेश के विभिन्न थानों में संगीन धाराओं के 61 मुकदमे दर्ज हैं। इसी तरह बाहुबली विजय मिश्रा जिसके खिलाफ संगीन धाराओं के 83 केस दर्ज हैं उसे भी कोर्ट ने सजा दी। अभियोजन विभाग की पैरवी से आजम खान और उनके बेटे अब्दुल्ला आजम को सजा मिली जिससे उनकी विधायकी रद्द हुई। सरकार की जीरो टॉलरेंस नीति में पुलिस और अन्य एजेंसियों के सहयोग से यह सब संभव हुआ।

योगी सरकार के एक साल की बात की जाए तो योगी राज में बीते एक साल में 21 अपराधी मुठभेड़ में मारे गए, 1256 अपराधी मुठभेड़ में घायल हुए। वहीं एनकाउंटर के दौरान 182 पुलिसकर्मी भी घायल हुए। इसी बीच 25000 के 2749 इनामी अपराधी गिरफ्तार हुए और 50000 के 267 इनामी अपराधी गिरफ्तार हुए, इसके अलावा 50,000 से ज्यादा इनाम वाले 36 अपराधी गिरफ्तार हुए। गैंगस्टर एक्ट के 3903 केस रजिस्टर किए गए जबकि 12513 आरोपी गिरफ्तार करके जेल भेजे गए। 126 अपराधियों के खिलाफ रासुका के तहत कार्रवाई हुई। गैंगस्टर एक्ट के तहत कुल 70 अरब 58 करोड़ 64 लाख 33 हजार 537 रुपए की चल अचल संपत्तियां जब्त की गईं।

## सामाजिक विषमता का कारक है आरक्षण

आरक्षण दो शब्दों से मिलकर बना है आ + रक्षण। आरक्षण शब्द में 'आ' उपसर्ग है और रक्षण अर्थात सुरक्षित करना। किसी वस्तु या व्यक्ति के लिए कोई स्थान पहले से बचा कर रखना आरक्षण कहलाता है। वर्ष 1947 में भारत ने स्वतन्त्रता प्राप्त की। डॉ. अम्बेडकर को भारतीय संविधान के लिए मसौदा समिति का अध्यक्ष नियुक्त किया गया था। सभी नागरिकों के लिए समान अवसर प्रदान करते हुए सामाजिक और शैक्षिक रूप से पिछले वर्गों या अनुसूचित जाति और अनुसूचित जनजाति की उन्नति के लिए संविधान में विशेष धाराएँ रखी गयीं। 10 सालों के लिए उनके राजनीतिक प्रतिनिधित्व को सुनिश्चित करने के लिए अनुसूचित जातियों और जनजातियों के लिए अलग से निर्वाचन क्षेत्र आवंटित किए गए। स्वतंत्र भारत में 26 जनवरी 1950 को आरक्षण लागू हुआ था। पिछड़ी जातियों को डॉ. भीम राव अम्बेडकर द्वारा दिया गया संरक्षण या आरक्षण उचित था। उस समय देश गुलामी की जंजीरों से उबारा ही था। आज़ादी के बाद देश में सामजिक समता लाने के लिए क्रांति की जरूरत थी। डॉ. भीम राव अम्बेडकर ने इसी क्रांति के तहत आरक्षण ला कर लोगों को सामाजिक समता का पाठ पढ़ाया। 10 वर्षों के लिए लागू किया गया आरक्षण सामाजिक समता का अच्छा उदाहरण था। इन 10 वर्षों में पिछड़ी जातियों के लोगों की सामाजिक, राजनैतिक, आर्थिक और धार्मिक स्थिति ठीक हो चुकी थी। ये पिछड़ी जाति के लोग समाज में अच्छी स्थिति में पहुँच चुके थे। डॉ. भीमराव अंबेडकर ने कहा था कि यह आरक्षण केवल 10 साल के लिए होना चाहिए।

# डिग्रियों का बोलबाला, चोर का मुंह काला ..!

केजरीवाल का नया मुद्दा, मोदी जी की डिग्रियां कहां है ? , राहुल गांधी का नया मुद्दा, अडानी मोदीराज में अमीर नंबर 3 कैसे बना ? , अखिलेश का मुद्दा, यादव जाति नौकरी की मेरिट लिस्ट में क्यों नहीं आ रही ? ममता बनर्जी का नया मुद्दा राम किसके है ? मायावती का मुद्दा दलित और ओबीसी कौन है ? जनता का मुद्दा महंगाई कब खत्म होगी ? भाजपा कार्यकर्ताओं का मुद्दा एलपीजी गैस और पेट्रोल के दम कब कम होंगे ? ये सभी मुद्दे और प्रश्न जवाबहीन है क्योंकि ऐसे प्रश्नों के कोई जवाब कभी बने ही नहीं ।अब आते है राजनीति के सबसे चर्चित मुद्दे की तरफ जो है डिग्रियों का मुद्दा तो हमे काम से मतलब है कि हमे डिग्रियां चाटनी है मनमोहन सिंह ,चिदंबरम,रघुराम राजन,अभिजीत, अमर्त्य सेन,ये सारे डिग्रीधारी अर्थशास्त्री कांग्रेस में ही थे, तो भारत 2014 तक गरीब क्यों रहा जनता गरीब क्यों रही ? नेताओ के ही क्यों बड़े बड़े बंगले बने ? मोदी 11 नम्बर की अर्थव्यवस्था को 5वे नम्बर पे ला के खड़ा कर दिया और जल्द ही हम टॉप 3 में होंगे ।बेरोजगारी की बात करते है ।2014 से पहले 95त्न मोबाइल बाहर देशों से मंगवाते थे ।लेकिन आज बिल्कुल उलट,आज 97त्न मोबाइल अपने देश में बन रहे है ।सोचो कितने लोगों को रोजगार प्रत्यक्ष और अप्रत्यक्ष रूप से मिला होगा ।आज भारत तीसरे नम्बर का औटोमोबाईल मेन्युफेक्चरिंग में आ गया है ।स्टील उत्पादन में पूरे विश्व मे दूसरे नम्बर पे आ गया है ।खिलोने जो हम पहले विदेशो से मंगवाते थे । आज हम एक्सपोर्ट कर रहे है अगर देश का प्रधानमंत्री पढ़ा-लिखा होना चाहिए, तो उसका चुनाव कैसे होगा? अरविंद केजरीवाल ने कुछ दिन से पुनः शोर मचा रहे है कि देश का प्रधानमंत्री पढ़ा-लिखा ही होना चाहिए। तब से मेरे मन में रह रहकर विचार आ रहा है कि पढ़े लिखे होने की परिभाषा क्या है? क्या अरविंद केजरीवाल पढ़े-लिखे माने जाएंगे या उनके बैच का टॉपर पढ़ा-लिखा माना जाएगा? या फिर वह उमर शेख से जो लंदन स्कूल ऑफ इकोनॉमिक्स में पढ़ा था और जिसने अमरीकी पत्रकार डेनियल पर्ल की गर्दन रेतकर पाकिस्तान में हत्या कर दी थी? या फिर 19 आतंकवादियों को जिन्होंने वर्ल्ड ट्रेड सेंटर पर हमला किया था? वह सब या तो इंजीनियर थे या फिर पायलट? अल क़ाएदा का नेता अल-ज़वाहिरी डॉक्टर था? जरा सा और आगे बढ़ते हैं। अगर पढ़ा लिखा व्यक्ति प्रधानमंत्री होना चाहिए तो क्या यह नहीं होना चाहिए कि सभी पढ़े-लिखे लोग सिविल सर्विसेज का कंपटीशन दें और जो उसमें टॉप करें वह प्रधानमंत्री बने? लेकिन फिर व्यवस्था की सफलता के लिए यह भी आवश्यक है कि सारे विधायक और सांसद भी पढ़े लिखे हो? अगर टॉपर प्रधानमंत्री बने, तो नीचे की रैंक वाले मुख्यमंत्री, केंद्र में मंत्री, राज्यों में मंत्री, मेयर इत्यादि बने। सिविल सर्विसेज कंपटीशन का फॉर्म भरते समय सभी आवेदकों से उनकी प्रेफरेंस भरवा ली जाए कि वह किस क्रम में मुख्यमंत्री, मंत्री, मेयर इत्यादि बनाना चाहेंगे। इंटरव्यू में फेल हुए लोग क्रमानुसार सांसद एवं विधायक बन जाएंगे ।लेकिन कॉपी कौन जाचेंगा? इंटरव्यू पैनल में कौन बैठेगा? सुप्रीम कोर्ट, हाई कोर्ट के जज? लेकिन फिर भगवंत मान एवं मनीष सिसोदिया का क्या होगा जो केवल बारहवीं पास है? इससे तो लालू प्रसाद, राबड़ी और उनके पुत्रों का टिकट ही कट जाएगा ।अगर इस तर्क को आगे बढ़ाये, तो क्या मतदाताओं की भी न्यूनतम शैक्षणिक योग्यता होनी चाहिए? उनकी न्यूनतम डिग्री को किस स्तर पर रखेंगे ङ्क पांचवी, दसवीं, बारहवीं पास? लेकिन फिर मतदाताओं की भी क्या आवश्यकता है जब सभी जनप्रतिनिधि यूपीएससी कंपटीशन से सेलेक्ट होंगे? इससे तो राजनीतिक दल की भी आवश्यकता समाप्त हो जायेगी। या फिर मुझे प्रधानमंत्री होना चाहिए जिसने इलाहाबाद विश्वविद्यालय, जेएनयू और फ्रांस के टॉप संस्थान से पढ़ाई की है और एक अंतर्राष्ट्रीय संगठन में कार्य भी कर रहा हूं? लेकिन शशि थरूर का क्या होगा? उन्होंने डॉक्टरेट करी है और उसी संगठन में वह भी काम कर चुके हैं। अगर शशि थरूर को अपनी पढ़ाई के बल पे प्रधानमंत्री होना चाहिए, तो फिर राहुल गांधी का क्या होगा? वह तो शशि थरूर से कम पढ़े लिखे हैं। इस पूरे प्रकरण में सोनिया गांधी की महत्वाकांक्षा का क्या होगा? और फिर प्रियंका, वह कहां तक पढ़ी लिखी है? या फिर इंदिरा गांधी? मनमोहन सिंह कैंब्रिज में पढ़े लिखे होने के बाद भी सोनिया गांधी की जी हजूरी किया करते थे. और चिदंबरम हार्वर्ड में पढ़े होने के बाद भी क्या-क्या करतूतें कर बैठे? और केजरीवाल स्वयं आईआईटी में पड़े होने के बाद भी उनमें उनके व्यवहार में जरा सी भी शालीनता नहीं है। हर चीज को बदतमीजी के साथ बेहुदे तरीके से बोलना। बात बात में देश के प्रधानमंत्री का मजाक उड़ाना और भाजपा के नेताओं से लिखित में माफी मांग लेना। कहां से लगता है कि वह पढ़े लिखे है? फिर उन मित्रो का क्या होगा जो भारत की मिटटी और जीवन शैली को अच्छी तरह से जानते है। क्या उनके इस ज्ञान को क्वालिफिकेशन माना जाएगा। या फिर धूनी रमाये साधू संत को प्रधानमंत्री होना चाहिए जिनका अंतर्ज्ञान हम सब से अधिक है। या फिर एक अनपढ़ बूढ़ी माँ जो बादल का रंग देखकर मौसम बता दे, महिलाओ को प्रसव करवा दे और चार-पांच संतानो को पाल कर एक जिम्मेदार नागरिक बना दे?

अब यदि मान भी लें मोदी जी की डिग्रियां यूज लेस है तो बिना डिग्री



पंकज कुमार मिश्रा ( जौनपुर )

**मोदी 11 नम्बर की अर्थव्यवस्था को 5वे नम्बर पे ला के खड़ा कर दिया और जल्द ही हम टॉप 3 में होंगे । बेरोजगारी की बात करते है । 2014 से पहले 95त्न मोबाइल बाहर देशों से मंगवाते थे।लेकिन आज बिल्कुल उलट,आज 97त्न मोबाइल अपने देश में बन रहे है।सोचो कितने लोगों को रोजगार प्रत्यक्ष और अप्रत्यक्ष रूप से मिला होगा ।आज भारत तीसरे नम्बर का औटोमोबाईल मेन्युफेक्चरिंग में आ गया है ।**

## मानवीय संवेदनाओं को उजागर करती शार्ट फिल्म 'वांछा-द ब्लैक डिजायर' का पहला लुक जारी




मिली फिल्म्स एंड टी वी इंटरनेशनल के बैनर तले बनी शार्ट फिल्म 'वांछा-द ब्लैक डिजायर' का फर्स्ट लुक इटखोरी, चतरा (झारखंड) स्थित माँ भद्रकाली मंदिर परिसर में आयोजित एक भव्य समारोह में जारी किया गया। शार्ट फिल्म 'वांछा' आधुनिक संदर्भ में सामाजिक समस्याओं पर जन-जागृति पैदा करते हुए अंधविश्वास और कुरीतियों के खिलाफ आवाज बुलंद करती है।

मानवीय संवेदनाओं को उजागर करती इस फिल्म के निर्माता मनोज कुमार, कार्यकारी निर्माता शंकर पाठक, डीओपी सुमित सचदेवा, एडिटर सुमित सिन्हा 'गोलू', प्रोडक्शन कंट्रोलर मनोज वर्मा, प्रोडक्शन मैनेजर प्रभात कुमार, गीतकार प्रशांत गैलवर, संगीतकार श्रीकांत जयकांत, प्रचारक काली दास पाण्डेय, मेकअप आर्टिस्ट प्रियंका, स्टील फोटोग्राफर मोहम्मद अरमान और प्रोडक्शन एक्सक्यूटिव कुमारी मिली हैं।झारखंड के चर्चित फिल्म लेखक निर्देशक प्रशांत गैलवर के निर्देशन में बनी इस फिल्म के मुख्य कलाकार मनोज सहाय, शेखर वत्स, शंकर पाठक, विक्रम नांगिया, बिनय सिंह, शालिनी सिंह राठौड़, पम्मी सिंह राजपूत, सुरेंद्र सिन्हा, राजू चंद्रा, मास्टर शिवांश साहू और प्रिंस आदि हैं।

**प्रस्तुति : काली दास पाण्डेय**

# ऐ बाबू , अब जनता जनार्दन द्वारा मतदान से ज़वाब देने की बारी है



गोंदिया। वैश्विक स्तरपर भारतीय लोकतंत्र को सबसे बड़ा और सटीक लोकतंत्र माना जाता है, जिसकी मिसाल अनेक मंचों पर भी दी जाती है। परंतु पिछले कुछ वर्षों से हम टीवी चैनलों पर लाइव टेलीकास्ट के माध्यम से देख रहे हैं कि हम मतदाताओं द्वारा चुनकर संसद में भेजे गए हमारे प्रतिनिधियों द्वारा किस तरह कामकाज और व्यवहार किया जाता है कि किस तरह सिर्फ पार्टी के हितों को ध्यान में रखा जाता है, किस तरह वकआउट और हंगामा किया जाता है, किस तरफ सरकार में बैठकर भी आक्रामक रवैया अपनाया जाता है, किस तरह जनता के हितों कोदरकिनार कर दिया जाता है वगैरह वगैरह अनेकों सवालों का जवाब हमने लाइव टेलीकास्ट बजट संसद सत्र के 31 जनवरी से 6 अप्रैल 2023 तक दोनों चरणों में देखा और हमें अपने स्कूल के दिनों की याद आ गई कि, हम क्लास में कैसे हंगामा करते थे। परंतु ध्यान देने योग्य बात तो यह है कि हमें टीचर का बहुत डर रहता था, उनके आने पर सिट्टी पिट्टी गुम हो जाती थी। बुत बनकर बेंच पर बैठे रहते थे परंतु यह क्या? बजट सत्र सहित पिछले कई सत्रों में हमने देखा है कि सभापति/अध्यक्ष रूपी टीचर के सामने हमारे प्रतिनिधि रूपी छात्र हंगामा करते, नारे लगाते, पन्ने फाड़ते, धूम मचाते, लड़ाई झगड़े करते हुए देखे गए तो, हम सोचने पर मज़बूर हो गए हैं कि इन प्रतिनिधि रूपी बच्चों की शरारतें, हरकतें तो हमारे बचपन के स्कूल से कई गुना अधिक है और सभापति/अध्यक्ष रूपी टीचर का कोई डर भी नहीं है। इस बजट सत्र 2023 में लोकसभा की उत्पादकता लगभग 34 फ़ीसदी और राज्यसभा की लगभग 24 फ़ीसदी रही याने दोनों में हम बच्चों की परीक्षा के पासिंग पैमाने 35 फ़ीसदी से भी कम हुए। इसका मतलब हम बच्चों के कंपैरिजन में हमारे प्रतिनिधि पूरी तरह फेल हुए हैं, जिनका ज़वाबी रिज़ल्ट हम मतदाता सहित आम जनता, जनता जनार्दन 2023 में आने वाले कुछ राज्यों के चुनाव और 2024 के आम चुनाव में देगी जिसके कारण 2023 का बजट सत्र हंगामे की भेंट चढ़ा! इसलिए आज हम पीआईबी और मीडिया में उपलब्ध जानकारी के सहयोग से इस आर्टिकल के माध्यम से चर्चा करेंगे, ऐ बाबू , अब जनता जनार्दन के मतदान से जवाब देने की बारी है ।साथियों बात अगर आम बजट सत्र 2023 की करें तो, 31 जनवरी 2023 को शुरू हुआ संसद का बजट सत्र आज यानी 6 अप्रैल 2022 (गुरुवार) को अनिश्चित काल के लिए स्थगित कर दिया गया है। बजट सत्र के बारे में बोलते हुए, केंद्रीय संसदीय कार्य और संस्कृति राज्य मंत्री, ने कहा कि बजट सत्र 2023 में कुल 25 बैठकें हुईं। राज्य सभा और लोकसभा 13 फरवरी 2023 से 12 मार्च तक अवकाश के लिए स्थगित किया गए थे औरसोमवार यानी 13 मार्च, 2023 को फिर से दोनों सदन की कार्रवाई शुरू हुई ताकि विभागीय स्थायी समितियां विभिन्न मंत्रालयों/विभागों से अनुदान से जुड़ी मांगों की जांच और रिपोर्ट कर सकें। वर्ष का पहला सत्र होने के नाते, राष्ट्रपति ने 31 जनवरी, 2023 को संविधान के अनुच्छेद 87(1) के तहत संसद के दोनों सदनों को संबोधित किया था। लोकसभा में राष्ट्रपति के अभिभाषण पर धन्यवाद प्रस्ताव पेश किया गया था और इसका भी किया गया था। इस प्रक्रिया के लिएलोकसभा के आवंटित 12 घंटों के मुकाबले 13 घंटे 44 मिनट लगे ।राज्यसभा में भी इसे पेश किया। इस मद ने 12 घंटे के आवंटित समय के मुकाबले 12 घंटे 42 मिनट के लिए राज्य सभा को व्यस्त रखा। सत्र के पहले भाग के दौरान दोनों सदनों द्वारा माननीय पीएम के उत्तर के बाद धन्यवाद प्रस्तावों पर चर्चा की गई और उन्हें स्वीकार किया गया। लोक सभा के 143 सदस्यों और राज्य सभा के 48 सदस्यों ने इस विषय पर चर्चा में भाग लिया। बताया गया कि 2023-24 का केंद्रीय बजट बुधवार, 1 फरवरी, 2023 को पेश किया गया। सत्र के पहले भाग में दोनों सदनों में केंद्रीय बजट पर आम चर्चा हुई। इसने लोकसभा को 12 घंटे के आवंटित समय के मुकाबले 14 घंटे 45 मिनट और राज्य सभा को 12 घंटे के आवंटित समय के मुकाबले 2 घंटे 21 मिनट का समय दिया। लोकसभा में 145 सदस्यों और राज्यसभा में 12 सदस्यों ने इस विषय पर चर्चा में भाग लिया। अलग-अलग मंत्रालयों जैसे रेलवे, ग्रामीण विकास, पंचायती राज, जनजातीय मामले, पर्यटन, संस्कृति और स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण की अनुदान मांगों को लोकसभा में लगातार व्यवधान के कारण नहीं लिया जा सका।

साथियों बात अगर हम पक्ष विपक्ष के हंगामे के कारणों की करें तो, पक्ष का मुद्दा विपक्ष के युवा नेता से विदेश में दिए गए बयानों पर माफी मांगने और विपक्ष का मुद्दा उद्योगपति से संबंधित रिसर्च रिपोर्ट पर उनकी जेपीसी बैठाने की मांग थी जिसे दोनों पक्षों ने अलग-अलग बयान इस प्रकार हैं।

**एडवोकेट किशन सनमुख़दास भावनानी**

## मतलबी

मैंने जहां देखा,
मैंने तहा देखा।
लोग मुझसे जुड़े
बस मतलब के लिए,
न मेरे विचारों के लिए
न मेरे लिए।
जो भी मुझसे मुस्काया
किसी न किसी,
मतलब के लिए
फरेब के लिए।
न की अपनेपन के लिए
हसीन आंखों ने मुझे भी तका
पर न प्रेम के लिए
न वफ़ा के लिए
बस एक चलते-फिरते
हमसफर के लिए।



**राजीव डोगरा- कांगड़ा, हिमाचल प्रदेश**

## अपनी समस्या हमें बतायें

आपके साथ या आपके आस-पास कोई घटना, दुर्घटना, भ्रष्टाचार, जुर्म हुआ है या उत्पीड़न हुआ है अथवा आपके क्षेत्र की समस्या है और आपकी समस्या जायज है तो आपकी समस्याओं के समाधान हेतु सम्बन्धित उच्च अधिकारियों एवं शासन-प्रशासन तक पहुंचाने के लिये बी पी एस न्यूज आपके साथ है। आपकी खबर शत् प्रतिशत प्रकाशित की जायेगी। एवं आपका नाम व नम्बर आपके अनुसार प्रकाशित या पूर्णतया गुप्त रखा जायेगा।

दिये गये नम्बर पर काल करें या हमें ई मेल करें।

फोन नं.- 9335908846, bps.knp786@gmail.com

## आवश्यक सूचना

प्रिय ग्राहकों/विज्ञापनदाताओं को सूचित किया जाता है कि बी.पी.एस. न्यूज समाचार पत्र में नगद भुगतान की व्यवस्था नहीं है। कृपया चेक/डी.डी. बी पी एस न्यूज के नाम से ही चेक आदि भेजें। नगद भुगतान की व्यवस्था नहीं है। नगद भुगतान करने पर विज्ञापनदाता स्वयं जिम्मेदार होंगे।

-सम्पादक

## आवश्यकता है

बी पी एस न्यूज राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक, साप्ताहिक समाचार पत्र व ऑनलाइन न्यूज चैनल (पोर्टल) के लिये समस्त तहसीलों एवं ब्लाक स्तर पर ब्यूरो चीफ, संवाददाताओं, छायाकार तथा विज्ञापन प्रतिनिधियों युवक-युवतियों की आवश्यकता है।

सम्पर्क करें -:

मो.: 8423454502, 9335908846

email:bps.knp786@gmail.com

# अग्निकांड प्रभावित प्रतिष्ठानों के कर्मचारियों के बच्चों की शिक्षा में न आये व्यवधान : जिलाधिकारी




**बीपीएस न्यूज**

कानपुर। बीते दिनों कोपरगंज रेडीमेड कपडा मार्केट में अगी भीषण आग के बाद जहां व्यापारियों को करोडों का नुकसान हुआ तो वहीं इन प्रतिष्ठानों में कार्यरत कर्मचारी भी फिलहाल बेरोजगार हो गये है। ऐसे में इन कर्मचारियों के बच्चों की शिक्षा में किसी प्रकार का व्यवधान उत्पन्न न हो, इस सम्बन्ध में जिलाधिकारी विशाखाजी की अध्यक्ष में एक बैठक आहूत की गयी, जिसमें अपर जिलाधिकारी वित्त–राजस्व राजेश कुमार, जिला विधालय निरीक्षक, बेसिक शिक्षा अधिकारी, विभिन्न शिक्षण संस्थानों के प्रतिनिधि, सीबीएससी, आईसीएससी बोड के कोऑडिनेटर, यूपी बोर्ड, माध्यमिक शिक्षा, उच्च शिक्षा के अधिकारी शामिल रहे।

जिलाधिकारी द्वारा कर्मचारियों के बच्चों की शिक्षा फीस के आभाव में प्रभावित न हो, इसके लिए सभी विभागों के प्रतिनिधियों से अपील की गयी कि अग्निकाण्डे से पीडित परिवार के बच्चों की पढाई फीस के अभाव में बाधित न हो, इसके सम्बन्ध में सभी शिक्षण संस्थान अपने मैनजमेंट से वार्ता कर आवश्यक कदम उठाये साथ ही सभी औधोगिक, वयापारी संगठन से कहा कि बच्चों की शिक्षा लगातार जारी रहे इसके लिए अपने संगठनों के माध्यम से बच्चों को गोद लेने की कार्यवाही सुनिश्चित करे साथ ही शहर के संभ्रान्त नागरिकों से भी अपील की गयी कि इस आपदा की घडी में वे आगे आएतथा पीडितबच्चों की पढाई का खर्च उठाने में अपना सहयोग प्रदान करें।

## प्रमुख अधीक्षक ने अग्नि शमन उपकरणों का किया निरीक्षण

कानपुर। व्यापारियों में हुए अग्निकांड को देखते हुए सभी विभाग सतर्क होने लगे। इस कड़ी में शुक्रवार को हैलट हॉस्पिटल में इमरजेंसी में एसआईसी डॉ. आरके सिंह ने अपनी टीम के साथ औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने अग्नि शमन के सारे उपकरणों को भली–भांति देखा, निरीक्षण के दौरान सभी उपकरण सही पाए, प्रमुख अधीक्षक डॉ. आरके सिंह ने बताया आग बुझाने की सभी उपकरण सही पाए गए। स्टाफ को ट्रेनिंग देने की जरूरत है जिसे इसी हफ्ते ट्रेनिंग के लिए तैयार किया जाएगा। जिससे कोई अनहोनी ना हो पाए। इस मौके पर सीएमएस शुब्रांशू शुक्ला, कैंपस प्रभारी डॉ अनुराग राजोरिया, बाल रोग विभाग के सीएमएस डॉ विनय कटियार मौके पर मौजूद रहे।

# हनुमान जन्मोत्सव पर भव्य कार्यक्रम का आयोजन

**बीपीएस न्यूज**

कानपुर। गांधी ग्राम सुन्दरकाण्ड सेवा मंडल के तत्वाधान में श्री हनुमान जन्मोत्सव का भव्य आयोजन किया गया। इस अवसर पर विभिन्न धार्मिक कार्यक्रमों की प्रस्तुति की गयी साथ ही भगवान हनुमान की भव्य आरती, प्रसाद वितरण और भण्डारें का आयोजन किया गया।



इस अवसर पर डा0 पारितोष मिश्रा व अजय कुमार द्विवेदी ने बताया कि हमारी संस्था मनवता व सनातन को समर्पित सामजिक एवं धार्मिक संस्था है जो समय समय पर अपने सामाजिक और धार्मिक दायित्वों का निर्वहन करती रही है और इसी के अंतर्गत श्री हनुमान जन्मोत्सव का आयोजन किया गया है। बताया ि कइस अवसर पर भव्य राम जी का दरबार सजाया गया है साथ ही हनुमान जी की विशेष पूजा अर्चना के साथ ही संगीतमय सुंन्दरकाण्ड का आयोजन किया गया है।

कार्यक्रमों की प्रस्तुति के उपरांत महाप्रसाद वितरण किया गया है। कार्यक्रम में अमित त्रिवेदी, अनिल अग्निहोत्री, नीलमणि शुक्ला, अशोक वर्मा, गिरीश श्रीवास्तव, अजय मिश्रा, सुनील तिवारी, शील उत्तम, धीरज शुक्ला, महेश पाण्डेय आदि उपस्थित रहे।

# बैंक गाड़ी चालक की रिपोर्ट आई कोरोना पॉजिटिव, घर में किया होम आइसोलेट

**बीपीएस न्यूज**

घाटमपुर। बैंक की गाड़ी चालक की एंटीजन जांच रिपोर्ट कोरोना पॉजिटिव आई है। घाटमपुर में पहला केस मिलते ही स्वास्थय विभाग अलर्ट हो गया है। वही चालक कानपुर का रहने वाला बताया जा रहा है। बताया की बैंक कर्मियों को चालक के कोरोना संक्रमित होने की सूचना दी गई है।

साथ ही चालक को कानपुर स्थित घर पर होम आइसोलेट किया गया है। देश में बीते चौबीस घंटे में कोरोना के नए मामले लगातार सामने आ रहे है। कानपुर के घाटमपुर में युवक कोरोना संक्रमित मिला है। युवक नगर स्थित एक बैंक में गाड़ी चलाने का काम करता है। उसने बीती दिन घाटमपुर सीएचसी पहुंचकर अपनी एंटीजन जांच करवाई थी। गुरुवार देर शाम लैब से आई जांच रिपोर्ट में युवक कोरोना संक्रमित मिला है। डॉक्टर ने बैंक कर्मियों को फोनकर युवक के कोरोना संक्रमित होने की सूचना दी है। साथ ही युवक के संपर्क में रहने वाले बैंक कर्मचारियों को कल घाटमपुर सीएचसी में कोरोना की जांच के लिए बुलाया गया है। वही युवक को कानपुर स्थित उसके घर पर होम आइसोलेट कर दिया गया है। घाटमपुर में कोरोना का पहला मामला मिलने के बाद से स्वास्थ्य विभाग अलर्ट मोड पर है। मामले में घाटमपुर चिकित्साधीक्षक डा कैलाश चन्द्र ने बताया की स्वास्थय टीम अलर्ट है। सभी को मास्क लगाने के लिए जागरूक किया जा रहा है।

# सूदखोरों से परेशान युवक ने लगायी इमारत से छलांग

**बीपीएस न्यूज**

कानपुर। कल्याणपुर में सूदखोर की धमकी से परेशान युवक ने तीसरी मंजिल से कूद कर जान देने की कोशिश की। परिजनों ने उसे गंभीर अवस्था में प्राईवेट अस्पताल में भर्ती कराया है। वहीं पुलिस ने तहरीर न मिलने की बात कही है।

कल्याणपुर के नानाकारी में रहने वाले राजू गुप्ता के परिजनों ने बताया कि इलाके के ही सूदखोर विपिन भाटिया से राजू ने तीन लाख रूपया तीन प्रतिशत ब्याज रपर लिया था। व्यपार ठीक न चलने के कारण पैसा नहीं दे पा रहा था। पिछले कई दिनों से सूदखोर परेशान कर रहा था। परिजनों का आरोप है सूदखोर को कुछ पैसे वापस भी दिये थे पर अब सूदखोर 6 प्रतिशत ब्याज की दर से पैसों की मांग कर रहा था । दो दिन पूर्व भी सूदखोर ने पैसा न देने पर अंजाम भुगतने की धमकी दी थी जिससे परेशान होकर राजू ने तीसरी मंजिल से कूद कर जान देने की कोशिश की। परिजनों ने उसे प्राईवेट अस्पताल में भर्ती कराया है।

# रजिस्टर से होगा थाना पुलिस के कार्यो का आंकलन



**बीपीएस न्यूज**

कानपुर। पुलिस कमिश्नरी व्यवस्था लागू होने के बाद थानों में आम जनता की शिकायतों के निस्तारण समेत थाने आने वालों के साथ पुलिस ने कैसा व्यवहार किया अब ये छुप नहीं सकेगा। थाने आने वालों का पूरा डाटा कलेक्ट करने का काम शुरू हो चुका है। थानेदारों व स्टाफ अफसर के कार्यो की समीक्षा भी होगी। साथ ही जनता की शिकातयों में थाना स्तर से कितना काम हुआ यह भी अफसर क्रास चेक करेंगे। पुलिस मैनुअल में यह व्यवस्था पहले से है पर इसका पालन किसी थान में नहीं होता था।

पुलिस कमिश्नरेट व्यवस्था के तीसरे साल में जहां आम जनमानस के लिये पुलिस अफसरों ने कई योजनायें शुरू की है तो वहीं अफसरों के यहां थानास्तार से शिकायतों का निस्तारण न होने पर आम जनमानस की भीड़ यह बयां करती है कि थानास्तर पर सुनवाई के नाम पर टरकाया जाता है। पुलिस आयुक्त बीपी जोगदंड के निर्देश पर एक बार फिर से शहर भर के थानों में विजिटर रजिस्ट्रर यानी आंगुतक रजिस्टर व्यवस्था शुरू कर दी है। सभी थानों में शिफ्टवार सिपाहियों की डयूटी भी लगायी जा रही है। मुख्य गेट पर है कॉपी पेन लिये बैठा सिपाही अब थाने आने वाले हर शख्स से उसका नाम, मोबाइल नम्बर और किससे मिलना है उसकी जानकारी अंकित करेगा। थाना स्तर पर हर रोज, एसीपी स्तर पर हर तीसरे दिन व डीसीपी स्तर पर हर सप्ताह इन रजिस्टरो की समीक्षा की जायेगी।

थाने आने वाले आवेदकों को अफसर कभी भी फोन करके क्रास चेक करेंगे उनकी समस्या का निस्तारण हुआ य नहीं। इस कार्य की संवाददाता नें चकेरी थाना, नजीराबाद थाना, फजलगंज थाना की जमीन हकीकत परखी तो सिपाही तीनो स्थानों पर मुस्तैद दिखे।

# सपा महिला सभा प्रदेश अध्यक्ष का हुआ जोरदार स्वागत

**बीपीएस न्यूज**

कानपुर। समाजवादी पार्टी महिला सभा की प्रदेश अध्यक्ष रीबू श्रीवास्तव के नगर आगमन पर समाजवादी पार्टी कानपुर नगर/ग्रामीण के जिलाध्यक्ष मुनीन्द्र शुक्ला एवं नगर अध्यक्ष हाजी फजल महमूद के नेतृत्व में महिला नेता/कार्यकर्ताओं द्वारा माला पहनाकर ग्रामीण कार्यालय नवीन मार्केट में भव्य स्वागत किया गया।उसके उपरान्त महिला सभा प्रदेश अध्यक्ष रीबू श्रीवास्तव ने कार्यकर्ताओं को सम्बोधित करते कहा कि देश व प्रदेश की भाजपा सरकार में महिलाओं के साथ बलात्कार, जघन्य अपराध लगातार हो रहे हैं जिसके कारण महिलाओं को अपमानित होना पड़रहा है। सपा शासन में महिलाओं के साथ कभी कोईऐसा अपराध नही हुआ जैसा इस सरकार में हो रहा है। वर्तमान में बढ़ती हुई मंहगाई,बेरोजगारी देश की जनता त्राहि त्राहि कर: रही है। इस महिला विरोधी भाजपा सरकार को भविष्य में होने वाले नगर निकाय चुनाव में सभी उपस्थिति महिलाओं से अनुरोध किया कि अपनी भागीदारी सुनिश्चित करते हुए चुनाव में बढ़ चढ़ कर हिस्सा लें और ज्यादा से ज्यादा सपा प्रत्याशियों को विजयी बनाने का काम करें। कार्यक्रम में मुख्य रूप से आशा सिंह,मनोरमा त्रिवेदी, नीता सचान, आशा यादव, पुष्पा श्रीवास्तव,सुलेखा यादव,कल्पना द्विवेदी, पूजा यादव,रेखा, तारा देवी, संगीता, उषा सिंह,सकीला बानो, अर्चना रावल, मंजु गुप्ता, ज्योति वर्मा,सोनी गुप्ता, शिल्पी श्रीवास्तव,फरीदा बेगम आदि बड़ी संख्या में महिलाये मौजूद रहीं।इनके अतिरिक्त विशेष आमन्त्रित सदस्यों में नगर अध्यक्ष हाजी फजल महमूद, सोमेन्द्र शर्मा, कमलेश यादव,नितेन्द्र यादव,मगब सिंह भदौरिया, गोविन्द त्रिपाठी, सुरेश गुप्ता, नरेन्द्र यादव आदि लोग भी मौजूद रहे।

# आटो ने मारी स्कूटी में टक्कर, आधा दर्जन घायल

कानपुर।जूही थाना क्षेत्र में तेज रफ्तार कार ने ऑटो और स्कूटी में टक्कर मार दी। जिससे कई लोग घायल हो गए। गुरुवार रात 11 बजे तेज रफ्तार कार ने पहले स्कूटी में टक्कर मारी, उसके बाद ऑटो में टकरा गई। पुलिस ने घायलों को अस्पताल में भर्ती कराया।किदवई नगर स्थित मार्बल मार्केट के पास नशे में कार चला रहे ड्राइवर ने अनियंत्रित होकर पहले स्कूटी में टक्कर मारी, उसके बाद ऑटो में जा घुसा।हादसे में में स्कूटी से जा रही महिला और उसके बेटे को चोटें आईं। वहीं ऑटो ड्राइवर भी घायल हो गया। ऑटो में बैठा एक युवक भी घायल हुआ और उसका पैर टूट गया। घटना के बाद मौके पर पुलिस पहुंची।

घायलों को प्राइवेट अस्पताल में भर्ती कराया ।पुलिस ने बताया कि कार चालक उमानाथ नशे की हालत में था। प्रत्यक्षदर्शी ने बताया कि कार काफी तेज गति से साउथ एक्स मॉल के सामने मार्बल मार्केट की तरफ से आ रही थी। अनियंत्रित होकर स्कूटी और ऑटो में जाकर टकरा गई। कार चालक के साथ उसका भांजा बैठा हुआ था।पुलिस ने बताया कि कार चालक अपने मालिक की गाड़ी चला रहा था।

# विश्व स्वास्थ दिवस पर किया स्वास्थ्य शिविर उद्घाटन



**बीपीएस न्यूज**

कानपुर। इंडियन मेडिकल एसोसिएशन कानपुर शाखा एवं श्री रामलला आरोग्यधाम हॉस्पिटल के संयुक्त तत्वावधान में विश्व स्वास्थ दिवस के अवसर पर एक विशाल स्वास्थ्य शिविर एवं रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। इस स्वास्थ्य शिविर का उद्घाटन शिविर के मुख्य अतिथी आलोक सिंह एडीजी कानपुर ज़ोन एवं आईएमए कानपुर के अध्यक्ष डॉ पंकज गुलाटी, डॉ प्रवीण कटियार, डॉ ए एस प्रसाद डॉ अमित सिंह गौर, भवानी भीख तिवारी, राधेश्याम सिंह कोषाध्यक्ष रामल्ला आरोग्यधाम हॉस्पिटल , डॉ सौरभ सिंह मेडिकल डायरेक्टर ने दीप प्रज्वलित करके किया।कार्यक्रम का संचालन व धन्यवाद ज्ञापन आई एम ए के सचिव डॉक्टर अमित सिंह गौर ने दिया

मुख्य अतिथि ने कहा कि आईएमए कानपुर व रामल्ला आरोग्यधाम हॉस्पिटल का ये स्वास्थ्य शिविर, मरीजों की स्क्रीनिंग के लिए बहुत ही सराहनीय कार्य है उन्होंने रक्तदान करने वाले युवाओं को प्रमाण पत्र वितरित किए और प्रोत्साहित किया उन्होंने मेडिकल कैंप और ब्लड डोनेशन कैमरा कैंप का अवलोकन भी किया। आईएमए अध्यक्ष डॉ पंकज गुलाटी ने बताया कि आज का यह मेडिकल और रक्तदान शिविर और भी ज्यादा महत्वपूर्ण हो गए हैं क्योंकि आज विश्व स्वास्थ्य दिवस भी है व डब्ल्यूएचओ की 75वीं वर्षगांठ भी है। आईएमए कानपुर के सचिव डॉ अमित सिंह गौर ने बताया इस शिविर में 258 लोगो ने अपना स्वास्थ्य प्रशिक्षण एवं जांचे करवाई, 33 मरीजों की ऑडियोमैट्री 55 लोगों की श्वष्टत्न की गई तथा 59 लोगो ने रक्त दान किया तथा 160 लोगो ने रक्तदान करने हेतु रजिस्ट्रेशन कराया। पालीवाल डायग्नोस्टिक सेंटर की तरफ से निशुल्क जांचे की गई और डॉ अवधेश शर्मा के सहयोग से हृदय रोग संस्थान की तरफ से निशुल्क ईसीजी की जांच की गई तथा डॉ सोनिया दमेले और डॉ गौरव दुबे व उनकी टीम ने निशुल्क नेत्र परीक्षण किया।

प्रतिष्ठित चिकित्सक डॉ नंदिनी रस्तोगी डॉक्टर संजीव कुमार (ईएनटी) डॉक्टर जेएस कुशवाहा डॉ आदित्य नरूला आदि ने भी अपनी सेवाएं शिविर में प्रदान कीं। शाम को आईएमए भवन में दीपमाला का आयोजन किया गया वाह आज विश्व स्वास्थ्य दिवस को समर्पण दिवस के रूप में मनाया गया।

# बारा सिरोही सीएचजी से गायब हुई नवजात बच्ची



**बीपीएस न्यूज**

कानपुर। बारा सिरोही सीएचसी में प्रसव के बाद पाली में रखी नवजात बच्ची संदिग्ध परिस्थितियों में अचानक लापता हो गयी, जिससे अस्पताल में हडकंप मच गया। आनन–फानन में बच्ची के गायब होने की सूचना पुलिस को दी गयी तो वहीं बच्ची की मां का रो–रोकर बुरा हाल हो गया है। अस्पताल प्रशासन द्वारा प्रसूता को ठांढस बंधाने के बचाये उस पर ही बच्ची किसी महिला को देने की बात कही जा रही है।

थाना सचेंडी क्षेत्र के छीतेपुर गांव के रहने वाले महेश कुमार जो कि पनकी इंडस्ट्रियल क्षेत्र में प्राइवेट नौकरी करते है उनके परिवार में उनकी पत्नी सुषमा तथा दो बेटियां है। जानकारी के अनुसार पत्नी सुषमा गर्भ से थी और गुरूवार को उन्हे प्रसव पीडा होने पर परिवार के सदस्यों द्वारा एंबुलेंस से अस्पताल ले जाते समय सुषमा ने तीसरी बच्ची को जन्म दिया। प्रसूता और नवजात बच्ची को बारा सिरोही सीएचसी में भर्ती कराया गया। शुक्रवार को पालने में रखी नवजात बच्ची अचानक गायब हो गयी, जिसके बाद अस्पताल में हडकंप मच गया। सुषमा अपनी बच्ची को न पाकर बदहवास सी हो गयी और जोर–जोर से रोने लगी। बच्ची लापता होने की सूचना पुलिस को दी गयी। मौके पर पहुंचे थाना कल्याणपुर प्रभारी देवेंद्र कुमार दबे के अनुसार बताया गया कि घटना संदिग्ध सी प्रतीत हो रही है अत: जांच के बाद ही किसी निर्णय पर पहुंचा जा सकता है। उन्होने बताया कि यह पता चला है कि जो महिला प्रसूता को लेकर आई थी और सुबह तक सुषमा के साथ बात कर रही थी वहीं महिला बच्ची को अपने साथ ले गयी है, अब जांच के बाद ही स्थिति स्पष्ट होगी।

# चोरी गई रायफल पुलिस ने की बरामद, तीन दबोचे गए



**बीपीएस न्यूज**

कानपुर। लार्ड शिवा इन्टरनेशनल फैक्टी में रायफल व अन्य सामान की चोरी करने वाले बदमाश मय चोरी के माल के लोडर व मोटरसाईकिल से ग्राम कला का पुरवा की ओर से आ रहे है। इस सूचना पर पुलिस टीम ने एक लोडर एवम् मोटर सा0 को आता देखकर रोकने का प्रयास किया गया तो वाहनो को पीछे मुड़ाकर भागने का प्रयास करने लगे। जिनको घेर घार कर आवश्यक बल का प्रयोग करते हुए रुकवाया गया। टैम्पो / लोडर एंव मो0सा0 हीरो होन्डा स्पलैन्डर को रुकवाया गया। तो मो0सा0 पर बैठा एक बदमाश भाग गया। इसके बाद लोडर मे बैठे दोनो व्यक्तियो एंव मो0सा0 पर सवार व्यक्ति से हिकमत अमूली से पूछताछ की गयी तो बताया कि तो लोडर मे बैठे व्यक्तियो ने अपना नाम सुल्तान उर्फ रहबर अली पुत्र नवाब अली नि0 20 सी नौरैया खेडा गोविन्द नगर थाना गोविन्द नगर उम्र करीब 32 वर्ष दीपक उर्फ दीपू पुत्र मुकेश नि) हालपता कच्ची बस्ती नहर किनारे गुजैनी थाना गुजैनी मूल पता कस्बा जलालाबाद थाना जलालाबाद जिला शहाजहाँपुर उम्र करीब 20 वर्ष एव मो0सा0 पर सवार व्यक्ति ने अपना नाम निखिल पुत्र भगवानदीन नि0 ए–3 कनौजिया बिल्डिंग नौरैया खेडा थाना गोविन्द नगर उम्र करीब 21 वर्ष एव भागे हुए व्यक्ति का नाम नरेन्द्र पुत्र ओम प्रकाश नि0 ग्राम नवीपुर कंचोसी कानपुर देहात तत्पाश्चात तलाश ली गयी तो तीनो व्यक्तियों के कब्जे से रायफल बोर मय अदद कारतूस बोर मय मैगजीन एंव मु0अ0सं0 से सम्बन्धित एक सिलेन्डर इन्डेन खाली लाल रंग का बरामद हुआ पूछने पर बताया कि कबाड़ व्यापारी बब्बन को बेचने जा रहे है। मु0अ0सं0 धारा भादवि पंजीकृत है जिसकी विवेचना उ0नि0 दिनेश कुमार द्वारा की जा रही है जोकि मौके पर ही मौजूद है तथा विवेचनात्मक कार्यवाही हेतू अवगत है उपरोक्त को उनके जुर्म धारा भादवि से अवगत कराते हुए पुलिस हिरासत में ले लिया।

# बनें 291 केदियों के आधार कार्ड व बैक अकांउट

कानपुर। जिला कारागार में कैदियों का आधार कार्ड और बैंक खाता खोला गया। जेल के कैदियों का आधार अपडेट और बैंक अकाउंट कौशल विकास मिशन और जिला कारागार विभाग के अनुबंध पर खोला गया। बैंक अकाउंट खोले जाने का कार्य कैदियों के जेल में अर्जित की गई रकम को सीधे बैंक खाते में ट्रांसफर कराए जाने के लिए किया गया।शहर के सरसैया घाट के पास बने जिला कारागार में कैदियों के आधार कार्ड बनवाए गए। जेल में बंद कैदियों के अकाउंट खुलवाए जाने के लिए आधार कार्ड की जरूरत पर आधार कार्ड अपडेट और बनवाने का काम किया गया। जेल में बंद कैदी जेल के अंदर ही परिश्रम करके काम करते हैं, उसके लिए उन्हें मेहनताना दिया जाता है। वह रकम सीधे बैंक अकाउंट में ट्रांसफर कर दी जाए, इसलिए कैदियों के बैंक अकाउंट खुलवाए गए। कानपुर जिला कारागार के जेल अधीक्षक डॉ बीडी पाण्डेय ने बताया कि जेल में बंद कैदियों में 291 लोगों के आधार कार्ड अपडेट व नए आधार कार्ड बनाए जाने का काम किया गया है। शहर की स्टेट बैंक मुख्य शाखा में कैदियों के बैंक खाता खुलवाने का काम भी कराया गया है।डॉ बीडी पाण्डेय ने बताया की जेल में कैदियों को रोजगार के लिए प्रशिक्षण भी दिया जाता है।

## यातायात पुलिस ने डग्गामार वाहनों पर की कार्रवाई

**बीपीएस न्यूज** घाटमपुर। ट्रैफिक पुलिस ने डग्गामार वाहनों के खिलाफ अभियान चलाकर कार्रवाई की है। इस दौरान ट्रैफिक पुलिस ने हाइवे किनारे खड़े 11 डग्गामार ऑटो पर सीज की कार्रवाई की है। पुलिस की कार्रवाई से कुछ डग्गामार चालक वाहन लेकर मौके से भाग निकले। ट्रैफिक एसआई सतेंद्र कुमार ने बताया की घाटमपुर नगर के चौराहे पर भोगनीपुर – चौडगरा मार्ग पर स्थित घाटमपुर थाने के पास से लेकर घाटमपुर सीएचसी के आसपास खड़े डग्गामार वाहनों पर चालान समेत कुछ वाहनों पर सीज की कार्रवाई की गई है। जिसके बाद उन्होंने कानपुर – सागर राष्ट्रीय राजमार्ग पर अभियान चलाकर उन्होंने बस स्टॉप और हमीरपुर रोड की ओर हाइवे किनारे वाहनों पर चालान की कार्रवाई की है। उन्होंने बताया की इस दौरान डग्गामार वाहन चालकों को हिदायत दी गई है।

# चिंगारी से धधका खेत, फसल जलकर हुई खाक

कानपुर। महाराजपुर थाना क्षेत्र में 10 बीघा से ज्यादा खेत में आग लगने से फसल बर्बाद हो गई। सरसौल स्थित खेतों में गेहूं की खड़ी फसल पर हाईटेंशन का तार गिर जाने की वजह से आग लग गई। गांव के लोग आग को देखकर खेतों की तरफ दौड़े और आग बुझाने में जुट गए। कुछ ही देर में मौके पर दमकल की गाड़ी पहुंची और आग पर काबू पाया, लेकिन तब तक लाखों की गेहूं की फसल बर्बाद हो चुकी थी।शुक्रवार की दोपहर तकरीबन 12 बजे सरसौल गांव में खेतों में अचानक आग की लपटें दिखाई दीं। तेज हवा के चलते आग खेतों में तेजी से फैलने लगी। देखते ही देखते आग ने 10 बीघा गेहूं की फसल को जलाकर राख कर दिया। किसानों ने बताया की खेत के ऊपर से बिजली का तार जा रहा था, जो टूट कर और खेतों पर गिर गया। जिसकी वजह से आग लग गई।दमकल ने आग पर काबू पाया। किसानों का कहना है कि बड़ी मेहनत और लागत के बाद फसल कटने को तैयार हुई थी, लेकिन आग ने सब कुछ बर्बाद करके रख दिया। वहीं रेलबाजार में रॉयल गार्डेन के पास बनी अवैध झोपड़ी आग की चपेट में आ गयी जिससे बड़ा हादसा होते बचा। देर रात गेस्ट हाउस के बाहर झोपडी में आग लगी थी।

# गंगा बैराज पर सुसाइड करने पहुंचे बिहार के वन दरोगा को पुलिस ने दबोचा

**बीपीएस न्यूज**

कानपुर। कानपुर कमिश्नरेट पुलिस ने गंगा बैराज पर सुसाइड करने पहुंचे बिहार के वन दरोगा को सर्विलांस की मदद से दबोच लिया। दरोगा की किदवई नगर स्थित वन विभाग के वानिकी प्रशिक्षण केंद्र में ट्रेनिंग चल रही थी। महिला कांस्टेबल की ब्लैकमेलिंग से अवसाद में था। सुसाइड करने पहुंच गया था। सूचना पर सर्विलांस की मदद से पुलिस ने दबोच लिया।

डीसीपी सेंट्रल प्रमोद कुमार ने बताया कि मूल रूप से बिहार के खरौना जिला निवासी प्रिंस कुमार राय वन विभाग के अंडर ट्रेनी दरोगा हैं। मौजूदा समय में उनकी किदवई नगर स्थित वन विभाग के ट्रेनिंग सेंटर वानिकी प्रशिक्षण केंद्र में ट्रेनिंग चल रही है। शुक्रवार देर शाम प्रिंस अचानक से ट्रेनिंग सेंटर से लापता हो गए। उनके साथियों ने पुलिस को जानकारी दी कि प्रिंस अवसाद में हैं, कोई गलत कदम उठा सकते हैं।मामले की जानकारी मिलते ही सर्विलांस टीम ने देखा तो उनकी लोकेशन गंगा बैराज पर मिली। पुलिस की टीम फौरन गंगा बैराज पहुंची तो देखा कि गंगा किनारे आत्महत्या की तैयारी प्रिंस बैठा था। फूट-फूट कर रो रहा था। पुलिस ने फौरन प्रिंस को पकड़ लिया।

पूछताछ में प्रिंस ने बताया कि बिहार की ही एक महिला कांस्टेबल से उसकी नजदीकी थी। अब उसे ब्लैकमेल करके रेप में फंसाने और शादी का दबाव बना रही है।

जबकि वह पहले से ही शादीशुदा है। कोहना थाने की पुलिस ने पूरे मामले की जानकारी उनके परिजनों और ट्रेनिंग सेंटर में दी। इसके बाद दरोगा को ट्रेनिंग सेंटर के अफसरों के सुपुर्द कर दिया।

# खड़ी गाड़ी पर पत्थर मारे जाने को लेकर पुलिस ने कसा शिकंजा



**बीपीएस न्यूज**

कानपुर। मण्डल सुरक्षा नियन्त्रण कक्ष से सूचना प्राप्त हुई कि झकरकटी यार्ड में रात्री के मध्य 5 मार्च को सिगनल पर खड़ी गाड़ी संख्या 22538 कुशीनगर एक्स. में कुछ बच्चो द्वारा पत्थर मारे गये है जिससे डी-3 का शीशा टूट गया है। उक्त सूचना के अनुपालन में मुझ अधोहस्ताक्षरी द्वारा घटना स्थल को अटेंड कर मामले की जॉच की गई तो पाया गया कि उक्त घटना जी0एम0सी0 परिक्षेत्र के सिगनल नं. 48 जीएमसीजेस के झकरकटी एरिये खड़ी गाड़ी में बच्चो द्वारा कारित करना पाया गया। मामले में अपराधिक हस्तक्षेप पाये जाने पर रे0सु0ब0 पोस्ट जी0एम0सी0 पर अज्ञात के विरूद्ध निरीक्षक सुरूचि शर्मा के द्वारा मु0अ0स0 अनतर्गत धारा 153 रेलवे एक्ट पंजीकृत किया गया। प्रधान मुख्य सुरक्षा आयुक्त के आदेश के अनुपालन में व वरिष्ठ मंडल सुरक्षा आयुक्त के निर्देशन में तथा पोस्ट कमांडर रेलवे सुरक्षा बल पोस्ट जीएमसी के कुशल पर्यवेक्षण में रे0सु0ब0 पोस्ट जी0एम0सी0 स्टाफ, डी.एण्ड आई तथा जी0आर0पी0 चैकी गोविन्दपुरी संयुक्त टीम का गठन कर सुरागरसी पतारसी कराई जा रही थी। जिसके तहत (1) अनुराग पुत्र पप्पू उम्र 14 वर्ष लगभग नि0 राखी मण्डी झकरकटी सैयद बाबा मजार अनवरगंज थाना रायपुरवा जिला कानपुर (2) फिरोज पुत्र इस्लाम उम्र 15 वर्ष लगभग नि. राखी मण्डी झकरकटी सैयद बाबा मजार अनवरगंज थाना रायपुरवा जिला कानपुर (3) मुन्ना पुत्र सुल्तान उम्र 11 वर्ष लगभग पता उपरोक्त को 07 मार्च को कच्ची मड़ईया मजार के पश्चिम तरफ लगभग 20 कदम पर कब्जा व निगरानी लिया गया। जिनके द्वारा घटना को स्वीकार किया गया। जिसके आधार पर उक्त मुकदमे से सम्बद्ध किया गया। सभी बाल अपचारियो को किशोर न्याय बोर्ड के समक्ष पेश किया जायेगा।

गिरफ्तार करने वाली टीम उप निरी - गोपाल सिंह, रे0सु0ब0 पोस्ट जी0एम0सी0 कास्टे. - शेखर सिंह, रे0सु0ब0 पोस्ट जी0एम0सी0 कास्टे.- रमेश नाविक, रे0सु0ब0 पोस्ट जी0एम0सी0 कास्टे.-मनीष कुमार रे0सु0ब0, पोस्ट जी0एम0सी0 उप निरीक्षक - दिवाकर पाण्डेय जी0आर0पी0 चैकी गोविन्दपुरी थाना कानपुर सेन्ट्रल हे0का0- हरेन्द्र सिंह जी0आर0पी0 चैकी गोविन्दपुरी थाना कानपुर सेन्ट्रल हे0का0 - सैयद अली अब्बास, रे0सु0ब0/डी एण्ड आई/रे0सु0ब0/ कानपुर कास्टे. -सोमनाथ रे0सु0ब0/ डी एण्ड आई/रे0सु0ब0/कानपुर।

# गेहूं फसल की कटाई मड़ाई करते समय रखें विशेष सावधानिया: डॉ. आर के सिंह



**बीपीएस न्यूज**

कानपुर। सीएसए के कुलपति डॉ. बिजेंद्र सिंह द्वारा जारी निर्देश के क्रम में शोध निदेशालय के वैज्ञानिक डॉक्टर आर के सिंह ने एडवाइजरी जारी कर कहा है कि किसान भाई अपने खेतों पर कार्य करने वाले लोगों के लिए सुरक्षात्मक कदम उठाते हुए फसलों की कटाई एवं मड़ाई इत्यादि कार्य संपन्न करें। उन्होंने कहा है कि गेहूं या सरसों की फसल काटते समय अपना मुंह मास्क या अंगोछे से ढक कर रखें। डॉक्टर भानु ने बताया कि किसान भाई कंबाइन मशीन, रीपर या अन्य यंत्रों जैसे हसिया द्वारा गेहूं की कटाई करते हैं कृषि यंत्रों के प्रयोग करते समय कभी-कभी चिंगारियां निकलती है या फसल कटाई करने वाले लोगों द्वारा धूम्रपान का प्रयोग किया जाता है जिसकी चिंगारी से फसल जलकर राख हो सकती है ऐसे समय में किसान भाई सावधानी बरतें की कोई धूम्रपान न करने पाए किसान भाइयों के पास फसल मड़ाई करते समय अनुपयोगी जूट के बोरे आदि को पूर्ण रूप से पानी में डुबोकर थ्रेशिंग कार्य करते समय आसपास जरूर रखें। जिससे आग लगने की दशा में गीले बोरों को डालकर आग बुझाया जा सके। तथा बड़ी दुर्घटना से बचा जा सके। मड़ाई यंत्र को समतल दशा में स्थापित करें तथा थ्रेसर में लगाई गई सुरक्षा तंत्रों को न हटाए । डॉ सिंह ने किसान भाइयों को यह भी एडवाइजरी दी है की थ्रेसर पर कार्य करते समय शरीर पर ढीले कपड़े, घड़ी, कड़ा इत्यादि पहनकर कार्य न करें। विश्वविद्यालय के सहायक निदेशक शोध डॉ मनोज मिश्रा ने बताया कि फसल थ्रेसर में लगाते समय हाथ को उचित दूरी पर ही रखें तथा थ्रेशिंग कार्य करते समय आपस में बातें न करें। इस समय चौकस रहने की आवश्यकता होती है। डॉक्टर मिश्रा ने कहा कि थ्रेसर में किसी प्रकार का समायोजन तभी करें जब इंजन या मोटर बंद हो। थ्रेसर को चलाने के पूर्व यह सुनिश्चित कर ले की थ्रेसर की सभी घूमने वाली वस्तुएं बिना रुकावट के घूम रही हो। किसान भाई इन सब बातों को ध्यान में रखकर फसल की कटाई एवं मड़ाई का कार्य संपादित करें।

# सीएचसी से चोरी नवजात बरामद, महिला गिरफ्तार

**बीपीएस न्यूज**

कानपुर। कल्याणपुर सीएचसी से चोरी हुआ नवजात बच्ची को कानपुर देहात की पुलिस ने राजपुर से बरामद कर लिया है। महिला ने बच्ची को चोरी करने के बाद कानपुर देहात के निसंतान दंपति को बेच दिया था। पड़ोसियों की सूचना पर पुलिस ने छापेमारी करके बच्ची को बरामद कर लिया। इसके साथ ही उसके परिजनों को सुपुर्द करने की प्रक्रिया चल रही है। कल्याणपुर थाना क्षेत्र के छीतेपुर निवासी महेश की पत्नी सुषमा देवी को गुरुवार को घर पर प्रसव हुआ था। प्रसव के बाद सुषमा की हालत बिगड़ने पर एंबुलेंस से सीएचसी कल्याणपुर में भर्ती कराया गया। जनरल वार्ड में भर्ती सुषमा की नवजात शुक्रवार की सुबह चोरी हो गई थी। अस्पताल से नवजात चोरी होने की घटना से हड़कंप मच गया था। कानपुर देहात के एसपी बीबीजीटीएस मूर्ति ने बताया कि उन्हें सूचना मिली कि राजपुर थाना क्षेत्र के एक गांव में निसंतान दंपति के घर नवजात बच्ची आई है। जबकि उनके घर में कोई महिला गर्भवती नहीं थी, अचानक से बच्ची आ गई। इधर कल्याणपुर से नवजात के चोरी होने के बाद मोहल्ले के लोगों ने शक होने के बाद पुलिस को सूचना दी थी। मामले की जानकारी मिलते ही राजपुर थाने की पुलिस ने छापा मारा तो सच्चाई सामने आ गई। दंपति ने बताया कि उन्होंने एक महिला ने नवजात को खरीदा है। उनके कोई भी संतान नहीं थी। इसके बाद पुलिस ने छापेमारी करके आरोपित महिला को भी हिरासत में लिया है। इधर परिजनों को बच्चा सुपुर्द करने के लिए थाने बुलाया गया है।

थानाध्यक्ष देव नरायण द्विवेदी ने बताया कि जिस महिला से नवजात बरामद हुआ है, उसे कल्याणपुर पुलिस के हवाले कर दिया गया है। जबकि बच्ची चोरी का मामला कल्याणपुर थाना में दर्ज होने के चलते नवजात को कल्याणपुर पुलिस की मौजूदगी में परिजनों के सुपुर्द कर दिया गया है।

# जीरो बैलेंस के एकाउंट्स खुलवाकर दिलाया लाभ



कानपुर। वार्ड-90 दानाखोरी भाजपा पार्षद गुरू नारायन हिन्दू द्वारा 8 अप्रैल दिन शनिवार को सीताराम मोहाल लैय्या मण्डी मैदान श्री उमा महेश्वर मंदिर प्रांगण में केनरा बैंक, बिरहाना रोड शाखा के अधिकारियों रमेशचन्द्र गुड्डू अवस्थी, कुलवंत सिंह पटेल , साक्षी त्रिपाठी, महेश कुमार के सहयोग से आयोजित कैम्प में प्रधानमंत्री जन-धन योजना के अन्तर्गत ससम्मानित क्षेत्रीय नागरिकों/मातृशक्ति बहनो व बच्चों के लगभग 52 जीरो बैलेंस के अकाउंट खुलवाकर दुर्घटना बीमा योजना/सामान्य मृत्यु बीमा योजना/अटल पेंशन बीमा योजना का लाभ दिलाया इस अवसर पर सर्वेन्द्र सर्राफ, सुरेश अग्रहरि, रामप्रसाद गुप्ता , हरीश पिंटू गुप्ता, महेंद्र गुप्ता, अनिल मिश्रा, वरिष्ठ पत्रकार अजय पाण्डेय , सूरज कश्यप , रिंटू राठौर, अजय शुक्ला, पूनम खन्ना, लता अवस्थी , दिलीप गुप्ता , मनोज गुप्ता, सत्येन्द्र शर्मा, नमो गुप्ता ने उपस्थित रहकर अपनी सहभागिता की।

# मेधावियों को प्रतीक चिन्ह देकर किया गया सम्मानित



**बीपीएस न्यूज**

घाटमपुर। यमुना तटवर्ती क्षेत्र के प्राथमिक विद्यालय समुही भटपुरवा में आयोजित रिजल्ट कार्ड वितरण समारोह में मेधावी छात्र छात्राओं को प्रतीक चिन्ह देकर सम्मानित किया गया। प्रधानाध्यापिका प्रियंका तिवारी ने बताया कि बच्चों की छिपी प्रतिभा को निखारने के लिए बच्चों प्रोत्साहन उत्साह सम्मान जरूरी है। इस मौके पर मुख्य अतिथि घाटमपुर विधायिका सरोज कुरील, विद्यालय प्रधानाध्यापिका प्रियंका तिवारी, यूटा जिलाध्यक्ष शरद तिवारी, प्रबंध समिति अध्यक्ष सुमन देवी, विमल कुमार ए आर पी स्वप्निल वर्मा, मनोज यादव, प्रमोद पांडेय, हिमांशू, सुरजन, चंद्रकांत, सृजन एक सोच से ओम प्रजापति, आरोग्य यान पायलट धर्मेंद्र, क्षेत्र पंचायत सदस्य दीपेश प्रजापति, जिला पंचायत सदस्य रामकरन निषाद,, दीपू दुबे, संदीप, एवं विद्यालय स्टाफ मौजूद मौजूद रहा। ग्रामीण अभिवावकों ने विद्यालय के जर्जर भवन के बनवाने के लिए अपनी समस्या रखी तभी विधायिका ने ग्रामीणों से लिखित में देने को कहा तो विधायिका ससम्मान ग्रामीणों प्रार्थना पत्र लिखित देकर विधायक की बात का किया और जल्द ही विद्यालय भवन के मरम्मत का आश्वासन दिया। इसी दौरा1 सृजन एक सोच संस्था ने निशुल्क हेल्थ कैंप लगाकर बच्चों व ग्रामीणों मुफ्त इलाज किया।

# पुलिस की शह पर चल रहे सेक्स रैकेट, चैटिंग वायरल



कानपुर। शहर में स्पा सेंटर के जरिये चल हे सेक्स रैकेट से हर माह चौथ वसूलने के आरोपो से घिरी कानपुर पुलिस कमिश्नरेट की एक चैटिंग ने और ज्यादा किरकिरी करा दी। जाजमऊ, चकेरी में चल रहे सेक्स रैकेट के बदल में हर माह पैसा हर रोज एक नई लड़की की व्यवस्था करना का चैट वायारल हुआ तो पुलिस महकमे में हड़कम्प मच गया। तत्काल एक टीम गठित करके सेक्स रैकेट से जुड़े लोगों को दबोचने में लगा दिया गया है।

शनिवार को सोशल मीडिया पर एक चैटिंग खूब तेजी से वायल हुई जिसमें चकेरी इलाके में सेक्स रैकेट जोरों से चलने का भंडाफोड़ हो गया। चैटिंग में ग्राहक से रेट और लड़कियों की फोटों दिखाने सम्बंधि चैट है। इस चैट में एक दरोगा का जिक्र भी है जिसमें लिखा है कि दारोगा जी के लिये गोरखपुर से लड़कियों का स्टाक मंगाया गया है। फूल नाइट के रेट और स्थान सम्बंधी चैटिंग भी है।

पूरी चैट में रेट और कुछ लड़कियों के नामों का जिक्र है जिसमें सर्विस अच्छी देने और चौकी बंधी होने का हवाला दिया गया है। वायरल चैटिंग में एक नम्बर भी ऊपर दर्शा रहा है। वायरल चैटिंग की हमारा अखबार पुष्टि नहीं करता है। मामले में अफसरों ने जांच के आदेश दिये है।

# घाटमपुर में कोरोना के दो नए मरीज, स्वास्थ्य विभाग अलर्ट

**बीपीएस न्यूज**

घाटमपुर। अलग अलग दो गावों में महिला समेत दो लोगों की रिपोर्ट कोरोना पॉजिटिव आई है। बीते दिनों बैंक ड्राइवर कोरोना पॉजिटिव निकला था। स्वास्थय विभाग की टीम ने दोनो नए मरीजों को होम आइसोलेट किया है। साथ ही उनके संपर्क में रहने वाले लोगो को सूची तैयार कर उन्हे जांच के लिए घाटमपुर सीएचसी में बुलाया है। देश में बीते चौबीस घंटे में कोरोना के नए मामले लगातार सामने आ रहे है। कानपुर के घाटमपुर में महिला समेत दो लोगों की रिपोर्ट कोरोना संक्रमित आई है। महिला घाटमपुर क्षेत्र के बरौली और युवक राहा गांव का रहने वाला है। दोनो ने शनिवार को घाटमपुर सीएचसी पहुंचकर अपनी एंटीजन जांच करवाई थी, शनिवार देर शाम लैब से आई जांच रिपोर्ट में युवक और महिला कोरोना संक्रमित मिले है। डॉक्टर ने फोनकर युवक और महिला को कोरोना संक्रमित होने की सूचना दी। साथ ही दोनो को होम आइसोलेट किया गया है। वही दोनो के संपर्क में आने वाले लोगों को घाटमपुर सीएचसी में कोरोना की जांच के लिए बुलाया गया है। बीते दिनों एक बैंक का ड्राइवर कोरोना संक्रमित मिला था। यहां पर कोरोना संक्रमितो की संख्या तीन हो गई है। वही युवक को कानपुर स्थित उसके घर पर होम आइसोलेशन में रखा गया है। घाटमपुर में कोरोना का तीसरा मामला मिलने के बाद से स्वास्थ्य विभाग अलर्ट है। मामले में घाटमपुर चिकित्साधीक्षक डा. कैलाश चन्द्र ने बताया की स्वास्थ्य टीम अलर्ट है। सभी को मास्क पहनने के लिए जागरूक किया जा रहा है। वहीं संक्रमितों को होम आइसोलेशन पर रखा गया है।

# फसलों में कीट एवं रोगों का प्रबंधन नितांत आवश्यक

**बीपीएस न्यूज**

कानपुर। सीएसए के कुलपति डॉक्टर बिजेंद्र सिंह के निर्देश के क्रम में आज दलीप नगर कृषि विज्ञान केंद्र के प्रभारी एवं फसल सुरक्षा वैज्ञानिक डॉक्टर अजय कुमार सिंह ने सब्जी उत्पादक किसानों के लिए एडवाइजरी जारी की है। उन्होंने बताया कि गर्मी के मौसम में सब्जियों में कई प्रकार के कीड़े लगते हैं जिनका प्रबंधन किया जाना नितांत आवश्यक है। उन्होंने बताया कि सब्जी उत्पादन की पूरी क्षमता हासिल करने में अनेक कीट एवं बीमारियों का प्रकोप होने से आर्थिक नुकसान होता है। उन्होंने कहा कि एक आकलन के अनुसार कीटों से 30 से 40त्र तक पैदावार में नुकसान हो जाता है। डॉक्टर सिंह ने किसानों को बताया कि सब्जियों के फलों पर फल मक्खी कीट का ज्यादा प्रकोप होता है।जो नरम फलों में सुरंग करता है तथा फल अंदर से सड़ जाता है जिससे किसानों का आर्थिक नुकसान होता है।इसकी रोकथाम के लिए मेलाथियान 50 ई सी नामक कीटनाशक का बुरकाव फसल पर करना चाहिए। इसके साथ ही लाल भृंग कीट भी नुकसान पहुंचाता है। जो पतियों, फलों की ऊपरी सतह को चट कर जाता है। इसकी रोकथाम के लिए 50 ईसी मेलाथियान पाउडर का बुरकाव करना चाहिए। डॉ सिंह ने सब्जी उत्पादक किसानों को सलाह देते हुए बताया कि सफेद मक्खी व रस चूसने वाले कीड़े भी फसलों को नुकसान पहुंचाते हैं। इनकी रोकथाम के लिए 100 मिलीलीटर इमिडाक्लोप्रिड 200 एस एल प्रति हैक्टेयर पानी में घोलकर छिड़काव करें। जिससे कि कीट प्रबंधन होगा और फसल अच्छी होगी।

# संचालक पद हेतु उम्मीदवारों की दावेदारी, पेश किया नामांकन

माधौगढ़ तहसील की नगर पंचायत माधौगढ़ के क्रय विक्रय सहकारी समिति लि के कार्यालय में संचालक पद हेतु उम्मीदवारों ने अपनी। अपनी उम्मीदवारी करते हुए नामांकन पत्र दाखिल किए। क्रय विक्रय सहकारी समिति लि माधौगढ़ से हरौली निवासिनी मुन्नी देवी यानिकि राहुल सिंह की माताजी ने सैकड़ों भाजपाईयों और अपार जनसर्मथन के साथ भाजपा जिंदाबाद के नारों के साथ बाजार से होते हुए अपना नामांकन पत्र दाखिल किया।तो दूसरी ओर से जितेंद्र कुमार गुप्ता ने भी दमदारी के साथ नामांकन पत्र दाखिल किया। अटागांव और गोपालपुरा सहकारी समिति लि से अमृता सिंह ने ऊमरी सहकारी समिति लि से कीरत सिंह व अतुल कुमार बहराई और रविन्द्र सिंह मजीट ने गोहन गोराभूपका सहकारी समिति लि से सौरभ सिंह शहबाजपुर जितेंद्र सिंह पडकुला अनोज कुमार जगमम्नपुर और बहादुर पुर सहकारी समिति लि से बृजपाल सिंह पतराही ने रामपुरा सिदधपुरा और नावर सहकारी समिति लि से तहसीलदार सिंह मई रूद्रपुरा और धमना सहकारी समिति लि से बृजेश प्रताप सिंह राजावत पूर्व प्रधान रूद्रपुरा सरावन और अमखेडा सहकारी समिति लि से सुशील कुमार सरावन और अजीत सिंह सरावन ने हरौली और मिझौना सहकारी समिति लि से सुमन देवी कैलोर और किरन देवी मिझौना माधौगढ़ क्रय विक्रय सहकारी समिति लि से मुन्नी देवी हरौली आदि रहे।

# किसान ने लगाई फांसी

कोंच(जालौन)। एक किसान ने पेड़ से फाँसी लगाकर आत्महत्या कर ली। प्राप्त जानकारी के अनुसार कैलिया थाना क्षेत्र के ग्राम ब्यौना राजा निवासी 52 वर्षीय किसान काशीराम पुत्र नारायण दास राजपूत गत रोज शुक्रवार की देर शाम गांव से बाहर स्थित अपने खेत पर जाने की बात कहकर घर से निकला हुआ था। रास्ते में लगे बबूल के पेड़ से उसने गमछे के सहारे फाँसी लगा ली। कुछ समय बाद जब काशीराम को फाँसी पर झूलते हुए ग्रामीणों ने देखा तो इसकी सूचना थाना पुलिस को दी। सीओ शैलेन्द्र कुमार वाजपेयी थाना पुलिस के साथ मौके पर पहुंचे और शव को नीचे उतरवाकर पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। मृतक के दो पुत्र हैं।

# मंडी में लगी आग, तीन दुकानें जलकर खाक

घाटमपुर। सब्जी मंडी में तीन दुकानों में अचानक आग लग गई। देखते ही देखते आग ने विकराल रूप ले लिया। दुकानदारों ने घटना की सूचना फायर ब्रिगेड और पुलिस को दी। मौके पर पहुंची फायर ब्रिगेड की टीम ने दो घंटे की कड़ी मशक्कत से आग पर काबू पाया है। आग की चपेट में आने से हजारों रुपए की सब्जी समेत गोलक में रक्खे रुपए जलकर राख हो गए। जिससे दुकानदारों का हजारों का नुकसान हुए हैं। नगर के शेखवाड़ा मोहल्ला निवासी जुगनू ने बताया की उनकी नगर के मंडी में सब्जी की आढत की दुकान है। शनिवार शाम अचानक दुकान में आग लग गई।

# बाढ़ में कटाव से गांव बचाने के लिए रिटेनिंग वॉल का शिलान्यास



माधौगढ़ ,जालौन । विकास खंड रामपुरा के पंचनद क्षेत्र में प्रतिवर्ष आने वाली बाढ़ से हो रही कटान के कारण नष्ट होने जा रहे गांव को बचाने के लिए क्षेत्रीय विधायक ने रिटेनिंग वॉल के निर्माण हेतु भूमि पूजन का शिलान्यास किया। विकासखंड रामपुरा अंतर्गत पंचनद क्षेत्र में गत दो वर्षों से लगातार भीषण बाढ़ के कारण यमुना के तटबंधो में कटान का सिलसिला जारी है जिससे यमुना तट पर बसे कई गांव नष्ट होने की कगार पर पहुंच गए हैं इसमें सर्वाधिक कटान ग्राम बेरा में हुई। ग्रामीणों की मानें तो ग्राम बेरा में यमुना के तट पर बाढ़ के कारण 40 से 50 मीटर तक भीतर चौड़ाई में मिट्टी की ऊंची ऊंची तटीय कगारें पानी की तेज रफ्तार के कारण कटाव होने से बह गई है और उन पर निर्मित कई मकान भी सिर्फ स्मृतियों में रह गए है, परिणाम स्वरूप बहुत कम आबादी वाला गांव बेरा पूर्णत: नष्ट होने की स्थिति में आ गया एवं सिंचाई के लिए अति महत्वपूर्ण बेरा पंप केनाल परियोजना भी नष्ट होने की स्थिति में पहुंच गई । इस विभीषिका को वर्तमान ब्लॉक प्रमुख रामपुरा अजीत सिंह सेंगर ने देखा एवं सदियों पुराने गांव तथा उसके निवासियों व बेरा पंप कैनाल को बचाने के लिए माधौगढ़ विधायक मूलचंद्र सिंह निरंजन व शासन को अवगत करवाकर कटाव से होने वाली क्षति को रोकने के लिए रिटेनिंग वॉल बनवाने का अनुरोध किया। ब्लाक प्रमुख के इस भागीरथी प्रयास से क्षेत्रीय विधायक श्री निरंजन के अनुमोदन पर सरकार ने सवा चार करोड़ रूपया की लागत से बनने वाली रिटेनिंग वॉल बनवाए जाने की स्वीकृति देकर बेतवा नहर प्रखंड प्रथम जनपद जालौन उरई को कार्यदायी संस्था के रूप में निर्माण कार्य करने का आदेश दिया है। ज्ञात हो कि विकासखंड रामपुरा के ग्राम बेरा में यमुना तट के दाहिने किनारे पर सिंचाई यांत्रिकी बेरी पंप कैनाल स्थित है इस परियोजना को बाढ़ से सुरक्षा प्रदान करने हेतु सवा चार करोड़ की लागत की बाढ सुरक्षात्मक कार्य की परियोजना का शिलान्यास क्षेत्रीय विधायक मूलचंद्र सिंह निरंजन ने भूमि पूजन करके किया , इस अवसर पर श्री निरंजन ने कहा कि विकासखंड रामपुरा का अधिकांश भाग नदियों के तट पर बसा ग्रामीण इलाका है । गत दो वर्षों से विभिन्न नदियों की बाढ़ ने जो तांडव कर विनाश लीला की है उससे अनेक लोग बेघर हुए व अनेक गांव उजड़ गए । उप्र के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के आदेश पर बाढ़ में डूबने वाले गांवों को लोगों को ऊंचाई वाले सुरक्षित स्थान पर बसाने हेतु निशुल्क जमीन मुहैया कराई गई है एवं जिन गांवों को बचाया जा सकता है उन्हें बचाने के लिए शासन द्वारा हर संभव प्रयास किया जा रहा है । विधायक श्री निरंजन ने ब्लाक प्रमुख अजीत सिंह के प्रयास की सराहना करते हुए कहा कि नदी के तटवर्ती गांवों की सुरक्षा के लिए ब्लाक प्रमुख अजीत सिंह के प्रयास सराहनीय है परिणाम स्वरूप गांव बेरा व पंप कैनाल परियोजना को बचाने के लिए शासन ने 4.25 करोड़ की धनराशि स्वीकृत कर रिटेनिंग वॉल बनाने का कार्य प्रारंभ करा दिया गया है । उन्होंने कहा कि प्रदेश में डबल इंजन की सरकार के द्वारा कराए जा रहे विकास कार्यों से लोगों में उत्साह है लघु और कुटीर उद्योग से रोजी रोटी के लिए दूसरे प्रदेशों में धंधा करने के लिए जाने वाले युवकों को भविष्य में यही रोजगार मिलेगा एवं अब तक पिछडा रहा यह क्षेत्र अतिशीघ्र साधन संपन्न होगा। इस अवसर पर भाजपा के पूर्व जिला उपाध्यक्ष सुनील शर्मा , महेश सिंह राजावत विधायक प्रतिनिधि, अमित उर्फ पिंकी पुरवार रामपुरा, पिंकी त्रिपाठी सत्येंद्र सिंह बबलू डिकौली हिमांशु चिरवारिया , बेतवा नहर प्रखंड प्रथम के अधिशासी अभियंता धर्म घोष ,वसीम राजा सहायक अभियंता, शिव शंकर जेई, नरेंद्र सिंह सेंगर मंडल उपाध्यक्ष, देवेंद्र सिंह मंडल मंत्री मनोज शिवहरे, सचिन कुमार, निक्की सिंह, आदि सैकड़ों क्षेत्रीय प्रतिष्ठित ग्रामीण मौजूद थे।

# समाधान दिवस में आयीं 6 शिकायतें




कोंच(जालौन)-शनिवार को कोतवाली परिसर में आयोजित किये गए समाधान दिवस में फरियादियों द्वारा 6 शिकायतें दर्ज कराई गयीं। मौके पर मात्र 1 शिकायत ही निस्तारित की जा सकी। समाधान दिवस की अध्यक्षता कर रहे क्राइम इंस्पेक्टर वीरेंद्र सिंह ने शेष बची 5 शिकायतों के निस्तारण हेतु पुलिस और राजस्व विभाग की गठित अलग अलग टीमों को दिशा निर्देश देते हुए कहा कि शीघ्र ही शिकायतों का निस्तारण किया जाये। इस दौरान पुलिस और राजस्व कर्मी मौजूद रहे।

# आम के छिलके और उसके फायदे



**आम के फायदे तो बहुत सारे होते हैं लेकिन आम के छिलकों का कोई कम महत्व नहीं है। जी हां, आम के छिलकों में भी सेहत का राज छुपा है। इसका खाने से लेकर स्किन केयर तक आप आराम से लाभ उठा सकते हैं। अज़्सर कई लोग छिलकों को फेंक देते हैं लेकिन इसका उपयोग जानने के बाद आप छिलकों को नहीं फेकेंगे। तो आइए जानते हैं आम के छिलकों से होने वाले लाभ के बारे में**

1. एंटीऑक्सीडेंट – आम से अधिक पोषक तत्व आम के छिलकों में होता है। उसमें मौजूद एंटीऑक्सीडेंट फ्री रेडिकल्स से होने वाले हानिकारक नुकसान को कम करने में मदद करता है। गौरतलब है कि फ्री रेडिकल्स अंगों को प्रभावित करने के साथ ही आँखें, दिल और त्वचा को भी नुकसान पहुंचा सकता है।

2. झुर्रियों में पाएं राहत – आम के छिलकों को सुखाकर उसे बारिक महिन पीस लें। इसके बाद उसमें गुलाबजल मिलकार चेहरे पर लगाने से झुर्रियां कम पड़ जाएगी और धीरे-धीरे आएगी।

3. फुंसियों से पाएं छुटकारा – अगर आपके चेहरे पर फुंसी के दाग पड़ गए है तो आम के छिलकों का पेस्ट बनाकर उसे लगा लें। थोड़े दिन में दाग हल्के पड़ जाएंगे।

4. टैनिंग को मिटाएं – आम के छिलकों में मौजूद विटामिन सी को अपने हाथों और पैर पर या अन्य टैनिंग की जगह पर मलें। 15 से 20 मिनट तक जरूर रखें। इसके बाद गुनगुने पानी से धो लें। करीब एक महीने तक ऐसा करते रहें। पहले से काफी फर्क नजर आएगा।

5. खाद का काम – जी हां, आम के साथ अन्य फल और सब्जियों के छिलकों का प्रयोग भी खाद बनाने के लिए किया जाता है। उससे प्राकृतिक शक्ति पैदा होती है। आम के छिलकों में विटामिन, बी 6, ए और सी के साथ ही कॉपर, फोलेट भी अधिक मात्रा में मौजूद होते हैं। आम के छिलकों में पौधों को मिलने वाला फाइबर मौजूद होता है। जैविक खाद के रूप में इसका इस्तेमाल किया जा सकता है।

6. कैंसर में सहायक – अक्सर आम खाने के दौरान उसके छिलके निकाल देते हैं। फिर कहते हैं आप से क्या फायदा होता है। अगर छिलके नरम है तो जरूर खाएं। छिलके में मौजूद तत्वों से कैंसर से बचाव में राहत मिलेगी।

# कीवी के सेवन से दूर होंगी ये 5 बीमारियां

कीवी फ्रूट हमारे अच्छी सेहत के लिए काफी लाभकारी माना गया है। कीवी में मौजूद विटामिन सी, पोटैशियम, एंटीऑक्सीडेंट, विटामिन ई, विटामिन सी, फाइबर, फोलेट आदि हमें गंभीर बीमारियों से बचाने का काम करता है। आइए यहां जानते हैं कीवी से दूर होने वाली 5 खास बीमारियों के बारे में–



1. **हृदय को रखें स्वस्थ:** हृदय रोगियों के लिए कीवी बहुत अधिक मानी गई फायदेमंद है, क्योंकि इसमें विटामिन सी तथा विटामिन के भरपूर मात्रा में पाया जाता है तथा इसके सेवन से शरीर का रक्त संचार बेहतर होकर सीने में दर्द, सांस फूलना तथा हार्ट अटैक आदि समस्या में राहत मिलती है।

2. **किडनी रखें स्वस्थ–** आपकी किडनी को सेहतमंद रखने वाले कई गुण जैसे– एंटीऑक्सीडेंट, कॉपर, फाइबर, पोटैशियम तथा जिंक जैसे पोषक तत्व कीवी में मौजूद होने के कारण यह किडनी स्टोन तथा किडनी से संबंधित गंभीर बीमारियों में रोकथाम का कार्य करती है।

3. **सर्दी, बुखार से रखें दूर–** कीवी का सेवन करने से आप जुकाम, सर्दी, बुखार तथा इन्फेक्शन आदि कई रोगों से दूर रह सकते हैं, क्योंकि इसमें फाइबर और विटामिन सी भरपूर मात्रा में पाया जाता है, जो कि आपके शरीर में कम हो रही इम्युनिटी बढ़ाने में सहायक होती है।

4. **अस्थमा करें दूर–** अस्थमा रोगियों के लिए तो कीवी वरदान स्वरूप हैं, क्योंकि सेहत के लिहाज से इसे बेहतरीन फल माना गया है। कीवी में मौजूद विटामिन सी और एंटीऑक्सीडेंट अच्छी मात्रा में मौजूद होने के कारण यह फेफड़ों को स्वस्थ रखने में मदद तो करता ही है, साथ ही अस्थमा में भी फायदेमंद साबित होता है।

5. **ब्लड प्रेशर–** हाई ब्लड प्रेशर के रोगियों के लिए कीवी फायदेमंद है, क्योंकि यदि ब्लड प्रेशर के मरीज प्रतिदिन कीवी का सेवन करते हैं, तो यह ब्लड प्रेशर को कंट्रोल करने में काफी मददगार रहता है तथा ब्रेन स्ट्रोक में भी राहत देता है, जो कि हाई ब्लड प्रेशर के कारण रोगियों को इसका सामना करना पड़ता है।

# किचन से बाहर भी कई तरीकों से काम आ सकता है सिरका



*अगर आप अपने गार्डन एरिया से कीड़ों को बेहद आसानी से नियंत्रित करना चाहते हैं तो ऐसे में आप कंटेनर में एक कप सेब साइडर सिरका डालें। साथ ही आप इसमें केले के छिलके के छोटे-छोटे टुकड़े और 1 कप ठंडा पानी डालें और फिर हिलाएं।सिरके का इस्तेमाल आमतौर पर किचन में कई तरह की डिशेज का स्वाद बढाने के लिए किया जाता है। लेकिन यह वास्तव में आपकी किचन की पेंट्री में सबसे अच्छे इंग्रीडिएंट्स में से एक है, क्योंकि आप सिरके को अपने घर में कई बेहतरीन तरीकों से इस्तेमाल कर सकते हैं। इसमें एसिडिटी लेवल अधिक होता है और इसलिए आप इसका इस्तेमाल दाग से छुटकारा पाने से लेकर गार्डन एरिया में भी आसानी से इस्तेमाल कर सकते हैं। तो चलिए आज इस लेख में हम आपको विनेगर या सिरका के कुछ बेहतरीन यूजेस के बारे में बता रहे हैं–*

**बगीचे में कीड़ों को करें नियंत्रित**

अगर आप अपने गार्डन एरिया से कीड़ों को बेहद आसानी से नियंत्रित करना चाहते हैं तो ऐसे में आप कंटेनर में एक कप सेब साइडर सिरका डालें। साथ ही आप इसमें केले के छिलके के छोटे-छोटे टुकड़े और 1 कप ठंडा पानी डालें और फिर हिलाएं। ऊपर के चारों ओर छेद करें और इसे किचन काउंटर पर फ्रूट फ्लाई इन्फेक्शन के पास रखें। आप कुछ ही समय में आप क्रिटर्स को बेहद आसानी से पकड़ लेंगे।

**डिशवॉशर को करें वॉश**

आमतौर पर, बर्तनों को क्लीन करने के लिए डिशवॉशर का इस्तेमाल किया जाता है, लेकिन डिशवॉशर की क्लीनिंग करने के बारे में आपने शायद ही सोचा होगा। हालांकि, डिशवॉशर की बेहतरीन क्लीनिंग के लिए आप सिरके का इस्तेमाल कर सकते हैं। इसके लिए आप टब के बॉटम में 1 कप सिरका डालें और इसमें बिना कोई बर्तन डालकर एक साइकल चलाएं। ऐसा हर एक या दो महीने में एक बार करने से डिशवॉशर में साबुन का जमा अवशेष बेहद आसानी से निकल जाएगा और वह साफ-सुथरा रहेगा।

**शॉवरहेड की करें क्लीनिंग**

अगर आपके शॉवर हेड में गंदगी जमा हो गई है और इसलिए पानी सही तरह से नहीं आ रहा है तो ऐसे में आप शॉवरहेड की क्लीनिंग के लिए सिरके की मदद लें। इसके लिए, एक कटोरी में 1/2 कप सिरके के साथ उबलता पानी डालें। शॉवर हेड को 10 मिनट के लिए भिगोएं। आप देखेंगे कि वे क्लॉग गायब हो गए हैं। यदि आप शॉवर हेड को नहीं हटा सकते हैं, तो ऐसे में आप सिरके के साथ एक प्लास्टिक बैग भरें और इसे शॉवर हेड पर बांध दें। इसे एक घंटे के लिए ऐसे ही रहने दें और फिर बाद में रिमूव कर दें।

**लकड़ी के फर्श की करें सफाई**

लकड़ी के फर्श की क्लीनिंग करने के लिए 1 गैलन गर्म पानी में 1/2 कप सिरका मिलाएं। इस मिश्रण की मदद से फर्श को हमेशा की तरह पोछें या स्क्रब करें। बाद में फर्श को तौलिये से पूरी तरह से सुखा लें। अगर आपका वुडन फ्लोर है तो ऐसे में आप इस टिप्स को ना आजमाएं क्योंकि इससे वैक्स को नुकसान होगा। आप चाहें तो सिरके की महक को कम करने के लिए अपने मिश्रण में एक या दो बूंद एसेंशियल ऑयल मिलाएं।

# सोंठ के उपयोग और इसे खाने के फायदे जानकर चौंक जाएंगे

सोंठ या सूखी अदरक का इस्तेमाल भारतीय घरों में कई तरह के भोजन में अलग स्वाद देने के लिए किया जाता है। यह कई तरह की घरेलू दवाइयां बनाने में भी काम आता है। आइए यहां जानते हैं सोंठ के उपयोग के बारे में। साथ ही इसे खाने के 10 फायदे जानकर आप जरूर चौंक जाएंगे–

1. अदरक में थर्मोजेनिक एजेंट नामक तत्व होता है जो वसा को जलाने में मदद करता है, जिससे वजन आसानी से कम होता है। गरम पानी के साथ इसका सेवन मोटापे को कम करने में सहायक है।

2. सोंठ पाचन क्रिया को दुरूस्त कर वजन कम करने में भी मदद करता है। इसके अलावा यह रक्त में मौजूद शर्करा के स्तर को नियंत्रित करके वसा को सक्रिय करता है।

3. कब्ज, पेट दर्द और अपच जैसी समस्याओं में इसे पीसकर हींग और सेंधा नमक के साथ सेवन करने से आराम मिलता है। इसके अलावा इसे पानी के साथ उबालकर बार-बार पीने से डायरिया में काफी लाभ मिलता है।

4. सूखी अदरक, जिसे हम सोंठ कहते हैं, यह जोड़ों के दर्द में काफी लाभदायक होती है। इसमें सोंठ, जायफल को पीसकर तिल के तिल के में डालकर, उसमें भीगी हुई पट्टी जोड़ों पर लगाने से आराम मिल सकता है। इसके अलावा उबले हुए पानी के साथ शहद और अदरक पाउडर को पीने से गठिया में लाभ होता है।

5. सौंठ पसीने को निकालने में सहायक है, जिससे शरीर का तापमान कम हो सकता है और शरीर के विषैले पदार्थों को बाहर निकालने में मदद करता है, जिससे बुखार में भी आराम मिलता है। शहद के साथ इसे खाने से बुखार कम होता है।

6. इतना ही नहीं सोंठ, हींग और काला नमक मिलाकर लेने से गैस की समस्या में लाभ होता है। पिसी हुई सोंठ और कैरम के बीजों को नींबू के रस में भि?गोकर छाया में सुखाकर प्रतिदिन सुबह लेने से गैस और पेडू के दर्द में आराम मिलता है।

7. यदि सोंठ को दूध में उबालकर, ठंडा करके पीने से हिचकी आना बंद हो जाती है। पसलियों में दर्द होने पर इसे पानी में उबालकर ठंडा करके दिन में कम



से कम 4 बार पीने से लाभ होता है।

8. माइग्रेन, सि?रदर्द, गर्दन और शरीर में दर्द होने पर सूखी अदरक और पानी का लेप बनाकर लगाने से आराम मिलता है। इसे सूंघने से छींक आने पर भी सि?र दर्द में आराम मिलता है।

9. यह जी मचलाना, ठंड में पसीना आना, चक्कर और उल्टी आने जैसी समस्याओं को कम करने में भी बेहद फायदेमंद है। यह गर्भवती महिलाओं की समस्याओं को कुछ हद तक कम करने में भी सहायक है।

10. इसके अलावा सोंठ या सूखी अदरक गर्भाशय के कैंसर की संभावनाओं को कम करने में भी फायदेमंद है। इसमें कैंसररोधी गुण मौजूद होते हैं, जो कैंसर कोशिकाओं को बढ़ने से रोकते हैं।



# नींबू और कपूर को इस तरह करें इस्तेमाल, होगी कई समस्याएं दूर

यूं तो कपूर की मदद से ही सिर की जुओं से काफी हद तक छुटकारा मिलता है, लेकिन अगर आपको लाभ नहीं मिल पा रहा हैं तो ऐसे में आप कपूर के साथ नींबू को मिक्स करके इस्तेमाल किया जा सकता है। हालांकि, इस उपाय में आप सुहागे का भी अवश्य प्रयोग करें।

कपूर को आमतौर पर पूजा के दौरान इस्तेमाल किया जाता है। लेकिन धार्मिक अनुष्ठानों के अलावा भी यह कई तरह से काम आ सकता है। यूं तो इसकी मदद से खांसी से लेकर मस्सों को ठीक करने में मदद ली जाती है। लेकिन अगर आप कपूर का मैक्सिमम लाभ उठाना चाहते हैं तो ऐसे में इसे नींबू के साथ मिक्स करके इस्तेमाल किया जा सकता है। नींबू में मौजूद विटामिन सी आपके इम्युन सिस्टम को तो मजबूत बनाता है ही, साथ ही साथ इससे आपको अन्य कई स्किन व हेल्थ बेनिफिट्स भी होते हैं, जिसके बारे में आज हम आपको इस लेख में बता रहे हैं–

यूं तो कपूर की मदद से ही सिर की जुओं से काफी हद तक छुटकारा मिलता है, लेकिन अगर आपको लाभ नहीं मिल पा रहा हैं तो ऐसे में आप कपूर के साथ नींबू को मिक्स करके इस्तेमाल किया जा सकता है। हालांकि, इस उपाय में आप सुहागे का भी अवश्य प्रयोग करें। इसके लिए, पहले सुहागे को तवे पर सेंके और फिर नींबू के रस और कपूर के मिश्रण को सुहागे में मिक्स करें। अब इस मिश्रण को अपने सिर में लगाएं और रातभर के लिए ऐसे ही छोड़ इें। अगली सुबह आप बालों को माइल्ड शैंपू की मदद से क्लीन कर लें। आप सप्ताह में एक बार इस उपाय को अपनाकर देखें। आपको जल्द ही असर नजर आएगा।

**दांत दर्द को कहें बाय-बाय**

अगर आपको दांत में दर्द की समस्या होती हैं तो ऐसे में आप घरेलू इलाज के रूप में नींबू और कपूर के मिश्रण का इस्तेमाल कर सकते हैं। दांत में दर्द होने पर प्रभावित स्थान पर नींबू का रस और कपूर मिलाकर लगाएं। इसे कुछ देर के लिए ऐसे ही रहने दें। अंत में आप कुल्ला कर लें। आप चाहें तो इसे ऐसे ही लगा भी रहने दे सकते हैं। इससे ना केवल आपको दांत दर्द से राहत मिलेगी, बल्कि कैविटी को भी खत्म करने में मदद मिलेगी।

**पैरों का रखें ख्याल**

अगर आप घर पर ही अपने पैरों का ख्याल बेहद आसान तरीके से रखना चाहते हैं तो ऐसे में आप नींबू के रस और कपूर का इस्तेमाल कर सकते हैं। यह मिश्रण ना केवल आपके पैरों को क्लीन करता है, बल्कि टैनिंग को भी दूर करता है। पैरों की क्लीनिंग करने के लिए आप पहले एक टब में गुनगुना पानी लें। इसके बाद, आप इसमें नींबू का रस और कपूर डालकर मिक्स करें। अब आप अपने पैरों को इसमें डुबोकर रखें। कुछ देर तक इसे डिप करें और फिर आप फुट स्क्रबर की मदद से अपने पैरों की क्लीनिंग करें। ऐसा करने से पैरों की गंदगी आसानी से निकल जाएगी। अंत में, पैरों को साफ पानी की मदद से क्लीन करें।



# डैंड्रफ की समस्या से हैं परेशान तो एलोवेरा का यूं करें इस्तेमाल

डैंड्रफ से निजात पाने के लिए एलोवेरा जेल का इस्तेमाल करना बहुत ही आसान है। आप स्टोर से खरीदे गए जेल का उपयोग कर सकते हैं या इसे अपने एलोवेरा के पौधे से निकाल सकते हैं। इस एलोवेरा जेल को शैंपू करने से 30 मिनट पहले अपने स्कैल्प और बालों पर लगाएं।

ठंड के मौसम में अक्सर डैंड्रफ की समस्या काफी बढ़ जाती है। दरअसल, ठंडी हवाओं के कारण स्कैल्प का रूखापन बढ़ जाता है और एक पतली लेयर अलग से नजर आने लगती हैं। जो बाद में डैंड्रफ का रूप ले लेती है। अमूमन लोग इस डैंड्रफ से मुक्ति पाने के लिए तरह-तरह के हेयर केयर प्रोडक्ट्स का सहारा लेते हैं। इसे उन्हें फायदा तो कम होता है लेकिन पैसे बहुत अधिक खर्च हो जाते हैं। ऐसे में अगर आप एक नेचुरल तरीके से डैंड्रफ को अलविदा कहना चाहते हैं तो एलोवेरा को अपने हेयर केयर रूटीन का हिस्सा बना सकते हैं। तो चलिए आज इस लेख में हम आपको बता रहे हैं डैंड्रफ से निजात पाने के लिए एलोवेरा का इस्तेमाल किस तरह करें-डैंड्रफ से निजात पाने के लिए एलोवेरा जेल का इस्तेमाल करना बहुत ही आसान है। आप स्टोर से खरीदे गए जेल का उपयोग कर सकते हैं या इसे अपने एलोवेरा के पौधे से निकाल सकते हैं। इस एलोवेरा जेल को शैंपू करने से 30 मिनट पहले अपने स्कैल्प और बालों पर लगाएं। प्रभावी परिणामों के लिए आप इसे सप्ताह में दो बार दोहरा सकते हैं।एलोवेरा की तरह ही नींबू भी डैंड्रफ के इलाज के लिए बेहद प्रभावी रूप से काम करता है और आप एलोवेरा और नींबू को मिक्स करके बालों में लगा सकते हैं। इसके लिए आधा कप एलोवेरा जेल एक बाउल में लें और उसमें 2 बड़े चम्मच नींबू का रस डालकर मिक्स करें। अब, इस मिश्रण को स्कैल्प और बालों के स्ट्रैंड्स पर लगाएं और 30 मिनट तक लगा रहने दें। अंत में, इसे गुनगुने पानी से धो लें।अगर आप एलोवेरा और नारियल तेल का हेयर मास्क तैयार करते हैं तो इससे आपके बालों को पोषण मिलता है, साथ ही साथ रूसी से भी राहत मिलती है।

# बहुत गजब की चीज़ है ऑलिव ऑयल, इन कामों के लिए भी कर सकते हैं इस्तेमाल

ऑलिव ऑयल में विटामिन आयरन ओमेगा 3 फैटी एसिड और एंटीऑक्सीडेंट गुण पाए जाते हैं जो हमारे शरीर और त्वचा को स्वस्थ रखने में मदद करते हैं। लेकिन आप ऑलिव ऑयल का इस्तेमाल सिर्फ किचन में ही नहीं बल्कि कई अन्य कामों के लिए भी कर सकते हैं।

ऑलिव ऑयल हमारी सेहत और त्वचा के लिए कितना फायदेमंद है यह तो आप जानते ही होंगे। इसमें विटामिन आयरन ओमेगा 3 फैटी एसिड और एंटीऑक्सीडेंट गुण पाए जाते हैं जो हमारे शरीर और त्वचा को स्वस्थ रखने में मदद करते हैं। लेकिन आप ऑलिव ऑयल का इस्तेमाल सिर्फ किचन में ही नहीं बल्कि कई अन्य कामों के लिए भी कर सकते हैं। आज के इस लेख में हम आपको ऑलिव ऑयल के कुछ बेहतरीन इस्तेमालों के बारे में बताने जा रहे हैं ऑलिव ऑयल हमारी स्किन के लिए कितना फायदेमंद है यह तो आप जानते ही होंगे। लेकिन क्या आप जानते हैं कि आप मेकअप को रिमूव करने के लिए भी ऑलिव ऑयल का इस्तेमाल कर सकते हैं। इससे आपका मेकअप आसानी से हट जाएगा और आपकी स्किन को कोई नुकसान भी नहीं होगा। इसके लिए एक



कॉटन पैड को ऑलिव ऑयल में डिप करके अपने चेहरे पर लगाएं और हल्के हाथों से रब करें। इसके बाद पानी से चेहरा धो लें।

अक्सर प्रेगनेंसी या वेट लॉस के बाद शरीर पर स्ट्रेच मार्क्स हो जाते हैं। ऐसे में आप स्ट्रेच मार्क्स पर ऑलिव ऑयल लगाकर मसाज करें। इससे कुछ ही दिनों में स्ट्रेच मार्क्स कम हो जाएंगे।

अगर गलती से बालों में च्वूइंग गम चिपक जाए तो इसके कारण बाल कटवाने पड़ जाते हैं। लेकिन आप ऑलिव ऑयल की मदद से बालों से च्वूइंग गम को हटा सकते हैं। इसके लिए बालों में ऑलिव ऑयल लगाकर 10 मिनट के लिए छोड़ दें।

# गंदा और काला हो गया है गैस चूल्हा तो साफ कैसे करें

घर के बाकी हिस्सों की तरह ही किचन को साफ-सुथरा रखना बहुत जरूरी होता है अक्सर हम किचन में बर्तनों, फर्श और दीवारों को तो साफ़ करते हैं ध्यान देते हैं लेकिन गैस स्टोव की सफाई पर ज्यादा ध्यान नहीं देते हैं। ऐसे में गैस स्टोव पर दाग-धब्बे और गंदगी जमा होने लगती है और इसमें बैक्टीरिया पनपने लगते हैं। कई बार खाना बनाते समय गैस स्टोव पर खाने की चीजें गिर जाता है। ऐसे में गैस चूल्हा काला और गंदा हो जाता है। इसीलिए गैस चूल्हे को समय-समय पर साफ करना बहुत जरूरी है। आज



के इस लेख में हम आपको गैस चूल्हे को साफ करने के कुछ आसान घरेलू उपाय बताएंगे–

**नमक और बेकिंग सोडा–** गैस चूल्हा साफ करने के लिए आप नमक और बेकिंग सोडा का इस्तेमाल कर सकते हैं। इसके लिए एक चम्मच बेकिंग सोडा में एक चम्मच नमक और पानी मिलाकर पेस्ट बना लें। अब इस पेस्ट को किसी स्पंज या कपड़े में लगाकर इससे गैस चूल्हे की सफाई करें।

**सफेद सिरका**–सफेद सिरका इस्तेमाल करके भी आप गैस चूल्हे को साफ कर सकते हैं। इसके लिए एक स्प्रे बोतल में एक तिहाई हिस्से को सफेद सिरके और दो तिहाई हिस्से को पानी पानी से भर लें। अब गैस स्टोव पर इस लिक्विड को स्प्रे करके स्पंज या कपड़े से साफ कर लें।

**डिशवॉशर सोप**–गैस चूल्हा साफ करने के लिए आप डिशवॉशर सोप का इस्तेमाल कर सकते हैं। इसके लिए एक बाउल में एक चम्मच डिशवॉशर शॉप और एक चम्मच बेकिंग सोडा लें। अब किसी स्पंज या कपड़े से इस मिक्सचर को गैस चूल्हे पर लगाएं। 2 से 4 मिनट बाद किसी कपड़े से अच्छी तरह से स्टोव को पोंछ दें।

**गर्म पानी**–गैस चूल्हे पर जमे दाग धब्बों और चिकनाई को साफ करने के लिए आप गर्म पानी का इस्तेमाल भी कर सकते हैं। इसके लिए एक बर्तन में पानी को उबालकर स्टोव पर थोड़ी-थोड़ी मात्रा में डालें। इस पानी को गैस चूल्हे पर तब तक रहने दें जब तक कि वह ठंडा ना हो जाए। इसके बाद पानी को किसी कपड़े से पोंछ दें।

**हाइड्रोजन परऑक्साइड** –गैस चूल्हा पर जमा गंदगी को साफ करने के लिए आप हाइड्रोजन परऑक्साइड और बेकिंग सोडा का इस्तेमाल भी कर सकते हैं। इसके लिए गैस चूल्हे को किसी स्पंजी या कपड़े से अच्छी तरह साफ कर लें। इसके बाद स्टोव पर बेकिंग सोडा छिड़कें और इसके ऊपर हाइड्रोजन पराक्साइड डाल दें। इसे चूल्हे पर कम से कम आधे घंटे के लिए ऐसे ही रखें। इसके बाद गैस चूल्हे को पानी से अच्छी तरह साफ करके कपड़े से पोंछ लें।

# नेपोटिज्म पर आलिया भट्ट बोलीं

## मेरी फिल्में नहीं पसंद हैं तो मत देखिए, मैं कुछ नहीं कर सकती




जब भी नेपोटिज्म को लेकर बहस होती है तो बॉलीवुड एक्ट्रेस आलिया भट्ट हमेशा ही निशाने पर आ जाती हैं। आलिया भट्ट एक बेहद कामयाब स्टार किड हैं। उनके करियर का ग्राफ बहुत तेजी से ऊपर गया और उन्होंने अभी तक बेहिसाब ब्लॉकबस्टर फिल्में दी हैं। बावजूद इसके कि आलिया एक अच्छी कलाकार हैं, उन पर नेपोटिज्म का टैग लगा ही रहता है। हाल ही में फिर एक बार उनसे इस बारे में सवाल किया गया।

**नेपोटिज्म पर आलिया का रिएक्शन**

आलिया भट्ट ने उनकी फिल्मों को लेकर फैलाई जा रही निगेटिविटी के बारे में कहा कि अगर किसी को उनकी फिल्में नहीं पसंद हैं तो वह ना देखे। आलिया भट्ट से जब पूछा गया कि वह नेपोटिज्म को लेकर होने वाली डिबेट्स और ट्रोल्स को कैसे डील करती हैं? तो एक्ट्रेस ने कहा कि इन चीजों को डील करने के 2 तरीके हैं।

**रिस्पॉन्स मत कीजिए, ना बुरा मानिए**

आलिया भट्ट ने कहा, पहला तो बहुत नियंत्रित तरीका है कि और मैं अपनी कीमत और अपनी स्पेस साबित कर सकती हूं। मैं ऐसा मानती हूं कि इस पूरी बहस को मैं सिर्फ अपने काम और अपनी फिल्मों के जरिए खत्म कर सकती हूं। तो रिस्पॉन्स मत कीजिए, ना ही बुरा मानिए। जाहिर तौर पर मुझे इन चीजों के लिए बुरा लगता है।एक्ट्रेस ने कहा कि बुरा लगना उस प्यार और इज्जत के मुकाबले बहुत छोटी कीमत है जो मुझे मिलता है। मैं शांत हो जाती हूं, घर जाती हूं और अपना काम करती हूं। मैंने गंगूबाई काठियावाड़ी जैसी फिल्म दी है। तो निर्भर ये करता है कि आखिरी हंसी किसकी होगी? कम से कम तब तक, जब तक मेरी अगली फिल्म फ्लॉप नहीं हो जाती। अभी तो मैं हंस रही हूं।

**पसंद नहीं हूं तो मेरी फिल्में मत देखिए**

आलिया भट्ट ने कहा कि आखिरकार मुझे मेरे काम को ही आगे बढ़ने के लिए इस्तेमाल करना है। कब तक मैं चिल्ला-चिल्लाकर खुद को डिफेंड करती रहूंगी। अगर आपको मैं पसंद नहीं हूं तो मेरी फिल्में मत देखिए। मैं कुछ नहीं कर सकती। मैं बस आपके लिए यही कर सकती हूं। मैं अपनी फिल्मों के जरिए साबित कर दूंगी कि मैं इस सबकी हकदार हूं।

## आलिया भट्ट की Look Alike से रज्जो बनने तक का सफर

स्टारर टीवी शो के प्रोमो वीडियो जमकर वायरल हुए थे और इस धारावाहिक से दर्शकों को काफी उम्मीदें हैं। हालांकि ये शो दर्शकों को उम्मीदों पर कितना खरा उतर पाएगा? ये देखना दिलचस्प होगा। रज्जो का किरदार निभा रही हैं। वही लड़की हैं जो काफी हद तक आलिया भट्ट जैसी दिखती हैं और जिनके लुक अलाइक वीडियो पिछले दिनों जमकर वायरल हुए थे।रज्जो की कहानी एक ऐसी लड़की की कहानी है जिसने उत्तराखंड में आई बाढ़ में अपनी मां को खो दिया। मां के गुजर जाने के बाद रज्जो को पता चलता है कि उसकी मां भी हमेशा उसी सपने के लिए जी थी जिसके लिए वह खुद रज्जो को हमेशा मना करती रही। अब रज्जो अपनी मां का वो सपना पूरा करना चाहती है। लेकिन साथ ही उसके मन में ये सवाल भी है कि आखिर मां का सपना क्यों टूटा और वह उसे ये सपना देखने से मना क्यों करती थी क्योंकि सेलेस्टी काफी हद तक आलिया भट्ट जैसी दिखती हैं इसलिए उनके वीडियो सोशल मीडिया पर जमकर वायरल हुए थे। यही वजह है कि वह ऑलरेडी एक पहचाना हुआ चेहरा बन चुकी हैं। हालांकि टीवी शो रज्जो में सेलेस्टी को पहचान पाना मुश्किल है। दर्शकों को उनका पूरी तरह से मेकओवर कर दिया है।

## जल देवी बनेंगी दीपिका पादुकोण? लीड रोल में होंगें रणवीर सिंह!



आलिया भट्ट और रणबीर कपूर स्टारर फिल्म ब्रह्मास्त्र का फैंस को बेसब्री से इंतजार है। पिछले काफी वक्त से फिल्म को लेकर तमाम तरह की खबरें आ रही हैं और अब 9 सितंबर को फिल्म रिलीज होने जा रही है। रणबीर कपूर और आलिया भट्ट इस फिल्म के जरिए पहली बार बड़े पर्दे पर साथ नजर आएंगे और इस मेगा बजट मूवी को बॉलीवुड का मार्वल यूनिवर्स कहा जा रहा है।फिल्म अभी रिलीज भी नहीं हुई है और इसी बीच दर्शकों में इसके अगले पार्ट को लेकर चर्चाएं तेज होने लगी हैं। फिल्म का पहला पार्ट सिनेमाघरों में कैसा परफॉर्म करेगा ये देखना दिलचस्प होगा लेकिन इसी बीच तीन पार्ट्स में बन रही इस फिल्म के पार्ट 2 को लेकर बातें चल रही हैं कि अगली फिल्म में कौन एक्टर्स लीड रोल प्ले करेंगे?बॉलीवुड गलियारों में ऐसी खबरें वायरल हैं कि अगले पार्ट के लिए मेकर्स ने दीपिका पादुकोण और रणवीर सिंह को फाइनल किया गया है। बॉलीवुड लाइफ की दीपिका पादुकोण जल देवी का किरदार निभाती नजर आ सकती हैं और कुछ लोगों ने ट्रेलर का स्क्रीनशॉट शेयर करते हुए कहा है कि पानी के बीच में चलती हुई लड़की दीपिका ही हैं। हालांकि रणवीर सिंह का किरदार क्या होगा ये अभी तक साफ नहीं है। लेकिन दीपिका के किरदार को लेकर लगाए जा रहे कयास सुनने में काफी दिलचस्प लग रहे हैं। हालांकि यहां ये भी समझना होगा कि पार्ट-2 को लेकर अभी तक आ रही खबरें सिर्फ कयास भर हैं। इस बारे में अभी तक कोई ऑफिशियल अनाउंसमेंट नहीं आया है।

## सीरियल किलर को पकड़ने के लिए मिशन पर अक्षय कुमार



अक्षय कुमार की एक फिल्म के रिलीज होने के साथ उनकी दूसरी फिल्म आने के लिए तैयार हो जाती है। इस साल अक्षय की अभी तक 3 तीन फिल्में आईं और तीनों ही फिल्में फ्लॉप हुई लेकिन इससे उनके स्टारडम पर कोई फर्क पड़ता नहीं दिख रहा है। फिल्म के टीजर से उनके फैन्स को सरप्राइज मिला है। अक्षय की ये फिल्म सीधे ओटीटी पर रिलीज की जाएगी। शुक्रवार को फिल्म के टीजर के साथ फर्स्ट लुक भी सामने आया है। इसके साथ प्रीमियर की तारीख का भी खुलासा किया गया है। टीजर में फिल्म से अक्षय कुमार की फोटोज दिखती हैं। यह एक क्राइम थ्रिलर है जिसमें सीरियल किलर की खोज की जाती है। फिल्म में अक्षय ने एक पुलिसवाले का रोल किया है जो अपने मिशन पर है और इसे पूरा करने के लिए एक अलग रणनीति बनाता है। सीरियल किलर की तलाश में अक्षय कहते हैं, 'सीरियल किलर के साथ पावर नहीं, माइंड गेम खेली चाहिए, वो हमारे साथ खेल रहा है।

फिल्म का ट्रेलर शनिवार को रिलीज होगा। यह डिजनी प्लस हॉटस्टार पर रिलीज होगी।

## भारत में री-रिलीज होने जा रही है Spider Man No Way Home



हॉलीवुड के इंडियन फैन्स के लिए गुड न्यूज है। फिल्म %स्पाइडर मैन नो वे होम% की रिलीज डेट जारी कर दी गई है। आपको बता दें स्पोइडर मैन नो वे होम को भारत में रि-रिलीज किया जा रहा है।

**नई फुटेज के साथ धमाल के लिए तैयार**

जब पहले रिलीज किया गया था तब ये फिल्म बॉक्स ऑफिस पर हिट रही थी। फिल्म की बॉकस ऑफिस कलेक्शन बेहद शानदार रही थी। अब इस फिल्म को नई फुटेज के साथ रि रिलीज किया जा रहा है। ट्रेड एनालिस्ट तरण आदर्श ने ट्वीट कर इस फिल्म के ऑफिशियल पोस्टर को शेयर करते हुए रिलीज डेट के बारे में जानकारी साझा की है। ट्वीट के मुताबिक इस बार फिल्म में कुछ और सीन्स जोड़कर रिलीज किया जा रहा है। फिल्म के पुराने वर्जन में वे सीन्स मीसिंग हैं। इस फिल्म के भारतीय फैन्स के लिए ये किसी ट्रीट से कम नहीं कि एक बार फिर वे अपनी फेवरेट फिल्म

**को नए अंदाज में देखेंगे।**

स्पाइडर-मैन- नो वे होम का पिछले वर्जन को भारतीय फैन्स से अच्छा रिसपॉन्स मिला था।

रिपोर्ट्स की मानें तो इस फिल्म ने भारत में 200 करोड रुपये से ज्यादा की कमाई की थी। सोनी इंडिया डिवीजन की ओर से जारी एक बयान में कहा, 'स्पाइडर-मैन नो वे होम की अपार सफलता के बाद, सोनी पिक्चर्स एंटरटेनमेंट इंडिया ने अब सभी नए और फुटेज के साथ ब्लॉकबस्टर सुपरहीरो फिल्म को फिर से रिलीज करने की घोषणा की है।भारत के सभी सिनेमाघरों में रिलीज होने जा रही है।'

**तेलुगू तमिल में डबिंग की मांग**

फिल्म के नए पोस्टर को सोशल मीडिया पर साझा करते हुए मार्वल स्टूडियो ने यह भी कहा कि फिल्म अंग्रेजी और हिंदी भाषा में भी रिलीज होगी। हालांकि, कुछ प्रशंसक इस बात से नाराज हैं कि फिल्म के तमिल और तेलुगु वर्जन क्यों रिलीज़ नहीं हुए। एक फैन लिखा, 'तमिल डब रिलीज क्यों नहीं? एक दूसरे ने लिखा, 'तेलुगू डब की जरूरत है।' बता दें फिल्म के साल 2021 रिलीज हुए वर्जन को ज हिंदी, तमिल, तेलुगु, मलयालम और कन्नड़ में डब किया गया था।

## शाहरुख खान और आर्यन की इंस्टाग्राम चैटिंग वायरल



शाहरुख खान के बेटे आर्यन खान बीते साल नेगेटिव वजहों से चर्चा में रहे। इस बीच वह सोशल मीडिया पर भी उनका कोई पोस्ट नहीं नजर आया। अब आर्यन खान ने अपने भाई-बहनों के साथ एक तस्वीर की है, जिसे काफी पसंद किया जा रहा है। इंट्रेस्टिंग बात ये है कि इस पर शाहरुख खान और आर्यन के बीच चैट भी दिख रही है। शाहरुख के कमेंट को 27 हजार लोग लाइक कर चुके हैं। वहीं इस पोस्ट को 5 लाख से ज्यादा लोगों ने लाइक किया है। कई लोग आर्यन को शाहरुख खान की कॉपी बता रहे हैं।आर्यन खान ने लंबे वक्त बाद सोशल मीडिया पर पोस्ट किया तो तस्वीरें वायरल होने लगीं। इसमें वह अपने भाई अबराम और बहन सुहाना के साथ दिखाई दे रहे हैं। लोगों को तस्वीर से ज्यादा इंट्रेस्ट शाहरुख और आर्यन के बीच हुई बातचीत से आ रहा है। आर्यन के फोटो पर शाहरुख खान ने लिखा है, मेरे पास ये तस्वीरें क्यों नहीं हैं? मुझे अभी दो। आर्यन ने जवाब दिया है, मैं जब अगली पोस्ट करूंगा तो भेज दूंगा। तो हो सकता है कुछ साल लग जाएं। इस पोस्ट पर लोग तरह-तरह के कमेंट्स कर रहे हैं। लोगों ने फादर-सन बॉन्डिंग की तारीफ की है तो कुछ ने आर्यन को शाहरुख की कॉपी बताया है।

आर्यन खान इंस्टा पर बहुत कम पोस्ट करते हैं इसलिए उन्होंने खुद पर ही कमेंट किया है। इससे पहले का उनका पोस्ट 1 साल पुराना है। शाहरुख और आर्यन के बीच हुई इस बातचीत को लोग एंजॉय कर रहे हैं। आर्यन ने दो तस्वीरें पोस्ट की हैं। दूसरी में सुहाना खा नहीं नजर आ रहीं।

## लाल सिंह के रूप में आमिर खान ने दिया अपना 100 प्रतिशत, कहानी हो गई थोड़ी लंबी



लाल सिंह चड्ढा में ऐतिहासिक इवेंट्स दिखाए गए हैं जैसे ब्लू स्टार ऑप्रेशन, 1983 वर्ल्ड कप विक्ट्री, 1984 सिख दंगे, सुष्मिता सेन को मिस यूनिवर्स का क्राउन पहनाते हुए। हालांकि लाल का जो पर्सनल टाइमलाइन है बच्चे से यंग लड़के तक का वो कभी-कभी ऑफ टाइम लगता है क्योंकि वह कई सालों तक एक-जैसे लग रहे हैं। हालांकि जो चाइल्ड एक्टर (अहमद इब्न उमर) जिन्होंने लाल सिंह के बचपन का किरदार निभाया है वो काफी क्यूट हैं और उन्हें स्क्रीन में देखकर अच्छा लगता है। उनके एक्सप्रेशन और कम लाइन्स भी आपका दिल जीत लेंगे। शाहरुख खान का भी फिल्म में कैमियो है जो शानदार है। 2 घंटे 39 मिनट की फिल्म लंबी है और कभी-कभी बोरिंग भी हो जाती है। लाल और उसके साथी आर्मी ऑफिसर का प्लॉट जबरदस्त है। कार्गिल वॉर के सीक्वेंस को और बेहतरीन किया जा सकता था। मानव विज के साथ लाल का जो ट्रैक है वो आपके दिल को छू लेगा और ऐसा बिल्कुल नहीं लगेगा कि जबरदस्ती स्क्रिप्ट में घुसाया है।आमिर खान ने लाल सिंह चड्ढा का किरदार बखूबी निभाया। फिल्म में उनके इतने सालों की मेहनत साफ नजर आ रही है। लाल सिंह की एक अच्छी खूबी है कि वह बढ़िया स्टोरी टेलर हैं। नहीं तो पहली मुलाकात में वह कैसे किसी महिला को अपनी स्टोरी सुनाने लगता है। वहीं धीरे-धीरे करके ट्रेन के सभी लोग उसकी कहानी सुनने लग जाते हैं। लाल सिंह के किरदार में आमिर पूरी तरह डूब गए। ऐसे ही नहीं आमिर को मिस्टर परफेक्शनिस्ट कहा जाता। आमिर ने फिल्म में अपना 100 प्रतिशत दिया है।करीना कपूर हर फ्रेम में काफी खूबसूरत लग रही हैं। फॉरेस्ट जम्प में जो जेरी का किरदार था उससे काफी बेहतरीन और खूबसूरत तरीके से करीना ने निभाया है। उनको देखकर ऐसा लगेगा कि वह स्क्रीन में और दिखती रह।

मोना सिंह जो लाल की मां का किरदार निभाती है वो हर रूप में परफेक्ट लगी। मोना का फिल्म में काफी बेहतरीन काम दिखा। वहीं स्टार किड्स ने भी बेहद प्यारी परफॉर्मेंस दी। अब आमिर की फिल्म लाल सिंह चड्ढा, हॉलीवुड फिल्म फॉरेस्ट गम्प का हिंदी रीमेक है तो जाहिर सी बात है थोड़ा कॉम्पटीशन तो होगा ही इसलिए अगर आपने हॉलीवुड फिल्म नहीं देखी है तो इसे तो जरूर देखें। वहीं जिन्होंने फॉरेस्ट गम्प देखी है उन्हें उसके मुताबिक ये उतनी शानदार नहीं लगेगी, लेकिन काफी समय बाद किसी फिल्म का रीमेक इतना अच्छा बना है इसमें आमिर की मेहनत साफ नजर आएगी।

## पति की परछाई बनकर रही सायरा बानो को

### 3 बच्चों की मां के लिए दिलीप कुमार ने दिया था धोखा



60 और 70 के दशक की मशहूर एक्ट्रेस रहीं सायरा बानो का आज 78वां जन्मदिन है। सायरा बानो का जन्म 23 अगस्त 1944 को उत्तराखंड के मसूरी में हुआ लेकिन वह अपने परिवार के साथ लंदन चली गईं। लंदन में पढ़ाई पूरी करने के बाद वह भारत लौंटी। बता दें सायरा बानों का परिवार एक्टिंग करियर में सक्रिय रहा। उनकी मां नसीम बानो एक स्टेज और फिल्म एक्ट्रेस थीं और उनके पिता मियां एहसान-उल-हक फिल्म निर्माता थे। सायरा की एक्टिंग लाइफ बेहतरीन रहीं अपने दौरा की सफल अभिनेत्रियों में उनका नाम गिना जाता है । लेकिन अपनी शादीशुदा जिंदगी में एक दौर ऐसा भी आया जब उन्हें धोखा मिला। अब तक सायरा और दिलीप कुमार के प्यार और रिश्ते के मिसालें दी जाती हैं लेकिन क्या आप जानते हैं इस प्यार भरे रिश्ते को भी नजर लग गई थी। दिलीप और सायरा की शादी काफाी विवादों में रहीं। दिलीप कुमार साहब ने अपनी बायोग्राफी द सबस्टांस एंड द शैडो में पत्नी सायरा बानो को धोखा देने और तलाक की बात का जिक्र भी किया है। आपको बता दें एक दौर ऐसा आया जब दिलीप कुमार की लाइफ में पाकिस्तानी औरत आसमां आ गई थी. यही नहीं दिलीप ने सायरा को तलाक देकर आसमां से शादी कर ली थी. बता दें आसमां 3 बच्चों की तलाकशुदा मां थीं। लेकिन जल्द ही दिलीप कुमार को मालूम पड़ा कि आसमां उन्हें धोखा दे रहीं थी।

## योगी सरकार ने इन लोगों को दिया बड़ा तोहफा
# यूपी रोडवेज की बसों में फ्री में कर सकेंगे यात्रा

उत्तर प्रदेश के वो शिक्षक जो राष्ट्रीय या राजकीय पुरस्कार प्राप्त कर चुके हैं उन्हें योगी सरकार स्मार्ट कार्ड के माध्यम से यूपी रोडवेज की बसों में मुफ्त यात्रा का लाभ देने जा रही है. परिवहन विभाग की ओर से की गई पहल पर शिक्षा निदेशक, बेसिक एवं माध्यमिक ने सभी जनपदों के बेसिक शिक्षा अधिकारियों व डीआईएसओ को इस संबंध में पत्र लिखकर ऐसे सभी पुरस्कार प्राप्त शिक्षकों की डिटेल एक सप्ताह के अंदर उपलब्ध कराने के निर्देश दिए हैं.

शिक्षा विभाग की ओर से परिवहन विभाग को सूची उपलब्ध कराने के बाद लाभार्थी शिक्षक को स्मार्ट कार्ड के लिए स्वयं अप्लाई करना होगा. उल्लेखनीय है कि राष्ट्रीय / राज्य पुरस्कार प्राप्त शिक्षकों को परिवहन निगम की बसों में निश्शुल्क यात्रा सुविधा उपलब्ध



कराई जा रही है. इसके लिए कूपन आधारित यात्रा 4000 किमी प्रति वर्ष की सीमा तक निर्धारित की गई है. परिवहन निगम द्वारा अपनी नई बस टिकटिंग योजना के अन्तर्गत लागू की जा रही ईटीआईएम के जरिए टिकट जारी किए जाने की व्यवस्था की गई है. राष्ट्रीय/राज्य पुरस्कार प्राप्त शिक्षकों को निगम द्वारा विशेष स्मार्ट कार्ड उपलब्ध कराए जाएंगे. इन स्मार्ट कार्ड को टिकटिंग मशीन पर टैप करने पर शून्य मूल्य का टिकट जारी होगा, जिसमें बस नम्बर, कहां से कहां तक की यात्रा है, का विवरण अंकित होगा. इस प्रकार जारी स्मार्ट कार्डस से की गई यात्राओं एवं उससे सम्बन्धित समस्त एमआईएस क्लॉउड आधारित डाटा सर्वर पर प्राप्त होगा, जिससे राष्ट्रीय/राज्य पुरस्कार प्राप्त शिक्षकों के लिए जारी टिकटों के आधार पर प्रतिपूर्ति की धनराशि का वास्तविक आगणन निदेशक बेसिक एवं माध्यमिक शिक्षा को उपलब्ध कराया जाएगा. स्मार्ट कार्ड का मूल्य लाभार्थी को स्वयं वहन करना होगा. कार्ड की आयु 5 वर्ष है. खोने या जमा होने की स्थिति में नया कार्ड लाभार्थी को धनराशि का भुगतान करते हुए प्राप्त करना होगा.

परिवहन विभाग की ओर से मिली जानकारी के अनुसार स्मार्ट कार्ड के लिए पुरस्कृत शिक्षक लाभार्थी को अपने आधार कार्ड एवं निदेशक बेसिक/ माध्यमिक शिक्षा द्वारा प्राप्त परिचय पत्र के साथ शिक्षक का प्रमाणित फोटो लगा हो, जिसमें इस बात का उल्लेख हो कि परिचय पत्र धारक राष्ट्रीय/राज्य पुरस्कार प्राप्त अध्यापक है, के साथ परिवहन निगम के किसी भी जनपद के स्टेशन पर जाकर प्रार्थना पत्र निर्धारित प्रारूप में अपना विवरण अंकित करना होगा.

आधार कार्ड एवं शिक्षा विभाग द्वारा जारी परिचय पत्र की स्वप्रमाणित छायाप्रति उपलब्ध करानी होगी. आधार कार्ड का ऑथेंटिकेशन प्राप्त होते ही स्मार्ट कार्ड काउंटर से उपलब्ध होगा. कार्ड का मूल्य 100/- तथा 18 प्रतिशत जीएसटी अलग से देय होगी जिसका भुगतान शिक्षक को ही करना होगा. कार्ड में स्मार्ट चिप लगा होगा, जिसमें शिक्षक का सम्पूर्ण विवरण फीड होगा.

लाभार्थी के पास डेबिट और क्रेडिट कार्ड की तरह नाम व फोटो सहित पर्सनलाइज्ड स्मार्ट कार्ड प्राप्त करने का भी विकल्प होगा. काउंटर पर एप्लिकेशन जमा करने के 7 कार्यदिवस में कार्ड जारी किया जाएगा. एसएमएस पर कार्ड तैयार है कि सूचना मिल जाएगी. लाभार्थियों के पास स्मार्ट कार्ड के लिए ऑनलाइन अप्लाई करने का भी विकल्प होगा. इसके लिए उन्हें परिवहन निगम की वेबसाईट यूपीएसआरटीसी डाट काम पर लॉगिन करना होगा, जहां उपलब्ध लिंक पर जाकर अपना विवरण एवं फीस जमा करनी होगी.

# विवादों में फंसी डीएम नेहा जैन, बच्चे की बर्थडे में काटा त्रिशूल वाला केक



विवादों से गहरा नाता रखने वाली कानपुर देहात की डीएम नेहा जैन एक बार फिर से अपने कारनामों के कारण विवादों में घिर गई हैं. उन्होंने अपने बेटे के जन्मदिन पर एक केक काटा है, जिसकी फोटो सोशल मीडिया पर जमकर वायरल हो रही है, जब लोगों ने डीएम मैडम पर उंगली उठाई तो उन्होंने अपना सारा गुस्सा दो नेताओं पर निकाल दिया. उन्हें बहाने से अपने निवास पर बुलाकर 7 घंटे तक बंधक बनाए रखा, जिसके बाद मामला तूल पकड़ने लगा. इस मामले को लेकर विश्व हिंदू परिषद और बजरंग दल के नेताओं ने धार्मिक भावनाओं को आहत करने के नाम पर विरोध प्रदर्शन किया है.

कानपुर देहात की डीएम नेहा जैन ने अपने बेटे की बर्थडे में जो केक काटा था, उसमें भगवान की तस्वीर और त्रिशूल बना हुआ था. इस मामले में नेहा जैन का कहना है कि केक पर फिल्म ब्रह्मास्त्र के सुपर हीरो की तस्वीर बनी हुई थी जो बुराई पर अच्छाई की जीत का प्रतीक है. इसके इस्तेमाल का मकसद किसी की भावनाओं को ठेस पहुंचाना नहीं था, लेकिन अगर किसी को ऐसा लगता है तो मैं माफी मांगती हूं. विश्व हिंदू परिषद गौ रक्षा प्रमुख आदित्य शुक्ला और राज्य सरकार के कर्मचारियों के संयुक्त परिषद के जिला संयोजक अमित पांडेय ने आरोप लगाया कि डीएम नेहा जैन ने उन्हें अपने आवास पर बात करने के बहाने बुलाया और वहां पर जबरन उनका मोबाइल छीन लिया. इसके बाद पूछताछ के नाम पर उन्हें 7 घंटे तक बंधक बनाए रखा गया. इसके बाद अगले दिन उन्हें मोबाइल फोन वापस किए गए. आदित्य शुक्ला ने कहा कि ये हमारी संस्कृति और विरासत का अपमान है. वहीं अमित पांडेय ने कहा कि उन्होंने घटना की शिकायत पुलिस अधीक्षक कानपुर देहात से की है. डीएम नेहा जैन को लगता है कि उनकी फोटो हम लोगों ने वायरल की है.

वहीं, डीएम नेहा जैन ने कहा कि किसी की निजी तस्वीरें साझा करना निजता का हनन है. मैंने कानपुर देहात के एसपी को पत्र लिखकर इस मामले की जांच का अनुरोध किया है. तस्वीरें कैसे लीक हुई है ये जांच में पता चल जाएगा. कानपुर देहात के एसपी बीबीटीजीएस मूर्ति ने बताया कि दोनों पक्षों से शिकायतें मिली है, जिसकी जांच की जा रही है.

कानपुर देहात की डीएम नेहा जैन उस समय विवादों में सामने आई थी, जब अतिक्रमण हटाने पहुंची टीम के सामने मां-बेटी की झोपड़ी में जलकर मौत हो गई थी. उसमें जिला अधिकारी की सबसे बड़ी लापरवाही सामने आई थी. उस समय ट्विटर पर 'डीएम नेहा जैन को हटाओ' खूब ट्रेंड किया था.

# बागेश्वर बाबा के दरबार नहीं ले गया पति तो पत्नी ने की खुदकुशी



बागेश्वर धाम के महंत धीरेंद्र कृष्ण शास्त्री के दर्शन न होने से जबलपुर की एक महिला ने आत्महत्या कर ली. महिला इस बात से दुखी थी कि उसका पति उसे धीरेन्द्र कृष्ण शास्त्री के दरबार में नहीं ले जा पाया था. बागेश्वर धाम और पंडित धीरेंद्र शास्त्री पर अटूट विश्वास रखने वाली इस महिला को पति के व्यवहार से ऐसा सदमा लगा कि उसने अपेन दो मासूम बच्चों को छोड़कर मौत को गले लगा लिया. हैरान करने वाला ये मामला जबलपुर के अधारताल थाना क्षेत्र के कंचनपुर इलाके का है. मृतक महिला का नाम पल्लवी है. जो अपने पति संदीप चौधरी, दो बच्चों और सास के साथ रहती थी. उसकी सास को गंभीर बीमारी है. उसके पति की आर्थिक स्थिति ठीक नहीं है. बताया जा रहा है कि पति जैसे-तैसे परिवार का पेट पाल रहा था. मुश्किल वक्त से जूझ रहे संदीप अपने दो बच्चों को पढ़ाने के साथ अपनी बीमार मां का इलाज करवाना था. ऐसे में उसने अपनी पत्नी की बात सुनने के बजाए मां के इलाज को प्राथमिकता थी जिससे नाराज होकर पल्लवी ने अपनी जिंदगी समाप्त कर ली. वहीं संदीप ने बताया कि पल्लवी रोज बागेश्वर धाम के महंत पंडित धीरेंद्र शास्त्री के प्रवचन सुनती थी और घर की समस्याओं को खत्म करने के लिए धीरेंद्र शास्त्री जो भी उपाय वीडियो में बताते, उनको करती थी. आपको बताते चलें कि जबलपुर में 25 से 31 मार्च तक धीरेन्द्र कृष्ण शास्त्री की कथा का आयोजन था. जब पल्लवी को ये पता चला तो उसने 27 मार्च को पति से जिद की कि उसे बागेश्वर बाबा की कथा सुनने और दर्शन करने जाना है. लेकिन उसी दिन संदीप अपनी बीमार मां का इलाज करवाने के लिए उन्हें अस्पताल लेकर चला गया और डॉक्टर के ना मिलने की वजह से उसे लौटने में कुछ देर हो गई. दूसरी ओर घर में बाबा के दर्शन और दरबार में जाने का इंतजार कर रही पल्लवी ने तैश में आकर घर में ही फंदा लगाकर सुसाइड कर ली. संदीप जब घर लौटा तो पल्लवी को फांसी के फंदे पर लटका हुआ देख फौरन पुलिस को खबर दी. वहीं आस-पास के लोगों का कहना है कि पल्लवी ने अपने पति की स्थिति को समझे बिना इतना बड़ा फैसला ले लिया. वहीं कुछ लोगों का कहना है कि ये घटना बाबाओं के प्रति अंधभक्ति का नतीजा है.

# झाड़ू लगाएगा अतीक अहमद साबरमती जेल में, भैंस को भी नहलाना होगा, मिलेंगे 25 रुपये प्रतिदिन

गैंगस्टर से नेता बना अतीक अहमद फिलहाल साबरमती जेल में बंद है। बीते दिनों उमेश पाल अपहरण मामले में उसे कोर्ट की ओर से सजा सुनाई गई थी। यह पूरा मामला 2006 का है। अतीक अहमद पर 100 से ज्यादा एफआईआर दर्ज है। कोर्ट की सुनवाई के बाद उत्तर प्रदेश पुलिस ने अतीक अहमद को दोबारा गुजरात की जेल में पहुंचा दिया। अतीक अहमद उत्तर प्रदेश की जेल में नहीं रहना चाहता था। अतीक अहमद को कैदी नंबर 17052 बनाया गया है। अदालत की ओर से उसे सश्रम कारावास की सजा सुनाई गई थी। ऐसे में जेल में अतीक अहमद को काम करने होंगे। विभिन्न मीडिया रिपोर्टों के मुताबिक अतीक अहमद को जेल में जो काम करने होंगे वह हम आपको बता रहे हैं।



जानकारी के मुताबिक अतीक अहमद को जेल में झाड़ू लगाना होगा। इसके अलावा उसे बढ़ई का भी काम मिला हुआ है। इतना ही नहीं, उसे खेती करने और मवेशियों को चारा देने का भी काम सौंपा गया है। अतीक अहमद अब जेल में भैंसों को नहलाएगा। बदले में उसे दिहाड़ी मिलेगी। खबर के मुताबिक फिलहाल अतीक अहमद को रोजाना काम करने के बदले 25 रुपये दिए जाएंगे। इसे अकुशल कारीगर की श्रेणी में रखा गया है। अतीक अहमद को 2 जोड़ी कपड़े दिए गए हैं। इसमें सफेद कुर्ता, पजामा, टोपी और गमछा शामिल है। अगर अतीक अहमद को कुशल श्रेणी में रखा जाता है तो उसे 40 रुपये रोजाना दी जाएगी।

उत्तर प्रदेश से पूर्व विधायक और लोकसभा के पूर्व सदस्य अतीक अहमद को कड़ी सुरक्षा के बीच प्रयागराज से 24 घंटे की लंबी यात्रा के बाद उत्तर प्रदेश पुलिस की वैन से गुजरात लाया गया। वीडियो क्लिप में देखा जा सकता है कि उत्तर प्रदेश पुलिस 60 वर्षीय गैंगस्टर को लेकर आयी है और जेल परिसर में प्रवेश कर रही है। उत्तर प्रदेश पुलिस ने साबरमती जेल से रविवार को अतीक अहमद को हिरासत में लिया और उसे प्रयागराज ले गए जहां विशेष एमपी/एमएलए अदालत ने अपहरण के मामले में उसे उम्रकैद की सजा सुनायी। फूलपुर से समाजवादी पार्टी के पूर्व सांसद अतीक अहमद को जून 2019 में तब गुजरात के साबरमती केंद्रीय जेल में स्थानांतरित कर दिया गया था।

# ताजमहल गिरा दो! दूंगा डेढ़ साल का अपना वेतन, बीजेपी विधायक ने मोदी से की अनोखी अपील

राष्ट्रीय शैक्षिक अनुसंधान और प्रशिक्षण परिषद (एनसीईआरटी) ने 12वीं कक्षा की इतिहास की पाठ्यपुस्तकों से मुगल इतिहास पर कुछ अध्यायों को हटाने और नए चैप्टर शामिल करने को लेकर इन दिनों विवाद छिड़ा है। इसी बीच असम भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के विधायक रूपज्योति कुर्मी ने कथित तौर पर ताजमहल और कुतुब मीनार को गिराने और उन्हें भव्य मंदिरों से बदलने की मांग को लेकर विवाद खड़ा कर दिया है। इस बाबत असम बीजेपी विधायक ने पीएम मोदी से अपली भी की है।सोशल मीडिया पर व्यापक रूप से वायरल हो रहे वीडियो में असम में मरियानी से विधान सभा सदस्य ने कहा कि ताजमहल प्रेम का प्रतीक नहीं है। उन्होंने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से ताजमहल और कुतुब मीनार को तुरंत ध्वस्त करने और इन स्मारकों को दुनिया के सबसे खूबसूरत मंदिरों से बदलने का भी आग्रह किया। उन्होंने आगे कहा कि उन दोनों मंदिरों की वास्तुकला ऐसी होनी चाहिए कि कोई अन्य स्मारक उनके करीब भी न हो। बीजेपी विधायक ने कहा कि ताजमहल प्यार का प्रतीक नहीं है। शाहजहाँ ने अपनी चौथी पत्नी मुमताज की याद में ताजमहल बनवाया था। अगर वह मुमताज से प्यार करता था, तो मुमताज की मौत के बाद उसने तीन बार और शादी क्यों की? विधायक रूपज्योति कुर्मी ने यहां तक कहा कि अगर ताजमहल और कुतब मीनार को गिराकर वहां मंदिर बनाया जाता है तो वह कम से कम अपनी डेढ़ साल की तनख्वाह मंदिरों के निर्माण के लिए दान करने को तैयार हैं।



# युवक शादी के लिए देखने आया लड़की, 3 बच्चों की मां को लेकर हुआ फरार



पश्चिम बंगाल के मालदा से एक हैरान करने वाला मामला सामने आया है, जिसकी सोशल मीडिया पर काफी ज्यादा चर्चा हो रही है। दरअसल, एक युवक अपनी शादी के लिए मालदा में लड़की देखने गया था। लड़का जब लड़की के घर पहुंचा तो उसे वह पसंद नहीं आई। इस दौरान उसकी नजर लड़की की माँ पर पड़ी, जो उसकी खातिरदारी करने में लगी हुई थी। लड़की की माँ को देखते ही लड़के को वह पसंद आ गयी। यह बात सिर्फ पसंद तक सिमित नहीं रही बल्कि लड़का उस महिला को लेकर भाग गया। दोनों के घर से भाग जाने से इलाके में हड़कंप मच गया। महिला के पति ने थाने में जाकर घटना की शिकायत दर्ज कराई है। पुलिस मामले की जाँच कर रही है। यह घटना 25 मार्च की बताई जा रही है, जो मालदा के गजोल थाना क्षेत्र करकच पंचायत के इचाहार गांव में घटित हुई है। महिला के घर से भागने के बाद उसके पति ने उसकी कई जगह पर तलाश की। महिला का कहीं भी नहीं पता चलने के बाद उसने पुलिस थाने जाकर उसकी गुमशुदगी की शिकायत दर्ज कराई। परिजनों का कहना है कि महिला अपनी बेटी को देखने आए युवक के साथ फरार हो गयी है। वहीं पुलिस ने कहा है कि एक व्यक्ति ने अपनी पत्नी की गुमशुदगी की रिपोर्ट दर्ज कराई है। महिला को ढूंढ़ने का पूरा प्रयास किया जा रहा है।

# कैसे लड़के से करेंगी शादी, जया किशोरी ने बताया, बोलीं- लड़के को करना होगा

मशहूर कथावाचक जया किशोरी अपनी शादी की चर्चा की वजह से इन दिनों सुर्खियों में हैं. जय किशोरी की फैन फॉलोइंग काफी ज्यादा है. इसका अंदाजा उनके प्रवचन के कार्यक्रम देखकर लगाया जा सकता है जहां लाखों की संख्या में लोग आते हैं. भगवत कथा का पाठ करने वाली जया किशोरी की बातों को लोग गौर से सुनते हैं और उन्हें अमल में भी लाते हैं. जया किशोरी को धार्मिक पाठ करने वाली कथावचक के साथ-साथ एक मोटिवेश्नल स्पीकर के तौर पर भी देखा जाता है. अकसर वो अपनी सभाओं में आज के युवाओं की समस्याओं पर बात करती देखी जाती हैं, उनका समाधान बताती नजर आती हैं. आए दिन वो शादी-विवाह और जीवनसाथी के बारे में बताती रहती हैं. हाल के एक वीडियो में भी उन्होंने जीवनसाथी के बारे में बताया. इस दौरान उन्होंने ये भी बताया कि उन्हें कैसा लाइफ पार्टनर चाहिए. किस प्रकार के लड़के को वो अपना जीवनसाथी बनाएंगी. उन्होंने कहा कि जीवनसाथी अगर समझदार हो, वो आपकी भावना को समझे तो आपकी लाइफ काफी आसान हो जाती है. उन्होंने कहा कि वो उस लड़के को अपना लाइफ पार्टनर बनाएंगी जो उनके साथ रहे, उनके माता-पिता के साथ रहे. वो ये भी कहती हैं कि अगर लड़का कोलकाता से हो तो ये और बेहतर होगा. बता दें कि जया किशोरी कोलकाता की रहने वाली हैं. वो अपने माता-पिता के साथ वहीं रहती हैं. उनके वीडियो सोशल मीडिया पर काफी शेयर किए जाते हैं. उन्हें बड़ी संख्या में देखा भी जाता है. देश ही नहीं बल्कि विदेशों में भी उनके वीडियो को लोग पसंद करते हैं. हालांकि, सोशल मीडिया पर उनकी शादी को लेकर भी सवाल खूब होते हैं. लेकिन उनके अभी के जवाब के बाद ऐसा लगता है कि लोगों को उनके सवालों का जवाब मिल गया है.



# साइबर ठगों की नई तरकीबें, अगर आपको इनमें से कोई भी ऑफर मिले तो हो जाएं अलर्ट, नहीं तो हो जाएगा बड़ा नुकसान

साइबर फ्रॉड के मामले बढ़ते जा रहे हैं. साइबर ठग लोगों को ठगने के लिए अलग-अलग तरह के तरीकों का इस्तेमाल करते हैं. आज हम आपको कुछ ऐसे ऑफर्स के बारे में बताने जा रहे हैं जिन्हें स्वीकार के आप मुसीबत मोल ले सकते हैं. अगर आपके पास किसी मूवि को रेटिंग देने का मैसेज आए तो सतर्क हो जाएं. इसमें आपके मोबाइल पर एक मैसेज आता है जिसमें कहा जाता है कि घर बैठे फिल्मों की रेटिंग देकर आप पैसा कमा सकते हैं. इसमें एक लिंक दिया जाता है जिसे कई बार (जैसे 30 बार या 20 बार) क्लिक करने के लिए कहा जाता है. हालांकि यह लिंक दबाते ही आप साइबर ठगों के जाल में फंस सकते हैं. मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक ऐसा एक मामला नोएडा में सामने आया जहां इस तरह के मैसेज के जरिए एक महिला से 12 लाख रुपये ठग लिए गए. इस मामले एफआईआर भी दर्ज हुई है. आपको एक फोन आ



सकता है कि जिसमें दूसरी तरफ से बात करने वाला शख्स आपको बता सकता है कि आपके क्रेडिट कार्ड पर कुछ रिवॉर्ड प्वाइंट्स हैं उन्हें तुरंत रिडीम कराना होगा, नहीं तो ये एक्सपायर हो जाएंगे. इसमें भी एक लिंक भेजा जाता है. आपको ऐसे ऑफर से बचना है और लिंक को तो बिल्कुल क्लिक नहीं करना है. इसमें आपको वर्क फ्रॉम होम कर प्रतिदिन हजारों रुपये कमाने का ऑफर दिया जा सकता है. बाकी सभी फ्रॉड ऑफर्स की तरह इसमें एक लिंक क्लिक करने या किसी नंबर पर बात करने को कहा जाता है. यह मैसेज कई लोगों को आ रहा है जिसमें कहा जाता है कि आपने बिजली का बिल नहीं भरा है इसलिए आज रात 9 बजे आपकी पावर सप्लाई काट दी जाएगी. इसमें किसी नंबर पर कॉल करने, कोई एप डाइनलोड करने या फिर किसी लिंक को क्लिक करने को कहा जाता है.

मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक इस तरह की ठगी के मामले भी सामने आए हैं जिनमें एक कॉल करके कहा जाता है कि यह कॉल कूरियर कंपनी की है. इसके बाद कहा जाता है कि आपने जो कूरियर मुंबई से विदेश भेजा है उसमें ड्रग्स, अवैध सिमकार्ड और पासपोर्ट मिले हैं. जिसकी वजह से उसे जब्त कर लिया गया है.

इसके बाद आपकी कॉल मुंबई साइबर क्राइम पुलिस स्टेशन में ट्रांसफर करने की बात कही जाती है. ऐसे किसी कॉल के झांसे में न आएं. मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक ऐसा एक मामला दिल्ली में सामने आया था लेकिन दिल्ली निवासी ने सूझबूझ से काम लिया और वह ठगे जाने से बच गया.

# रामलला के जलाभिषेक में पाकिस्तान की इस नदी से आएगा पानी



उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ 23 अप्रैल को 155 देशों की नदियों के जल से भगवान रामलला की मूर्ति का भव्य जलाभिषेक करेंगे. श्रीराम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र के महासचिव चंपत राय ने गुरुवार को यह जानकारी दी. उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मार्गदर्शन और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की अगुआई में अयोध्या में भगवान राम के भव्य और दिव्य मंदिर का निर्माण तेजी से हो रहा है. राय ने बताया कि दिल्ली के राम भक्त विजय जॉली की अगुआई में एक टीम अयोध्या में भगवान राम के मंदिर में भव्य 'जलाभिषेक' करने के लिए मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ को विभिन्न महाद्वीपों के 155 देशों की नदियों का पानी सौंपेगी. उन्होंने बताया कि 23 अप्रैल को मनीराम दास छावनी सभागार में आयोजित होने वाले समारोह में रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह और मुख्यमंत्री आदित्यनाथ टीम से मिले 'जल कलश' की पूजा करेंगे. राय ने बताया कि कलश में पाकिस्तान की रावी नदी समेत 155 देशों की नदियों का जल होगा.

उन्होंने बताया कि दुनिया भर के देशों से लाए गए जलकलश पर उन देशों के झंडे, उनके नाम और नदियों के नाम वाले स्टीकर लगे होंगे. इस कार्यक्रम में कई देशों के राजदूत भी शिरकत करेंगे. राय के मुताबिक पाकिस्तान की नदियों का जल पहले पाकिस्तान के हिंदुओं ने दुबई भेजा और फिर दुबई से इसे दिल्ली लाया गया. अब इस जल को अयोध्या लाया जाएगा. उन्होंने बताया कि पाकिस्तान के अलावा सूरीनाम, चीन, यूक्रेन, रूस, कजाकिस्तान, कनाडा और तिब्बत समेत कई अन्य देशों की नदियों का जल भी भगवान रामलला के जलाभिषेक के लिए लाया जाएगा.

दूसरी ओर चंद्रपुर जिले में पैदा होने वाली सख्त और टिकाऊ सागौन की लकड़ी राम मंदिर में इस्तेमाल होगी. सागौन की लकड़ी का इस्तेमाल मंदिर के मेन गेट, अंदर के दरवाजे, गर्भगृह के एंट्री गेट को बनाने में किया जाएगा. इसके अलावा पूरे मंदिर परिसर में जहां भी लकड़ी की जरूरत होगी, वह यहीं से लाई जाएगी. राम मंदिर का उद्घाटन जनवरी 2024 में लाखों भक्तों के लिए निर्धारित है.

# दवाओं के रेट में हुआ बदलाव, जाने कौन सी दवा हुई सस्ती



भारत सरकार ने 1 अप्रैल से लगभग 900 दवाओं के दामों में बदलाव किया है. ये बदलाव के 12त्न पर पहुंचने की वजह से किया गया था. Wholesale Price Inde& यानी होलसेल बाजार में खरीदे और बेचे जाने वाले सामान में होने वाले बदलावों को दर्शाता है, जिसके आधार पर भारत में भी सामान का दाम तय होता है. आप कह सकते हैं कि ये महंगाई नापने का पैमाना है. इस आधार पर जो दाम बदले हैं, वो दाम Ceiling Price कहलाते हैं यानी इस दाम से ज्यादा कीमत पर दवा नहीं बेची जा सकेगी लेकिन रिटेलर चाहे तो प्रतियोगिता में बने रहने के लिए इससे कम दाम पर दवा बेचने का फैसला ले सकता है. नई लिस्ट सामने आने के बाद इस बात को लेकर सरकार की आलोचना हुई कि महंगाई की मार झेल रही जनता पर और बोझ डाला गया है. इसके बाद स्वास्थ्य मंत्री डॉ मनसुख मांडविया ने सफाई दी कि तकरीबन 651 दवाओं के दाम औसतन 6.73त्न कम हुए हैं. सरकार ने साफ किया कि WPI के आधार पर दवाओं के दाम तय करने का फैसला 2013 में लिया गया था. यानी DPCO में 2013 में यानी यूपीए के शासन के दौरान ये फैसला किया गया था कि दवाओं के दामों को में होने वाले उतार चढ़ाव के आधार पर तय किए जाएंगे. सरकार ने ये भी बताया कि पिछले वर्ष सितंबर में हाई ब्लड प्रेशर के इलाज की दवा एमलोडिपिन की एक टैबलेट की कीमत पहले 3 रुपए 30 पैसे थी जो अब 2 रुपए 50 पैसे हो गई है. यही दवा जन औषधि स्टोर पर केवल 50 पैसे की मिलती है. पॉपुलर ब्रांडेड एंटीबायोटिक दवा ऑगमेंटिन की एक गोली की कीमत पहले 22 रुपए 20 पैसे थी, जो अब 19 रुपए की हो चुकी है. ये दवा जेनेरिक दवा के स्टोर यानी जन औषधि स्टोर पर 9 रुपए प्रति गोली मिलती है. डायबिटीज के इलाज में आने वाली दवा मेटफॉरमिन की एक गोली पहले 4 रुपए 50 पैसे की मिलती थी अब 5 रूपए की हो गई है. इसमें पहले के मुकाबले 50 पैसे बढ़े हैं, हालांकि जन औषधि स्टोर पर इसी दवा की एक गोली 1 रुपए 30 पैसे की मिलती है.

# कोरोनो को लेकर पूरी तरह तैयार प्रदेश सरकार: ब्रजेश पाठक

## भाजपा में शासन में हुआ प्रदेश का कायाकल्प, थमी आपराधिक वारदातें






बीपीएस न्यूज

कानपुर। उत्तर प्रदेश के उप मुख्यमंत्री व स्वास्थ्य मंत्री ब्रजेश पाठक शनिवार को भाजपा कानपुर दक्षिण जिला के यशोदा नगर चौराहे के पास स्थित वृंदावन लान में आयोजित प्रभावी मतदाता सम्मेलन में शामिल होने आये। उन्होने जहां शहर की जनता को बढते कोरोना के प्रभाव पर सर्तक किया वहीं उन्होने बुजुर्गो व बीमारों को भीड में न जाने की सलाह दी साथ ही उन्होने कोरोना के किसी भी स्तर से निपटने के लिए प्रदेश सरकार को पूरी तरह तैयार बताया। उन्होने कहा कि पिक्ष की पार्टियों की बहुत बुरी अवस्था है। कांग्रेस ने कश्मीर को वोटों की लालच में आतंकवादियों का अड्डा बना दिया था, जिसे बीजेपी सरकार ने एक ही झटके में धारा-370 को निष्प्रभावी बना दिया। साथ ही उन्होने सपा सरकार के पूर्व शासन में होने वाली अराजकता की बात कही। शनिवार को प्रदेश के उप मुख्यमंत्री तथा स्वास्थ्य मंत्री ब्रजेश पाठक मतदाता सम्मेलन में हिस्सा लेने कानपुर पहुंचे यहां उन्होने कहा कि कश्मीर में हमारी सरकार ने धारा 370 को हटाने का काम किया है, आज जो अधिकार कानपुर के लोगों को है वहीं अधिकार कश्मीर के लोगो को भी है। पहले कश्मीर में जाने से पहले परमिट लेना पडता था। श्यामा प्रसाद मुखर्जी ने आंदोलन चलाया था, कि देश में 2 विधान और 2 निशान नही चलेंगे। उस समय स्व0 अटल बिहारी से मुखर्जी ने कहा था कि बगैर परमिट में श्रीनगर में प्रवेश कर गए है। आज धारा 370 समाप्त होने के बाद कश्मीर भारत का मुकुट बनकर चमक रहा है। वहीं उन्होने बढते कोरोना के प्रभाव से सभी को सर्तक रहे हुए कहा तथा कहा कि हम कोरोना को लेकर पूरी तरह तैयार है साथ ही उन्होने बीमार व बुजुर्ग लोगों से भीड में न जाने की सलाह दी। उन्होने निकाय चुनाव में कार्यकताओं व स्थानीय पदाधिकारियों से पूरी तकत से जुटने को कहा। पूरी ताकत से जुटे पदाधिकारी और कार्यकर्ता डिप्टी सीएम ब्रजेश पाठक ने भाजपा के पदाधिकारियों को कार्यकर्ताओं से कहा कि निकाय चुनाव की घोशणा किसी भी समय हो सकती है ऐसे में हर कार्यकर्ता अपनी पूरी ताकत इन चुनावों में भाजपा को विजय बनाने के लिए लगा दे। भाजपा का एक-एक कार्यकर्ता, घर-घर जाकर अपनी पार्टी का प्रचार करे। कहा पिछली बार भी हम प्रचंड रूप से जीते थे और इस बार भी हम जनता को सरकार की उपलब्धियों से अवगत कराकर जीत का स्तर और भी बडा करेंगे। उन्होने आवाहन करते हुए पदाधिकारियों को सभी कार्यकर्ताओं से चुनाव में पूरी ताकत से जुटने को कहा। उन्होने कहा प्रदेश नेतृत्व ने हर जिले में प्रभावी मतदाता सममेलन के लिए सभी को भेजा है साथ ही कानपुर की आवाज आसपास के जिलों में भी पहुंचती है इस लिए शुरूआत यहां से ही करें।

डिप्टी सीएम ब्रजेश पाठक के सपा पर हमला बोलते हुए कहा कि एक समय था जब प्राथमिक विधालयों को तबेलों मे बदल दिया गया था और लोग वहां अपनी भैंसे बांधा करते थे आज प्रदेश सरकार द्वारा शिक्षा को उत्तम किया गया है और एक अप्रैल से स्कूल चलों अभियान में सभी बच्चों को स्कूल में पढाने की व्यवस्था की गयी है। उन्होने कहा 2017 से पहले प्रदेश में मात्र 13 राजकीय मेडिकल कालेज थे वहीं आज 30 निजी और 35 सरकारी मेडिकल कालेज है। मित्र 14 जिलों में मेडिकल कालेज रह गए है वहां भी बन रहे है और जल्द ही वह चालू हो जायेंगे। उन्होने कहा सपा शासनकाल में आम जनता भयभीत रहती थी। प्रदेश के सभी जिलों में गुंडे कारों पर घूमते थे, जिन्हे सपा नेता का संरक्षण हालिस हुआ करता था। बहू-बेटियों शाम को घर नही पहुंचती थी तो लोंग परेशान हो जाते थे लेकिन अब हमने बहू-बेटियों को परेशान करने वालों पर 25 हजार मुकदमें दर्ज किए है साथ ही साथ किसी प्लाट पर कब्जा करने वालों पर भी कार्यवाई की जा रही है। उन्होने कहा कि अब प्रदेश में संगठित अपराध नही है। सरकार ने अदालत में ठीक से पैरवी कर इन लोगों को सरकार ने पैरवी कर ऐसे लोगों को कडी सेकडी सजा दिलाने का काम किया है। इसके अलावा महिलाओं और बच्चों के प्रति जो अपराध किए जाए है, उनमें पैरवी कर छह-छह माह में फांसी तक पहुंचाया है। उन्होने कहा सपा शासनकाल में अपराध का सपा से सीधा जुडाव रहा है।

कोरोना को लकर जनमानस को किया सर्तक डिप्टी सीएम ब्रजेश पाठक ने एक बार फिर कोरोना के बढते प्रभाव पर लोगों को सचेत किया है। उन्होने कहा कि बुजुर्ग और बीमार सतर्क रहे, कहीं भीड में न जाये। कहा प्रदेश सरकार कोरोना को लकर पूरी तरह तैयार है। सरकार की हर स्तर पर पूरी तैयारी है। कहा यह प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की ही देन है कि देश में कोरोना के दो वैक्सीन शुरूआती दौर में ही तैयार हो गयी। कहा जो वैक्सीन पहले थी वह अमेरिका, इंग्लैंड में बनने के 50 वर्ष बाद वह वैक्सीन भारत आती थी। जब कोरोना आया तो जहां दूसरे देशों ने अपनी वैक्सीन बनाई तो वहीं भारत ने दो वैक्सीन बना ली और यही कारण है कि आज हम पूरी तरह सुरक्षित बिना मास्क के यहां बैठे है। कहा सभी को दो वैक्सीन और बूस्टर डोज की व्यवस्था की गयी थी।



## बच्चों द्वारा सांस्कृतिक मंच पर दी गयी राम दरबार की प्रस्तुति

बीपीएस न्यूज

कानपुर। हेमा अखिल भारतीय महिला शक्ति एसो0 भारत एवं अखिल भारतीय महिला शक्ति संघ भारत संस्थापक राष्ट्रीय अध्यक्ष के नेतृत्व में संरक्षिका शीला महेश्वरी, केशव चंद महेश्वरी व राम कथा आयोजक संयोजक द्वारा वाचक अरूण विशष्ठ द्वारा पांच दिवसीय राम कथा का समापन किया गया।

कार्यक्रम में सांस्कृतिक मंच पर छोटे-छोटे बच्चों द्वारा राम दरबार की प्रस्तुती दी गयी। इस अवसर पर संस्था की राष्ट्रीय अध्यक्ष हेमा पटेल ने सीाी उपस्थित लोगों को श्री राम के चरित्र को अपने जीवन में उतारने और मर्यादा पुरूषोततम राम की ही तरह अपने जीवन को जीने का निवेदन किया तथा कहा रामजी की ही तरह अपने अपने जीवन को जीना चाहिये, भविष्य में लोगों को सनातन धर्म को ही बपनाना होगा तभी भवसागर से हम पार हो पायेगे। इस अवसर पर विशाल भण्डारे का भी आयोजन किया गया। कार्यक्रम में प्रीति मिश्रा, दिव्यता बाजपेई, रागनी, निशा, सपना सचान, सोनिया, चंदा, सीमा, हीरा, सीमा, तारा आदि उपस्थित रहीं।

## शहर के चारों कोनो पर प्राइवेट बस वाहनों के अवैध अड्डे




बीपीएस न्यूज

कानपुर। टाटमिल के पास अवैध ढंग से संवालित निजी बस अड्डा को हटवाने के लिए अचानक विभाग जाग उठा था और यहां मार्च में फोटोग्राफी कराई गयी थी, इसके साथ ही यह भी सामने आया था कि अन्य व बस टेंपों स्टैंडों पर भी विभाग कार्यवाई करेगा, लेकिन सत्यता यह है कि आज शहर के हर ओर अवैध बस स्टैण्ड और प्रावइेट वाहन स्टैण्ड बने हुए है। चाहे वह रामादेवी चौराहा हो, फजलगंज चौराहा हो या फिर रावतपुर, कल्याणपुर हो। हर तरफ अवैध प्राइवेट वाहन के अवैध अड्डे बने हुए है, जिन्हे कहीं न कहीं स्थानीय थाने का भी संरक्षण प्राप्त है।

यदि बात करे रमादेवी चौराहे की तो यहां फतेहपुर रोड और लखनऊ रोड की तरफ अवैध रूप से प्राइवेट वाहन का अड्डा बना हुआ है। दजर्नो कारे फतेहपुर और बीच में पडने वाले गांवों तक की सवारियों को भरती है। आलम यह कि रास्तें में जाम लगा रहा है। तो लखनऊ मार्ग पर भी यही हाल है। रावतपुर व कल्याणपुर में भी अवैध प्रावइेट वाहनों का जमावडा लगा रहा है फजलगंज में अराजकता का आलम यह है कि प्राइवेट बसें खडे होकर दिल्ली, हरियाण, राजस्थान, नोएडा आदि स्थानों के लिए सवारियां भरती है। पूर्व में कई बार अखबारों में खबर भी प्रकाशित हुई लेकिन प्रशासन ने कार्यवाही नही की। फजलगंज प्राइवेट बसों का गढ बन चुका है। यह बसें शाम को कतारबद्ध तरीके से फजलगंज विजय नगर चौराहे पर खडी हो जाती है जहां इन बसों का किराया मंहगा होता है तो वहीं सरकारी बसों से इनमें सुविधायें भी ज्यादा होती है साथ ही घर बैठे बुकिंग सेवा और सामान ले जाने की सुविधा अलग।

इतना ही नही बाहर से आने वाला व्यापारी भी इन्ही बसों की सेवा लेता है और अपना थोडा-बहुत माल इन्ही बसों के माध्यम से ले जाता है। शहर में चल रहे तमाम अवैध बस और प्रावइेट वाहन अड्डे बन चुके है। ऐसा भी नही कि विभागों की जानकारी में न हो लेकिन कोई भी कार्यवाही नही होती। जब कभी कोई शासनिक दबाव या मीडिया में खबर आती है तो कुछ समय के लिए विभाग में चैतन्यता आ जाती है लेकिन फिर स्थिति पहले जैसी हो जाती हैं। हर जगह स्थानीय थानापुलिस की ऐसे अवैध अड्डों को सरंक्षणता प्राप्त रहती है। रामादेवी चौराहे पर प्राईवेट वाहनों से लेकर आटो और ई-रिक्शा वालों से प्रतिदिन के हिसाब से पुलिस वसूली करती है।

यही हाल लगभग हर अवैध बस प्रावइेट वाहन स्टैण्ड का है। अवैध बस वालों की दबंगई इतनी कि यह विभागीय अधिकारियों से भी भिड जाते है। कुछ दिन पहले ही टाटमिल के पास बंगला नम्बर 116 के पास अवैध बस अडडे के संचालन की शिकायत पर रोडवेज के क्षेत्रीय प्रबंधक लव सिंह तथा रूकरकटी बसे अडडे केयातायात अधीक्षक केके आर्य जब जांच के लिए मौके पर पहंचे तो वहां संचालक व उसके गुर्गो अधिकारियों से भिड गये थे और उनपर पत्थर तक तान दिया था। वहीं यातायात अधीक्षक का कहना है कि अवैध तरीके से काम करने वालों को कतई बख्शा नही जायेगा, अवैध बस अडडों को हटाया जायेगा साथ ही पूरे शहर में अवैध रूप से संचालित अवैध बस अडडों को लेकर पत्र भी लिखेंगे तथा इसके विरूद्ध अभियान चालने की बात कही थी।

## विकलांगों की समस्या को लेकर 8 सूत्रीय मांग पत्र मुख्य चिकित्सा अधिकारी आलोक सिंह को सौंपा

बीपीएस न्यूज

कानपुर। सर्व दिव्यांग एवं महिला सशक्तिकरण सेवा संस्थान उत्तर प्रदेश के तत्वाधान में दिव्यांग जनों की विभिन्न समस्या के समाधान कराए जाने की मांग को लेकर मुख्य चिकित्सा अधिकारी आलोक सिंह को 8 सूत्रीय मांगपत्र पत्र सौंपा गया संस्था के अध्यक्ष रेनू गुप्ता ने मांग पत्र के माध्यम से बताया कि दिव्यांग प्रमाण पत्र ऑनलाइन होने के बावजूद दिव्यांग दर-दर भटक रहे हैं प्रमाण पत्र बनने के दौरान कोई रिसीविंग नहीं दी जाती है कृपया रिसीविंग दिलाने की मांग किया गया यह की पूर्व डॉक्टरों द्वारा बनाए गए प्रमाणपत्र यूडी आईडी कार्ड जारी होने में दिव्यांगों को काफी समस्याओं का सामना



करना पड़ रहा है दिव्यांग यूडी आईडी कार्ड दिव्यांग प्रमाण पत्र के आधार पर बिना परीक्षण के जारी किया जाए यहां की गर्मी का मौसम शुरू हो रहा है दिव्यांग बोर्ड में पेयजल की व्यवस्था सुनिश्चित कराने की मांग की या कि दिव्यांग बोर्ड में सुलभ शौचालय की कोई व्यवस्था नहीं है दूर-दूर से आने वाली दिव्यांगों को इससे बड़ी समस्या होती है दिव्यांग बोर्ड में सुलभ शौचालय की व्यवस्था सुनिश्चित कराई जाए यह कि दिव्यांग यूडी आईडी कार्ड प्राप्त न होने के कारण रोडवेज व अन्य यातायात में चलने में काफी समस्याओं का सामना करना पड़ रहा है तथा दिव्यांग जनों का यूडी आईडी कार्ड 15 दिनों के भीतर जारी किया जाए यह कि दिव्यांग बोर्ड के गणित के सहयोग के नजरिए से लिए जाने वाली सहायता के दृष्टिकोण से प्रत्येक समिति के प्रतिनिधियों को एक नजरिए से देखा जाए यह कि दिव्यांग बोर्ड के ऑफिस में सीसीटीवी कैमरे लगवाए जाएं यह कि दिव्यांग बोर्ड में हो रहे भ्रष्टाचार की गोपनीय जांच कराई जाए तरह दिव्यांग जनों के दिव्यांग प्रमाण पत्र के आधार पर आयुष्मान कार्ड जारी किया जाए ज्ञापन मांग पत्र देने वालों में प्रमुख रूप से संस्था की अध्यक्ष रेनू गुप्ता वीरेंद्र सिंह भदौरिया जिला अध्यक्ष दिनेश कुमार गुप्ता राष्ट्रीय अध्यक्ष भारतीय जागृति मिशन दिव्यांग संघ अमित कुमार यशपाल अरोड़ा अशोक जायसवाल जिला अध्यक्ष भारतीय जागृति मिशन दिव्यांग संघ राम अवतार शर्मा संगीता चेतन नरेश कुमार दीपचंद रेखा देवी उत्तम इंद्रावती अरुण कुमार महावीर मंगल प्रसाद आदि प्रमुख रूप से शामिल रहे।

## नगर निगम डंपर में चलते-चलते लगी आग, विश्वविद्यालय मेट्रो स्टेशन के नीचे हुआ हादसा



बीपीएस न्यूज

कानपुर। बुधवार की सुबह कल्याणपुर जीटी रोड स्थित कानपुर विश्वविधालय मेट्रो स्टेशन के नीचे नगर निगम के एक डंपर पर चलते-चलते अचानक आग लग गयी। आग को देखकर डंपर चालक घबरा गया और चालक तथा परिचालक ने किसी तरह डंपर से कूदकर अपनी जान बचाई। आग की सूचना पर मौके पर दो दमकल गाडियां पहुंच गयी और लगभग डंढ घंटे में आग पर काबू पाया।कानपुर विश्वविधालय मेट्रो स्टेशन के नीचे नगर निगम के एक डम्फर में अचानक आग लग गयी। प्रत्यक्षदर्शियों की माने तो डंपर पॉलिटेक्निक चौराहा की ओर से आ रहा था और वाहन के इंजन से अचानक धुंआ निकलने लगा, जिसे चालक समझ नही सका। चालक और परिचालक डंपर से ही मुआयना करने लगे लेकिन आग अचानक भडक गयी और डंपर धूं-धूं कर जलने लगा, जिसके बाद चालक और परिचालक दोनो ही मौके से भाग निकले। राहगीरों ने पुलिस को घटना की सूचना दी, जिसके बाद दमकल की दो गडियों ने मौके पर पहुंचकर आग पर काबू पाया। आग लगने का कारण इंजन मे शॉट शर्किट का होना माना जा रहा है। थाना कल्याणपुर प्रभारी देवेंद्र कुमार दुबे ने बताया कि उन्हे लोगों द्वारा डंपर में आग लगने की सूचना मिली और मौके पर पहुंचकर पुलिस ने यातायात रूकवाया ताकि कोई राहगीर आग की चपेट में न आये या किसी प्रकार की अप्रीय घटना न हो, वहीं दमकल विभाग को जानकारी गयी। अभी आग लगने के कारण स्पष्ट नही है। नगर निगम अधिकारियों को भी घटना की जानकारी देदी गयी है। आग लगने के सम्बंध में चालक तथा परि चालक से जानकारी ली जायेगी।

## मौसम में बदलाव के कारण अस्पतालों में एलर्जी के मरीजों की संख्या में लगातार हो रही बढोत्तरी



बीपीएस न्यूज

कानपुर। बीते दिनों बढी गर्मी और उसके बाद अचानक हुए मौसम में बदलाव के कारण अस्पतालों में एलर्जी के मरीजों की संख्या में लगातार बढोत्तरी हो रही है। तेज धूप और गर्मी के बाद अचानक बारिश के साथ ओलो का गिरना और ठण्डी हवा चलना उसके बाद फिर तेज धूप का निकलना यह सभी प्रक्रिया लोगों के स्वास्थ को प्रभावित कर रही है। ऐसे में एलर्जी के साथ ही सांस के मरीजों की संख्या में बढोत्तरी हो गयी है। अस्पतालों और मुरारी लाल चेस्ट अस्पताल में भी लगातार संक्रमित मरीजों का आना जारी है।

मौसम में उतार-चढाव के बीच एलर्जी के साथ ही उन मरीजों की संख्या बढी है, जिन्हे सांस की परेशानी है। बीते दिनों खासी गर्मी के बाद लोगों ने मान लिया था कि अब सर्दी नही होगी, लेकिन अचानक ही मौसम में परिवर्तन हो गया और बारिश के साथ ओले तथा सर्द हवाओं ने लोगों को कंपा दिया। मौसम परिवर्तन में जहां लोगों को एलर्जी की शिकायत शुरू हुई तो सांस के लोगों की भी तकलीफे बढ गयी। संक्रमित मरीजों में खांसी, बलगम आना, गले में खराश जैसी समस्या देखने को मिली है। डाक्टरों की माने तो यूं तो मौसम परिर्वन का होता है और ऐसे में संक्रमण बढता है लेकिन अभी हो रहे मौसम के उतार-चढाव के कारण लोगों में तेजी से संक्रमण फैल रहा है। उम्रदराज लोगों के साथ ही युवा और छोटे बच्वें भी एलर्जी की चपेट में आ रहें है। डाक्टर की माने तो थोडा सा भी संक्रमण महसूस होने पर तत्काल डाक्टर से परार्मश ले और सुबह शाम गर्म पानी का सेवन करें तो वहीं अभी ठण्डा पानी और शाम के समय फलों का सेवन न करें। इसके साथ ही सर्दी बढाने वाली खाद् सामग्री जैसे मूली, दही, लस्सी, कोल्डड्रिंक आदि के सेवन से बचे साथ ही घर से निकलते समय मास्क अवश्य लगाये।

## भारतीय सेना के जवानों ने किया रक्तदान





बीपीएस न्यूज

कानपुर। थैलीसीमिया रोगियों को रक्त जीवन अमृत उपलब्ध कराने के लिए भारतीय सेना ने आज वृहद् रक्तदान शिविर का आयोजन किया, शिविर में जवानों ने उत्साह के साथ रक्तदान किया एवं 128 यूनिट रक्तदान हुआ । कैम्प के आयोजक स्टेशन कमांडर ब्रिगेडयर नंदा कुमार के. ने बताया कि सेना द्वारा वर्ष में दो बार रक्तदान शिविर आयोजित किए जाएगा। तथा अगला शिविर नवंबर माह में होगा। कैम्प को सफल बनाने में कॉल . जय संकर , लत . कॉल . जी एम एस खत्री , मेज़ार डॉ. स्पंदन का विशेष योगदान रहा । मेडिकल कॉलेज के प्राचार्य डॉ संजय कला ने टीम को बधाई दी ट्रांसफ्यूजन मेडिसिन विभाग की नोडल अधिकारी डॉ लुबना ख़ान ने कहा की शौर्य एवं प्रक्रम की परिचायक सीमा प्रहरी भारतीय सेना ने रक्तदान का सफल आयोजन कर जनमानस को मानवता का संदेश दिया है। थैलीसीमिया सोसाइटी के श्री बी भट्टाचार्य ने इस अवसर पर सेना का आभार व्यक्त किया।

## एएसपी ने कोतवाली गंगाघाट का किया अर्द्धवार्षिक निरीक्षण



बीपीएस न्यूज

उन्नाव। शुक्लागंज, एएसपी ने कोतवाली गंगाघाट का किया अर्द्धवार्षिक निरीक्षण, थाना परिसर में सलामी गार्द से सलामी ली। प्राप्त जानकारी के मुताबिक शनिवार को पहुचे अपर पुलिस अधीक्षक शशि शेखर सिंह ने कोतवाली गंगाघाट का अर्द्ध वार्षिक निरीक्षण किया है। इस दौरान उन्होंने कोतवाली गंगाघाट परिसर में सलामी गार्द से सलामी ली। इसके अलावा उन्होंने तत्पश्चात थाना कार्यालय, सीसीटीएनएस, महिला हेल्पडेस्क, भोजनालय, मालखाना, शस्त्रागार एवं थाना परिसर का मुआयना किया और कार्यालय में अभिलेखों की प्रविष्टियों को जांच कर संबंधितो को आवश्यक निर्देश दिये है। इसके बाद वह अपने गंतव्य को रवाना हुए।

## जेईई मेन्स के अभ्यार्थी अब यूपीटीटीआई से कर सकेंगे बीटेक

बीपीएस न्यूज

कानपुर। जेईई मेन्स के अभ्यार्थी अब यूपीटीटीआइ से बीटेक कर सकेंगे। इससे पहले एकेटीयू इंजीनियरिंग संस्थानों में दाखिला लेने केर्ि लए संस्थान अपने स्तर पर परीक्षा कराता था। उत्तर प्रदेश् प्रौधोगिकी संस्थान( यूपीटीटीआइ) जो ऐकेटीयू से सम्बद्ध है, अब यहां भी बीटेक के दाखिले जेईई मेन्स से लिए जायेगे। इससे पहले एकेटीयू में बीटेक करने वाले अभ्यार्थियों के प्रवेश के लिए एकेटीयू इंजीनियरिंग संस्थानों में अपने सतर पर परीक्षा कराई जाती थी। चूकिं अब राष्ट्रीय शिक्षा नीति को अमल में लाया गया है, ऐसे में पिछले साल से छात्रों को, जिन्हे अलग-अलग परीक्षा देनी पडती थी अब जेईई मेन्स के माध्यम से इंजीनियरिंग संस्थान में प्रवेश लेने की सहूलियत दी है।

## कूड़े के ढेर में लगी आग की चपेट में आई गैराज, कार, स्कूटर आदि खाक



बीपीएस न्यूज

कानपुर। कानपुर के बिल्हौर में बुधवार की देर रात कूडे के ढेर में आग लग गयी। आग की लपटो की चपेट में पास की गैराज भी आ गयी और वहां खडी कार, स्कूटर सहित अन्य सामान जलकर राख हो गया। आग लगने के बाद स्थानीय लोगों ने सबमर्सिबल की सहायता से आग को काबू करने का प्रयास किया और वह सफल भी रहे।कानपुर के बिल्हौर भगत सिंह नगर में बुधवार की देर रात कूडे के ढेर में अचानक आग लग गयी। जब तक कोई कुछ समझपाता ढेर से लपटे उठने लगी, जिससे पास मे स्थित टीन शेड की गैराज को अपनी चपेट में ले लिया और वहां खडी स्कूटर, कार सहित अन्य सामान जलकर खाक हो गया। लोगों ने बताया कि गैराज सरफराज अहमद अंसारी का है, जिन्हे आग के कारण खासा नुकसान पहुंचा है। आग लगने के बाद स्थानीय लोगों ने पानी डालकर आग को बुझाया लेकिन तब तक गैराज में रखा सामान और वाहन खाक हो चुके थे।

## समाधान दिवस पर अधिकारियों ने जन समस्याएं सुनी, एक का निस्तारण

उन्नाव। शुक्लागंज, गंगाघाट कोतवाली में शनिवार को संपूर्ण समाधान दिवस में प्रशासनिक अधिकारियों ने जन समस्याएं सुनीं और संबंधित विभागों के अधिकारियों को उनके पारदर्शिता के साथ गुणवत्ता़पूर्ण समाधान करने के निर्देश दिए। मौके पर आईं 6 में से एक शिकायत का मौके पर ही निस्तारण कर दिया गया। शनिवार को एडीएम नरेन्द्र सिंह की अध्यक्षता में संपूर्ण समाधान दिवस का आयोजन हुआ, कुल आई 6 शिकायतों में से अधिकतर शिकायतें राजस्व विभाग से संबंधित रहीं। इस मौके पर एडीएम नरेन्द्र सिंह, नायब तहसीलदार, अपर पुलिस अधीक्षक शशि शेखर सिंह, कोतवाल अविनाश सिंह, आदि मौजूद रहे। अधिकारियों ने अधीनस्थ कर्मचारियों को शिकायतों के त्वरित निस्तारण के निर्देश दिए है।

बी पी एस न्यूज
हिन्दी साप्ताहिक

मुद्रक प्रकाशक स्वात्वाधिकारी बुद्ध प्रकाश साहू द्वारा मां प्रिन्टर्स गार्डेन नं. 6-ए/7 रेल बाजार कानपुर नगर से मुद्रित एवं 344- बगाही भट्ठा टी.पी. नगर कानपुर से प्रकाशित। आर.एन.आई. नं. UPHIN/ 2016/ 66740, डाक पंजीयन सं. कानपुर सिटी 304/2021-2023, सम्पादक बुद्ध प्रकाश साहू व्हाट्सअप 9335908846 मो.: 8423454502 email:bps.knp786@gmail.com info@bpsnews.in www.bpsnews.in नोट-समस्त विवादों का न्यायक्षेत्र कानपुर नगर न्यायालय होगा। समाचार पत्र में प्रकाशित समस्त लेखों एवं समाचारों की जिम्मेदारी लेखकों व संवाददाताओं की होगी।